हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

- पीएम मोदी के जन्मदिन पर देशभर में जले आशीर्वाद दीये
- कई शहरों में जन्मदिन पर रक्तदान, सेवा अभियान और दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम

रायपुर में 25 लाख दीयों का विश्व रिकॉर्ड, राज्य में जले डेढ़ करोड़ से ज्यादा आशीर्वाद दीये

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार को राजधानी रायपुर में 25 लाख दीयों के जलाने का विश्व रिकॉर्ड बना। गोल्डन रिकॉर्ड की तरफ से इसका प्रमाणपत्र भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिया गया। इसी के साथ रायपुर के 16 मुख्य स्थानों के साथ ही पूरे शहर में और लाखों आशीर्वाद के दीये जलाए गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 33 जिलों के साथ ही गांवों से लेकर शहरों तक डेढ़ करोड़ से ज्यादा आशीर्वाद के दीये रोशन किए गए। श्री साय राजधानी के तेलीबांधा के मुख्य कार्यक्रम के साथ ही महादेवघाट के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। तेलीबांधा के कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री ने सीएम हाउस से लेकर तेलीबांधा के मुख्य कार्यक्रम स्थल तक रोड शो भी किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ से विशेष लगाव है। यही वजह है एक तो छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त हो गया है और यहां पर विकास की गंगा भी बह रही है। राजधानी के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिरकत की। शाम को पहले ▶▶|शेष पेज 8 पर

तेलीबांधा और महादेवघाट के कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम विष्णुदेव साय

पीएम मोदी के साथ काम करने का मिला सौभाग्य : सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्र सरकार में राज्यमंत्री के रूप में काम करने का मौका मिला। छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात देने का काम हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने किया। छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, उनका विशेष लगाव ▶▶|शेष पेज 8 पर

सीएम हाउस से रोड शो

तेलीबांधा के कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास से एक रोड शो निकाला। यह रोड शो जयस्तंभ चौक पहुंचा। यहां से वापस होकर यह शास्त्री चौक, घड़ी चौक, शहीद भगत सिंह चौक होते हुए तेलीबांधा तालाब पहुंचा।

बड़ा दीया जलाया सीएम ने

तेलीबांधा के मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने बड़ा दीया जलाकर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम प्रारंभ किया। इसके बाद अतिथियों राजीव लोचन महाराज, केदार गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, अखिलेश सोनी, रमेश ठाकुर सहित विभिन्न समाज के प्रमुख लोगों ने भी दीया जलाया।

कहां कितने दीये जले

प्रदेशभर के जिलों में अलग-अलग संख्या में दीये जलाए गए। इसमें राजनांदगांव में 15 लाख, बिलासपुर 10 लाख, धमतरी में 10 लाख, बालोद में 10 लाख, रायगढ़ में 7 लाख, कोरबा 5 लाख, सरगुजा में पांच लाख, महासमुंद में 6 लाख, जशपुर में 2.25 लाख, बस्तर में 2.5 लाख, बीजापुर में दो लाख, कांकेर में 5 लाख, बेमेतरा में 1.5 लाख, जांजगीर-चांपा में 6 लाख, कोंडागांव में एक लाख 11 हजार, नारायणपुर एक लाख 25 हजार, कबीरधाम में 1 लाख 51 हजार, बलरामपुर में 1.50 लाख, गरियाबंद में 10 लाख, दुर्ग में 15 लाख, मुंगेली में पांच लाख, बलौदाबाजार-भाटापारा 11 लाख, दंतेवाड़ा में 1.50 लाख दीये जलाए गए।

वडनगर और काशी से शुरू हुई सेवा संकल्प यात्रा

पीएम मोदी के जन्मदिन पर देशभर में कार्यक्रम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार को देशभर में भाजपा ने उत्सव मनाया। आशीर्वाद दीयों के साथ वडनगर और काशी से सेवा संकल्प अभियान की भी शुरुआत हुई। इस अवसर पर रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, वाराणसी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उज्जैन समेत पूरे मध्य प्रदेश में दीपोत्सव की रोशनी बिखरी। मां शिप्रा की आरती में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन शामिल हुए।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित विश्व के अन्य नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई दी।

गृहमंत्री शाह ने वडनगर में शुरू की 'सेवा यात्रा'

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुजरात के वडनगर में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत वडनगर से वाराणसी तक आयोजित होने वाली सेवा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में 250 बाइकों पर सवार 500 युवा बाइकर्स शामिल हैं।

खबर संक्षेप

प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर में पुनः प्रतिष्ठा समारोह

मदुरै। तमिलनाडु के मदुरै स्थित प्रसिद्ध श्री मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर में गुरुवार को महाकुंभाभिषेक (पुनः प्रतिष्ठा समारोह) का आयोजन वैदिक मंत्रों के उच्चारण और हजारों श्रद्धालुओं की भक्ति के बीच किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस भव्य आयोजन को देखने के लिए मंदिर पहुंचे थे। पुजारियों ने अनुष्ठान किए और मीनाक्षी अम्मन मंदिर के विमानम (शिखर) तथा सुंदरेश्वर स्वामी मंदिर के विमानम पर जल से अभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालु विशाल मंदिर के टावरों के आसपास खड़े होकर समारोह देखते रहे।

गुलमर्ग और गुरेज में हुई मौसम की पहली बर्फबारी

श्रीनगर। कश्मीर के गुलमर्ग और गुरेज के ऊंचाई वाले इलाके बृहस्पतिवार को मौसम की पहली बर्फबारी से सफेद चादर से ढक गए जबकि घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। कश्मीर घाटी के कुछ ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी हुई। उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में गोंडोला फेज-दो और अफरवात क्षेत्र सहित प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग के ऊपरी इलाकों में रात के दौरान बर्फबारी हुई। बर्फ की पतली सफेद परत ने ऊंचाई वाले इलाकों को ढक दिया। सीमावर्ती गुरेज सेक्टर की तुलैल घाटी और काबुली गली में भी बर्फबारी हुई।

नगर पंचायत पुसौर अध्यक्ष और सीएमओ की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश

नपं के आठ भाजपा पार्षदों ने प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

नगरपंचायत पुसौर के 8 बीजेपी पार्षदों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। जैसे ही यह खबर सामने आई राजनीतिक गलियारे में हड़कंप मच गया। एक तरफ गुरुवार को जहां चारों ओर आशीर्वाद का दीया जल रहा था तो दूसरी ओर पार्टी के समर्पित ▶▶|शेष पेज 8 पर

- शहर में मूलभूत बिजली, पानी, नाली, सड़क का भी नहीं हो पा रहा है काम

बीजेपी जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष को भेजा पत्र

नगरपंचायत पुसौर के 8 बीजेपी पार्षदों ने सामूहिक रुप इस्तीफा दे दिया है। पार्षदों ने बीजेपी जिलाध्यक्ष अरुणधर दीवान और मंडल अध्यक्ष को पत्र सौंपा है। हालांकि देर शाम तक इन पार्षदों का इस्तीफा स्वीकार हुआ था या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल पाई थी। दूसरी ओर बीजेपी नेताओं ने इस पार्टी की अंदरुनी मामला और जल्द सामान्य होने की बात कही है।

जूनियर डॉक्टर 21 से हड़ताल पर, ठप रहेंगी प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के शासकीय अस्पतालों में 21 सितंबर से स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो जाएंगी। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने 21 सितंबर से हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। वे स्टायपेंड में लंबे समय से वृद्धि की मांग कर रहे हैं। काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन से लेकर मौन हड़ताल भी उनके द्वारा किया जा चुका है। इसके बाद भी शासन द्वारा किसी तरह का कोई निर्णय ▶▶|शेष पेज 8 पर

मिलते हैं केवल 15 हजार

वर्तमान में जूनियर डॉक्टर को प्रतिमाह केवल 15,900 रुपए की राशि मिलती है। वे इसे बढ़ाकर 30 हजार प्रतिमाह किए जाने की मांग कर रहे हैं। हड़ताल का मुख्य मुद्दा यही है। बॉन्डेड डॉक्टर्स की वेतन वृद्धि, बॉन्ड अमाउंट में कमी, पीजी सलेक्शन पर पूर्व बॉन्ड सर्विस का ▶▶|शेष पेज 8 पर

एनटीए ने जारी की प्रस्तावित तिथि, जेईई-मेन का पहला चरण 22 और 28 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने दिसंबर 2026 से मार्च 2027 तक आयोजित होने वाली परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दिसंबर 2026 से मार्च 2027 तक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। ये तारीखें अस्थायी हैं ▶▶|शेष पेज 8 पर

इन परीक्षाओं का भी प्रस्ताव

इस दौरान जिन अन्य परीक्षाओं के आयोजन का प्रस्ताव है, उनमें नेशनल इनिशिएटिव फॉर टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग पार्ट 1 और 2, आर्मी कैडेट्स कॉलेज परीक्षा, एनआईएफटी प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज परीक्षा, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल परीक्षा, ऑल इंडिया सैनिक स्कूज परीक्षा शामिल हैं।

अगले सत्र से लागू करें छठवीं के लिए त्रि-भाषा नीति

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सीबीएसई से 2027 से शुरू होने वाले अगले शैक्षणिक सत्र से कक्षा छह के छात्रों के लिए दो भारतीय भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करने की नीति लागू करने पर विचार करने को कहा। सीबीएसई के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ को बताया कि बोर्ड इस ▶▶|शेष पेज 8 पर

राज्य सरकार ने किया नियमों में बड़ा बदलाव

परिवहन के बाबू भी अब बन सकेंगे सब इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में दस साल से बाबूगिरी कर रहे लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए उनके सेवाकाल का यह एक सुनहरा मौका हो सकता है। दरअसल राज्य सरकार के परिवहन विभाग ने राज्य में परिवहन उपनिरीक्षक (गैर-तकनीकी) के पदों पर भर्ती और सेवा शर्तों से जुड़े नियमों में बड़ा संशोधन किया है। इसके तहत अब विभाग के लिपिक सब इंस्पेक्टर बन सकेंगे। इस नए आदेश के बाद अब परिवहन ▶▶|शेष पेज 8 पर

अब हुआ है ये बदलाव

परिवहन विभाग की अधीनस्थ तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवा भर्ती नियम, 2008 में संशोधन किया गया है। इसके तहत परिवहन उप-निरीक्षक (गैर-तकनीकी) के कुल 74 पदों के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। 50 प्रतिशत पद लोक सेवा आयोग (पीएससी) के माध्यम से भरे जाएंगे। प्रतिशत पद अन्य माध्यमों से। 15 प्रतिशत पद (पार्श्व ▶▶|शेष पेज 8 पर

ये है पात्रता और अनुभव के नए नियम

खास बात ये है कि इस योजना का लाभ केवल परिवहन विभाग की विभागीय लिपिक वर्गीय सेवा के सदस्यों को ही मिलेगा। पहले इसमें आरक्षक और प्रधान आरक्षकों को भी शामिल किया गया था, जिसे अब संशोधित कर दिया गया है। योजना के तहत पात्रता के लिए यह जरूरी कर दिया गया है कि कर्मचारी ने परिवहन सेवा भर्ती नियम, 2013 की अनुसूची-एक के तहत किसी विभागीय लिपिक वर्गीय सेवा में अपनी परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद कम से कम 10 साल तक स्थाई या स्थानापन्न हैसियत से नियमित सेवा पूरी कर ली हो।

कब से लागू होंगे नियम?

परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव कमलेश बंसोड़ के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश के मुताबिक, ये सभी संशोधन 16 सितंबर 2026 से ही प्रभावशील (लागू) हो गए हैं। इस बदलाव से विभाग के लंबे समय से सेवा दे रहे पात्र लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए सीमित प्रतियोगी परीक्षा के जरिए उप-निरीक्षक बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।



दाम में घुली थोड़ी मिठास, शक्कर अब थोक में 47 रुपए, चिल्हर में 55-60 रुपए

सप्लाई भरपूर, रायपुर में रोज की आवक 150 टन से ज्यादा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शक्कर को लेकर मचे हाहाकार के बाद केंद्र सरकार की कड़ाई और आयात का फैसला करने के बाद अब राजधानी रायपुर के डूमरतराई थोक बाजार में तो शक्कर के दाम 6500 से कम होकर 4650 से 4700 रुपए तक पहुंच गए हैं। इस वजह से चिल्हर में इसे कहीं 55 तो कहीं 60 रुपए में बेचा जा रहा है। इसके बावजूद यह दाम 40 से 50 फीसदी ज्यादा हैं, क्योंकि दो माह पहले दाम चिल्हर में 40 रुपए थे। कारोबारियों के मुताबिक इस समय आवक भी भरपूर हो रही है। रायपुर में रोज 150 टन से ज्यादा शक्कर आ रही है। पूरे प्रदेश में करीब 600 टन शक्कर आ रही है।

हमेशा 40 रुपए से कम रहने वाली शक्कर के दाम ने बीते माह ऐसा भाव खाया कि इसके दाम 70 रुपए तक पहुंच गए। शक्कर के दाम जुलाई से बढ़ने प्रारंभ हुए हैं। जून के अंत में शक्कर के दाम थोक में 38 रुपए थे और चिल्हर में 40 रुपए किलो थे। जुलाई के प्रारंभ में शक्कर के दाम थोक में 39 रुपए से 42 रुपए और चिल्हर में 45 रुपए किलो हुए। इसके बाद इसके दाम में तेजी से इजाफा तब हुआ, जब केंद्र सरकार ने एक अगस्त से स्टॉक की सीमा तय की। अगस्त के प्रारंभ में शक्कर के दाम थोक में 48 रुपए और चिल्हर में 50 रुपए थे। लेकिन इसके बाद अगस्त में ही शक्कर के दाम 17 रुपए तक बढ़े और इसके दाम थोक में 65 और चिल्हर में 70 रुपए हो गए।

अब कम होने लगे दाम

शक्कर के दाम के कारण जब देश भर में हाहाकार मचा तो केंद्र सरकार ने इसको संज्ञान में लेकर शक्कर के कच्चे माल का आयात करने का ऐलान किया। इसके बाद शक्कर की सप्लाई भी अब सामान्य हो गई है और दाम भी कम होने लगे हैं। अब दाम कम होते-होते थोक में तो इसके दाम डूमरतराई के थोक बाजार में 47 रुपए पर आ गए हैं।

चिल्हर में दाम ज्यादा

थोक में तो दाम कम हो गए हैं, लेकिन चिल्हर में ज्यादा राहत नहीं है। कारोबारियों के मुताबिक जो चिल्हर कारोबारी डूमरतराई से शक्कर लेकर आते हैं उनके यहां दाम चिल्हर में 55 रुपए हैं। लेकिन जो गुढ़ियारी या फिर शहर के सेमी होलसेलरों से लेकर आते हैं, उनको अपनी दुकान तक पहुंचकर शक्कर 55 से 56 रुपए में पड़ती है, ऐसे में 60 रुपए से कम में बेचना संभव नहीं होता है।

दाम कम

शक्कर की आवक अब भरपूर होने लगी है, इसी के साथ दाम भी अब लगातार कम हो रहे हैं। इस समय थोक कारोबारियों को शक्कर 4613 रुपए में मिल रही है तो ये 4650 में बेच रहे हैं।

प्रेम पाहूजा, अध्यक्ष, थोक बाजार डूमरतराई

राउरकेला में कवि राजेश जैन हुए सम्मानित

रायपुर। हिंदी दिवस के अवसर पर संकल्प संस्थान राउरकेला (ओडिशा) द्वारा 14 सितंबर को विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कवि राजेश जैन राही को संकल्प साहित्य शिरोमणि सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तीन पुस्तकों का भी विमोचन किया गया, जिसमें वर्षा कादमावाला वारि का पहले काव्य संग्रह 'मन की उजली धूप', हिंदी ग़ज़ल और कृष्ण कुमार प्रजापति संपादन डॉ अनिरुद्ध सिन्हा, मधुकर मिश्र की प्रतिनिधि ग़ज़लें संपादन डॉ कृष्ण कुमार प्रजापति है।

26 ट्रेनों से बदले पुराने कोच, अब नए एलएचबी डिब्बे में ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक यात्रा

आधुनिक कोच में बढ़ी यात्री क्षमता, कन्फर्म बर्थ मिलने की संभावना भी अधिक

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रेल यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ट्रेनों में पुराने आईसीएफ कोच की जगह आधुनिक एलएचबी कोच लगाए जा रहे हैं। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 26 ट्रेनों के 34 रैक में एलएचबी कोच की सुविधा दी जा रही है। आधुनिक तकनीक और मजबूत संरचना से तैयार इन कोच से यात्रियों की संरक्षा के साथ सुविधा में भी सुधार हुआ है। एलएचबी कोच की डिजाइन यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इनमें बेहतर सस्पेंशन प्रणाली होने से सफर के दौरान झटके और कंपन अपेक्षाकृत कम महसूस होते हैं। साथ ही आधुनिक संरचना और बेहतर स्थिरता के कारण ये कोच तेज गति से रेल परिचालन के लिए भी उपयुक्त हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बिलासपुर-भगत की कोठी, बिलासपुर-बीकानेर, बिलासपुर-बक्सर, बिलासपुर-एर्णाकुलम, बिलासपुर-चेन्नई, बिलासपुर-पुणे, रायपुर-कोरबा, बिलासपुर-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्क क्रांति, दुर्ग-जम्मूतवी, दुर्ग-नौतनवा, दुर्ग-कानपुर, दुर्ग-अजमेर, दुर्ग-उधमपुर, दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी, कोरबा-इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर-नागपुर इंटरसिटी, बिलासपुर-रीवा, बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, बिलासपुर-येलहंका, दुर्ग-अंबिकापुर और अंबिकापुर-शहडोल ट्रेनों में एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध है।

एलएचबी कोच की खासियत इनकी अधिक यात्री क्षमता भी है। आईसीएफ स्लीपर कोच में 72 बर्थ की तुलना में एलएचबी स्लीपर में 80 बर्थ उपलब्ध हैं। इसी तरह आईसीएफ एसी-3 में 64 की जगह एलएचबी एसी-3 में 72 बर्थ, जबकि आईसीएफ एसी-2 में 46 की तुलना में एलएचबी एसी-2 में 62 बर्थ हैं। इससे अधिक यात्रियों को बर्थ उपलब्ध कराने में मदद मिलती है और कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना भी बढ़ती है।

1999 में भारतीय रेलवे में शामिल हुए एलएचबी कोच

एलएचबी कोच का नाम जर्मनी की कंपनी लिंक हॉफमैन बुश के नाम पर पड़ा है। भारतीय रेलवे में इन कोचों को वर्ष 1999 में शामिल किया गया था। वर्तमान में इनका निर्माण कपूरथला स्थित रेलवे कोच फैक्ट्री में किया जाता है। आधुनिक डिजाइन, मजबूत संरचना, बेहतर सस्पेंशन और अधिक यात्री क्षमता के कारण भारतीय रेलवे में इनका उपयोग लगातार बढ़ाया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा भी यात्रियों की संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक तकनीक और सुविधाओं को अपनाया जा रहा है। एलएचबी कोच इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक रेलयात्रा उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है।

खबर संक्षेप

नुआखाई जुहार और सम्मान समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

रायपुर। गांड़ा समाज के प्रमुख लोकपर्व नुआखाई के पावन अवसर पर गांड़ा महिला महामंच द्वारा आगामी 20 सितंबर को राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित "नुआखाई जुहार" समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका को समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर ससम्मान आमंत्रित किया। गांड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल रामेन डेका से सौजन्य भेंट की तथा उन्हें नुआखाई पर्व की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक महत्ता से अवगत कराया। मुलाकात करने वाले समाज के प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से गांड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती जगत, समाज के मुखिया रघुचन्द निहाल, बसंत बाघ एवं संजय सोनी शामिल थे।

वर्सी महोत्सव पर लगेगा रक्तदान शिविर

रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदासराम राम साहेब का 35वां वर्सी महोत्सव तीन दिवसीय 14 से 16 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से व देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी व जलगांव धाम के महंत साई देवीदास के सानिध्य में होगा। कार्यक्रम के दौरान गोदड़ीवाला प्राथमिक पाठशाला के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा और विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर तथा ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया जाएगा, तीनों दिन अनेक कार्यक्रम होंगे। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरी इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, अनिल तुल्यानी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां इन दिनों जोरों पर हैं।

अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डूमरतराई में विद्यार्थियों के लिए तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने ओजोन परत का महत्व, ओजोन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर पूरे जोश और उत्साह के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य आरएन त्रिवेदी, रीना सिंह, डॉ.रितु श्रीवास्तव, अर्चना उपाध्याय एवं प्रदीप चौहान सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

उदंती से हटाए गए 262 एकड़ से कब्जे, 166 पर केस, चालान पेश

20 साल में यहां एक लाख पेड़ काटे जा चुके हैं, 3000 एकड़ पर हो चुका था कब्जा, अब तक ढाई हजार एकड़ कब्जामुक्त

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

उदंती अभयारण्य के कोर एरिया में कब्जाधारियों की संख्या चौंकाने वाली हैं। यहां 20 साल में धीरे धीरे एक लाख पेड़ों की बलि चढ़ाकर कब्जाधारियों ने तकरीबन 3000 एकड़ पर कब्जा कर लिया। इनको खदेड़ने वन विभाग ने अभियान चलाया है और हाल ही 262 एकड़ से कब्जेधारियों को खदेड़ा गया। इस मामले में 166 के खिलाफ केस बनाया गया। चालान भी पेश कर दिया गया है। आंकड़ो के अनुसार लंबे समय से चल रहे अभियान में अब तक कुल ढाई हजार एकड़ को कब्जे से मुक्त कराया जा चुका है, लेकिन अभी भी 500 एकड़ पर कब्जा बना हुआ है।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन के अनुसार अतिक्रमणकारियों ने भू-माफियाओं की मदद से सीतानदी के कोर क्षेत्र में पेड़ों की कटाई कर जंगल में अवैध कब्जा किया था। जिस इलाके को कब्जा मुक्त कराया गया है वह इलाका हाथी कॉरिडोर का एक प्रमुख हिस्सा है। यह महानदी के उद्गम क्षेत्र के बिल्कुल नजदीक है। इस क्षेत्र में इंसानी दखल बढ़ने से वन्यजीवों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा बढ़ गया था। प्रभावित क्षेत्र के नजदीकी गांव घुरावाड़, बरबांधा और भुरसीडोंगरी के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने में वन विभाग की टीम का सहयोग किया।

ऐसे चिन्हांकित किए अतिक्रमण

अतिक्रमित वनभूमि को चिन्हांकित करने के लिए वन विभाग की टीम ने इसरों के सेटेलाइट इमेज के अलावा डिफरेंट ग्लेबल पोजिशन सिस्टम (डीजीपीएस) तकनीक का उपयोग किया। डीजीपीएस एक ऐसी तकनीक है जो सामान्य जीपीएस की लोकेशन सटीकता को मीटरों से सुधारकर सेंटीमीटर स्तर तक ले आती है। यह कोई अलग सैटेलाइट सिस्टम नहीं है, यह जीपीएस सिग्नलों में आने वाली त्रुटियों को दूर करने की एक करेक्शन तकनीक है। इसमें मुख्य रूप से दो रिसीवर होते हैं एक बेस स्टेशन जो एक निश्चित और ज्ञात स्थान पर लगाया जाता है, और दूसरा रोअर जिसे लेकर सर्वेक्षक घूमते हैं।

45 हेक्टेयर से पहुंचा 106 हेक्टेयर

यूएसटीआर के जिस कोर एरिया को बेजा कब्जा मुक्त कराया गया है, उस क्षेत्र में वर्ष 2006 के पूर्व अवैध कब्जे का खेल चल रहा था। कोर एरिया में वर्ष 2013 तक 45 हेक्टेयर पर अवैध कब्जा था, जो बढ़कर 106 हेक्टेयर (262 एकड़) तक पहुंच गया था। जिस वनभूमि को बेजा कब्जा मुक्त कराया गया है, वह काफी संवेदनशील इलाका है। इससे आने वाले दिनों में मानव वन्यजीव द्वंद्व बढ़ने की आशंका थी।

एक लाख से ज्यादा पेड़ों की कटाई

वनभूमि में कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों ने यूएसटीआर के कोर एरिया में एक लाख से ज्यादा पेड़ों की कटाई की है। वनभूमि को अतिक्रमणमुक्त कराए जाने के बाद विभाग ने इकोलॉजिकल रेस्टोरेशन का काम शुरू कर दिया है। खाली कराए गए वन भूमि में कंटूर ट्रेंच का निर्माण कर वर्षाजल का संचय के साथ मिट्टी की संरक्षण कर महानदी बेसिन में जल संरक्षण एवं भू-जल पुनर्भरण करने का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा डेढ़ हजार पौधारोपण किया गया है।

आश्वासन के बावजूद जल जीवन मिशन का भुगतान 3 साल से अटका

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

जल जीवन मिशन के तहत काम कर रहे ठेकेदारों के भुगतान का मामला एक बार फिर गरमा गया है। छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जल जीवन मिशन के संचालक आर. एक्का से मुलाकात कर लंबे समय से लंबित भुगतान सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। एसोसिएशन का दावा है कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत काम करने वाले ठेकेदारों का करीब 3 हजार करोड़ रुपए का भुगतान लंबित है और कई ठेकेदार पिछले तीन वर्षों से भुगतान का इंतजार कर रहे हैं।

कांट्रेक्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेश शुक्ला के अनुसार, जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के करीब 26 हजार गांवों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। भुगतान लंबित होने के कारण ठेकेदारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि भुगतान की समस्या को लेकर ठेकेदारों ने कई बार शासन और विभाग का ध्यान आकर्षित किया है। ठेकेदारों ने नीर भवन का घेराव और विधानसभा घेराव भी किया। इसके अलावा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर समस्या रखी गई तथा प्रमुख सचिव को पत्र सौंपा गया। मुख्यमंत्री और जल जीवन मिशन के पूर्व मिशन संचालक को भी पत्रों और बैठकों के माध्यम से समस्या से अवगत कराने की बात एसोसिएशन ने कही है। एसोसिएशन के अनुसार राज्यपाल को भी इस संबंध में पत्र दिया गया, लेकिन इसके बावजूद लंबित भुगतान की समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है।

5 अक्टूबर को होगी बैठक

कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने बैठक कर भुगतान से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विभाग को 15 दिन का समय दिया है। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे आगामी 5 अक्टूबर को फिर मिशन संचालक से मुलाकात करेंगे और तब तक भुगतान तथा अन्य लंबित मामलों में हुई कार्रवाई की जानकारी लेंगे।

ईवीएम प्रबंधन, चुनावी डेटाबेस साझा करने और समय पर चुनाव कराने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राज्य निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटलनगर स्थित कार्यालय में गुरुवार को राज्य निर्वाचन आयुक्तों की स्थायी समिति की अहम बैठक हुई। 32वें अखिल भारतीय राज्य निर्वाचन आयुक्त सम्मेलन के तहत हुई इस बैठक में विभिन्न राज्यों के निर्वाचन आयुक्तों ने स्थानीय निकाय चुनावों को और अधिक सुगम, निष्पक्ष, आधुनिक तकनीक से लैस एवं समय पर कराने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।

बैठक में स्थायी समिति द्वारा बनाई गई तीन उप-समितियों के कामकाज की प्रगति पर चर्चा की गई।

हाईकोर्ट से भूपेश को झटका, चुनाव याचिका के खिलाफ अर्जी खारिज

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

प्रदेश के पाटन विधानसभा चुनाव से जुड़े मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से दायर आवेदन को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। पाटन विधानसभा से बतौर भाजपा प्रत्याशी चुनाव हारने के बाद विजय बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए चुनाव याचिका दायर की है। इस चुनाव याचिका को खारिज करने भूपेश ने हाईकोर्ट में आवेदन लगाया था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से चुनाव याचिका को शुरुआती स्तर पर खत्म करने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 7 नियम 11 के तहत आवेदन पेश किया गया था। हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री के आवेदन को खारिज कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से चुनाव याचिका को प्रारंभिक स्तर पर ही खारिज करने की मांग करते हुए सिविल प्रक्रिया संहिता की

धारा 11 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 86(1) के तहत आवेदन पेश किया गया था। कोर्ट ने इस आवेदन पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश के लिए गुरुवार 17 सितंबर की तिथि तय की थी। आज कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आवेदन को खारिज कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब याचिकाकर्ता विजय बघेल की चुनाव याचिका पर सुनवाई आगे बढ़ेगी। जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच में 10 सितंबर को चुनाव याचिका की सुनवाई हुई थी। इस दिन याचिकाकर्ता सांसद विजय बघेल और उनके गवाह सौरभ दुबे अपने साक्ष्य दर्ज कराने के लिए व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित हुए थे। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से दाखिल

भूपेश की ओर से 9 सितंबर को दाखिल किया गया था आवेदन

18 अगस्त 2026 को पक्षकारों के अधिवक्ताओं की मौजूदगी में मामले को 10 सितंबर को चुनाव निर्धारित किया गया था। विजय बघेल और सौरभ दुबे कोर्ट पहुंचे। सुनवाई शुरू होने पर पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से अधिवक्ता ने बताया कि 9 सितंबर को सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश सात नियम 11 तहत आवेदन दाखिल किया गया है। इसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की 86(1) का हवाला दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से आवेदन पेश किए जाने के बाद चुनाव याचिकाकर्ता की ओर से उसी दिन उसका जवाब दाखिल कर दिया गया। दोनों पक्षों की सहमति से हाईकोर्ट ने आवेदन पर तत्काल बहस सुनी। भूपेश बघेल की ओर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिवक्ता मयंक जैन उपस्थित हुए, उनके साथ अन्य अधिवक्ताओं ने भी पैरवी की। चुनाव याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता टीके झा के साथ अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा।

पचपेड़ीनाका से रायपुरा तक हाईवे से कई जगह के ग्रिल गायब

रायपुर। राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका से रायपुरा तक हाईवे पर गाड़ियों की सुरक्षा के लिए ग्रिल लगाए गए हैं, वहीं रोड को हरा-भरा रखने एवं सौंदर्यीकरण के लिए ओवरब्रिज के बीचो-बीच डिवाइडर पर पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों की सुरक्षा के लिए भी दोनों तरफ लोहे के ग्रिल लगाए गए हैं, लेकिन देखरेख के अभाव में अज्ञात चोर अब ग्रिल को ही काटकर ले जा रहे हैं। हरिभूमि ने सोमवार को इस रोड की लाइव पड़ताल की। जहां इस रोड पर कहीं-कहीं ग्रिल ही गायब मिले। इससे पता चला कि चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि अब वे हाईवे रोड पर लगे ग्रिल काटकर भी ले जा रहे हैं। पचपेड़ीनाका से रायपुरा के बीच की दूरी 6.7 किलोमीटर है। इस हाईवे पर चार जगह ओवरब्रिज भी बने हुए हैं। इन सभी ब्रिज के दोनों तरफ चढ़ने एवं उतरने वाले रास्तों के किनारे-किनारे लोहे की ग्रिल लगाई गई हैं। ये ग्रिल वाहन सवार लोगों की सुरक्षा के लिए लगाई गई हैं, क्योंकि इस ग्रिल के बाद नाला बना हुआ है।

एनआरडीए की जमीन पर मुरुम का अवैध खनन, गड्ढे भरने अब लाखों-करोड़ों खर्च किए जा रहे

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नया रायपुर स्थित सेक्टर-16 में मुरुम माफिया गिरोह ने शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाया है। माफिया द्वारा अवैध तरीके से मुरुम का जमकर खनन और परिवहन कराकर शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया गया है। वहीं दूसरी ओर अवैध खनन के कारण यहां खाईनुमा हो चुके गड्ढों को पाटने का काम किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इन गड्ढों को पाटने के लिए एनटीपीसी रायगढ़ से फ्लाई एश मंगाई जा रही है। रोजाना दर्जनों ट्रक से डस्ट की ढुलाई हो रही है और इन गड्ढों को पाटने का काम चल रहा है। इस काम में भी लाखों-करोड़ों रुपए खर्च होने का अनुमान है, क्योंकि एक टन डस्ट की कीमत लगभग 6 से 7 सौ रुपए है। इस तरह खाईनुमा गड्ढों को भरने के लिए लगभग दो लाख टन डस्ट लगने की संभावना जताई जा रही है।

50 एकड़ जमीन को खोदकर बेच चुके करोड़ों की मुरुम

एनआरडीए की जमीन को खनन माफिया 40 से 50 फीट तक गहरा खोदकर यहां से मुरुम

निकालकर बेच चुके हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि बेची गई मुरुम की कीमत लाखों में नहीं, बल्कि करोड़ों में है। इस तरह माफिया एनआरडीए, खनिज, राजस्व अफसरों की नाक के नीचे अवैध रूप से मुरुम की खुदाई कराते रहे।

नवा रायपुर में रात के समय में मुरुम का अवैध खनन का काम चलता रहा। जिला पंचायत की एक सदस्य ने हाल ही में सामान्य सभा की बैठक में नवा रायपुर में अवैध मुरुम खनन का मुद्दा भी उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि नवा रायपुर में रात के समय में मुरुम का जमकर खनन किया जा रहा है। इसकी कई बार शिकायत भी की गई है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। डस्ट की कीमत को लेकर जानकारी मिली है कि प्रति टन डस्ट 6 से 7 सौ रुपए है। अब तक लगभग इन गड्ढों को पाटने दो हजार टन डस्ट गिराई जा चुकी है, वहीं गड्ढों को भरकर समतल करने में लगभग 2 लाख टन डस्ट लगने की संभावना है। इस हिसाब से 2 लाख टन डस्ट की कुल कीमत लगभग 10 से 12 करोड़ होगी। इसका खर्च किसके द्वारा किया जा रहा है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन इस खर्च से कहीं न कहीं शासन को जरूर बड़ा नुकसान होने की आशंका है।

शिकायत मिली तो कराएंगे जांच

सेक्टर-16 में हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पास अवैध मुरुम खनन से संबंधित शिकायत आने पर इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

- राजेश मालवे, उपसंचालक, खनिज विभाग रायपुर

जिस जमीन पर अवैध खुदाई, वहां बनना है साइंस सिटी सेंटर

नया रायपुर के सेक्टर-16 में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के ठीक बगल स्थित जमीन भी एनआरडीए की है। इस जमीन पर लगभग 300 करोड़ रुपए की लागत से साइंस सिटी सेंटर बनना है। इसके लिए एनआरडीए ने करीब 40 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई है। इसी जमीन पर माफिया अवैध रूप से मुरुम का खनन कराकर शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगा चुके हैं। हैरानी की बात ये है कि इस जमीन पर पिछले दो-तीन साल से मुरुम का अवैध खनन किया जा रहा था, जिसकी कई बार शिकायतें भी खनिज विभाग से लेकर प्रशासन, शासन के हेल्पलाइन नंबर पर भी की गई है। इसके बाद भी न ही अवैध खनन पर अंकुश लग पाया और न ही अवैध खनन कराने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। स्थिति यह है कि अब अवैध खनन के कारण खाईनुमा गड्ढों में तब्दील हो चुकी जमीन को समतल बनाने के लिए उसे डस्ट से पाटा जा रहा है।

बिलासपुर
शुक्रवार 18 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी
वर्ष : 26, अंक : 178
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 33.4
न्यूनं. 26.2

haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों के राशन पर डाका, 250 सदस्यों का ई-पॉश में अंगूठा लगवाने के बाद कर दिया गायब

धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत साजापाली के एक मोहल्ले में बसे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों 63 पहाड़ी कोरवा परिवार के करीब 250 सदस्यों का सरकारी राशन गायब हो गया है। यह कारनामा किया है वहां की सरकारी राशन दुकान चलाने वाले महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष, सचिव और दो विक्रेताओं ने। बीते अगस्त महीने के ई-पॉश में इन पहाड़ी कोरवाओं का अंगूठा तो लगवा लिया गया, लेकिन उनको राशन नहीं दिया गया।

धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत साजापाली की राशन दुकान में हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

खास खबर

इस मामले का तब खुलासा हुआ जब पुसौर के फूड इंस्पेक्टर चूड़ामणि सिदार ने जांच की। यहां करीब 196 राशन कार्डधारियों को अंगूठा लगवाने के बाद राशन दिया नहीं दिया गया है। साजापाली में कुल 509 राशन कार्डधारी हैं। जांच में 219.82 क्विंटल चावल, 8.57 क्विंटल शक्कर और 4.82 क्विंटल नमक की हेराफेरी सामने ▶▶|शेष पेज 8 पर

- महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष, सचिव, वर्तमान व पूर्व विक्रेता के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज
- समूह की दो महिलाओं सहित 3 को धरमजयगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

अंगूठा लगवाकर राशन नहीं दिया

196 कोर्डधारियों का ई-पॉश में अंगूठा लगवाने के बाद भौतिक रुप से राशन नहीं दिया गया था। इसमें करीब 63 कोरवा परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। करीब 9 लाख 86 हजार 196 रुपए के राशन हेराफेरी का मामला सामने आया है। संचालन एजेंसी के अध्यक्ष, सचिव, वर्तमान और पूर्व विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

-चूड़ामणि सिदार, फूड इंस्पेक्टर, जांच अधिकारी

समाज का विक्रेता और समाज के अध्यक्ष का गांव

जानकारी मिली है कि ग्राम साजापाली राशन दुकान का वर्तमान विक्रेता विजय कुमार कोरवा, कोरवा समाज का ही है। इसके बाद भी अपने समाज के सदस्यों का राशन डकार गया। खास बात यह है कि वह गांव का उप सरपंच भी है। ऐसे में राशन पर डाका समाज के साथ गांव के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है। इतना ही नहीं यहां कोरवा समाज का अध्यक्ष भी इसी गांव में रहता है। इसके बाद भी कोरवा समाज के सदस्यों को राशन के लिए भटकना पड़ता है।

जिले में करीब 115 पहाड़ी कोरवा परिवार

जिले में करीब 115 पहाड़ी कोरवा परिवार निवासरत हैं। धरमजयगढ़ के अलावा लैलूंगा और तमनार के किसी गांव में कुछ परिवार रहते हैं। हालांकि मूल रुप से धरमजयगढ़ में ही कोरवा परिवारों की संख्या ज्यादा है। इन परिवार के लिए शासन करोड़ों खर्च करती है, लेकिन हालात आज भी कुछ खास सुधरा नहीं है।

27 फरार लोगों के खिलाफ चलेगा मुकदमा

विरल से विरलतम मामला इसलिए फांसी कोर्ट ने माना- साजिश रचकर नरसंहार

25 मई 2013 की वह शाम भारतीय लोकतंत्र और छत्तीसगढ़ के इतिहास का काला पन्ना साबित हुआ। देश के सबसे भीषण और जघन्य राजनीतिक हमले 'झीरम घाटी नरसंहार' को माओवादियों ने महज एक वारदात की तरह नहीं, बल्कि एक बेहद सोची-समझी सैन्य रणनीति के तहत अंजाम दिया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट, खुफिया इनपुट्स और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से इस खूनी साजिश की जो परतें खुली हैं वे आज भी रोंगटे खड़े कर देती हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

इस सबसे बड़े झीरमघाटी नक्सल नरसहांर में गिरफ्तार सभी 10 दोषियों को मृत्युदण्ड के साथ ही 50 रूपए का अर्थदण्ड भी लगाया गया है। न्यायालय ने मामले को विरलतम से विरल की श्रेणी में मानते हुए मौत की सजा सुनाई है। विशेष एनआईए कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि विवेचना से स्पष्ट होता है कि घटना को अंजाम देने से पूर्व रेकी कर रिहर्सल किया गया था जिससे स्पष्ट होता है कि पूरी घटना पूर्व नियोजित ढंग से आशयपूर्वक की गई थी। कोर्ट ने इस मामले में 27 लोगों को फरार घोषित किया है। इनमें से कुछ मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। अब जैसे-जैसे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें पेश किया जाएगा उन पर मुकदमा चलेगा और मारे गए या मृत लोगों के बारे में थाने से रिपोर्ट मांगकर उनके नाम के केस का खात्मा होगा।

अदालत ने कहा है कि घटना दिनांक 25 मई 2013 को कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन यात्रा सुकमा से जगदलपुर की ओर प्रस्थान की थी जब काफिला झीरमघाटी के पास पहुंची तब घटनास्थल के पास एक तरफ पहाड़ी तथा दूसरी ओर खाई थी। परिवर्तन यात्रा को रोकने के लिए विस्फोटक पदार्थ का उपयोग कर पेड़ों की कटाई कर रास्ता जाम कर पहाड़ के उपर से गोली बारी की गई थी। इस दौरान मृतकों को नजदीक से गोली मारी गई है। इन गाड़ियों में 206 बुलेट मारे गए है। विवेचना से साफ होता है कि घटना को अंजाम देने से पूर्व रेकी कर रिहर्सल किया गया था जिससे स्पष्ट होता है कि पूरी घटना पूर्व नियोजित ढंग से आशयपूर्वक की गई थी। ▶▶|शेष पेज 8 पर

कानूनी जंग और फैसले पर हरिभूमि लगातार...

झीरम नरसंहार पर 10 को मृत्युदंड
नक्सल हत्या में पहली बार फांसी की सजा

- झीरम कांड के सभी दोषियों को 27 लोगों की हत्या पर मृत्युदण्ड के साथ 50 रुपए का अर्थदण्ड
- अलग अलग धाराओं में दिया गया कठोर कारावास का दण्ड
- हाईकोर्ट से दण्डादेश के निष्पादन के बाद सभी आरोपियों को मृत्यु होने तक फांसी पर लटकाने की मिली सजा

झीरम हमले में शामिल अब भी 27 फरार

एनआईए कोर्ट ने झीरमघाटी हमले में अब भी 27 आरोपियों को फरार घोषित किया है। इनमें सोमा सोढ़ी उर्फ सुरेन्द्र उर्फ सुरिन्दर, बारसे सुक्का उर्फ देवाउर्फ देवन्ना, सप्पो हुंगा उर्फ विनोद, जयलाल मण्डावी, कुम्मे मोडियाम, पिप्पीरी तिरूपति उर्फ देवजी, पाका हनुमंथ उर्फ गणेश उईके, वैुगुला अरूणा उर्फ माधवी उर्फ माधवक्का, मोडियम रमेश उर्फ लच्छु, तेलाम आयतु उर्फ आयतु डोड़ी, गीता पुनेम उर्फ गीता पोटाम, मंगली कोसा, मड्डा मड़कामी, सन्नु वेट्टी, भगत हेमला उर्फ बदरू, कामेश कवासी, कोरसा सन्नी उर्फ सन्नी कोरसाम, कोरसा सन्नु, सोमी पोट्टाम उर्फ सोनी पोट्टाम, कुरसाम सन्नी उर्फ कोसी उर्फ लच्छी, लक्खू पुनेम उर्फ गंगा पुनेम, कोरसा लक्खू, बदरू मोडियाम उर्फ मंगतु, सरिता काकेम उर्फ मिटकी, कुम्मा गोंदे उर्फ गुड्डु, हेमला मासा उर्फ संजय, तथा कवासी बदरू उर्फ सुखराम उर्फ गद्दाम बदरू शामिल है। हालाकिं इन नक्सलियों में कुछ की मुठभेड़ में मौत हो चुकी है।

शहरों में श्रमिक सुविधा केंद्र, ई रिक्शा खरीदने पर एक लाख की मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्वकर्मा जयंती पर राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रमिकों के लिए तीन बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने शहरों में काम की तलाश में पहुंचने वाले श्रमिकों के लिए आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र बनाने, पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई-बाइक सहायता योजना और असंगठित क्षेत्र के रिक्शा चालकों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए मिलने वाली सहायता ▶▶|शेष पेज 8 पर

- 100 श्रमिक दीदियों को मिली ई-रिक्शा की चाबी, मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

रिक्शा चालकों की सहायता दोगुनी

असंगठित क्षेत्र के रिक्शा चालकों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए दी जाने वाली सहायता राशि 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दी गई है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत ▶▶|शेष पेज 8 पर

श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाएगी सरकार

मुख्यमंत्री ने श्रमिक परिवारों के प्रतिभावान बच्चों की शिक्षा को लेकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा पाने वाले बच्चों की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है। दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट ▶▶|शेष पेज 8 पर

नया पंजीयन कार्ड और वेबसाइट लॉन्च

मुख्यमंत्री ने नवीन उपकर कटौती वेबसाइट का शुभारंभ किया तथा पीवीसी और क्यूआर कोड युक्त नए श्रमिक पंजीयन कार्ड का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल प्रशासनिक सुविधा के साथ श्रमिकों की जिंदगी आसान बनाने के लिए होना चाहिए। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री और हजारों श्रमिकों ने 'आशीर्वाद का दीया' भी जलाया।

श्रमिकों के लिए बनेंगे आधुनिक सुविधा केंद्र

शहरों में रोजगार की तलाश में अलग-अलग स्थानों पर एकत्र होने वाले श्रमिकों के लिए सर्वसुविधायुक्त आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र बनाए जाएंगे। इन केंद्रों में बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग सहित जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, इससे काम की तलाश में शहर आने वाले श्रमिकों को सम्मानजनक और सुविधाजनक स्थान मिलेगा। इसके साथ ही प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर काम पर जाने वाले पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई-बाइक सहायता योजना शुरू करने की घोषणा की गई।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

12 घुसपैठियों को प्रवेश करने से रोका

गुवाहाटी। असम में 12 विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने से रोक दिया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य को 'जनसांख्यिकीय घुसपैठ के खतरे' से सुरक्षित रखने के लिए असम पुलिस की सराहना की। शर्मा ने एक पोस्ट में कहा, नजरें पूरी तरह सतर्क, कार्रवाई तेज! उनकी गतिविधियों पर नजर रखते हुए असम पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से असम में 12 घुसपैठियों के अवैध प्रवेश को रोक दिया और इस तरह हमारे राज्य को जनसांख्यिकीय घुसपैठ के खतरे से सुरक्षित रखा। हालांकि, उन्होंने मूल देश जैसी जानकारी साझा नहीं की।

रूसी तेल पर अमेरिकी बैन बिल पास, भारत पर 100% टैरिफ का खतरा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका में रूस पर शिकंजा कसने की तैयारी अब भारत के लिए भी नई चुनौती बन सकती है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने वाले अहम विधेयक को 262-159 मतों से मंजूरी दे दी है। अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर होते ही यह कानून बन सकता है। ऐसे में रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदने वाले भारत पर भी इसका सीधा असर पड़ने की आशंका है।

- भारत-चीन के साथ कई देशों पर लग सकता है अधिक टैरिफ

भारत ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

भारत सरकार ने यूएस के रूस और ईरान पर नए प्रतिबंधों वाले कानून के पास होने का संज्ञान लिया है। भारत ने कहा है कि वह इस मामले में आगे होने वाले घटनाक्रम पर नजर रख रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है, भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए अलग-अलग देशों से तेल और गैस खरीदना जारी रखेगा और बाजार में बदलाव के हिसाब से फैसले लेगा। भारत ने कहा कि इस मुद्दे पर हाल के महीनों में अमेरिकी अधिकारियों के साथ उच्च स्तर पर बातचीत हुई है। भारत ने अमेरिका को यह भी बताया है कि इन प्रतिबंधों का असर सिर्फ भारत-अमेरिका संबंधों पर नहीं, बल्कि पूरे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर पड़ सकता है।

क्या करना चाहता है अमेरिका?

अमेरिका इस विधेयक के जरिए यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों पर आर्थिक दबाव बढ़ाना चाहता है। इसका मकसद रूस की ओर से प्रतिबंधों को पार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शैडो फ्लीट (गोपनीय टैंकरों के बेड़े) पर लगाम कसना है। यह कानून अमेरिकी राष्ट्रपति को रूस से कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस खरीदने वाले प्रमुख देशों पर 100% तक आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का कानूनी अधिकार देता है। रूसी ऊर्जा खरीदने वाले 10 देशों को चिह्नित किया गया है।

उधमपुर में आतंकवाद रोधी अभियान

जैश से जुड़े दो आतंकी मार गिराए, हिरासत में संदिग्ध

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के वन क्षेत्र में जारी आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान पाकिस्तान के जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया गया और आतंकवादियों के एक संदिग्ध मददगार को हिरासत में लिया गया है। लगातार हो रही बारिश के बावजूद मजालता के ब्रातेल सोआन और खुब्बन इलाकों में सेना, पुलिस एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का संयुक्त अभियान जारी है।

पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह

अधिकारियों ने कहा कि मारे गए दोनों आतंकवादियों के पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है। मुठभेड़ स्थल से अमेरिका निर्मित 'एम4 कार्बाइन' और एक 'एके असॉल्ट राइफल' समेत भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

पीएम मोदी करेंगे अध्यक्षता

केंद्रीय मंत्रियों की 'चिंतन बैठक' 23 और 24 को

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शासन और नीति-निर्माण से जुड़े प्रमुख पहलुओं पर चर्चा करने तथा सुधारों पर विशेष ध्यान के लिये अगले सप्ताह केंद्रीय मंत्रिमंडल के साथ दो दिवसीय 'चिंतन बैठक' की अध्यक्षता करेंगे। 23 और 24 सितंबर को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। बैठक में शासन और नीति निर्माण से जुड़े अहम पहलुओं पर चर्चा होगी।

विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

'चिंतन बैठक' में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। प्रस्तुतियों में नीति निर्माण की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और परिणामदायी बनाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। बैठक में सरकारी योजनाओं की प्रगति, नीतियों के क्रियान्वयन, समय प्रबंधन पर चर्चा हो सकती है।

स्वास्थ्य मंत्रालय का प्रस्ताव

दवा दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना होगा अनिवार्य

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं की बिक्री पर निगरानी मजबूत करने के लिए दवा नियमावली, 1945 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत दवा की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया जा सकता है। संशोधन का उद्देश्य अनुसूची एच, एच1 और एक्स में शामिल दवाओं की बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के अनधिकृत बिक्री और उन तक अनधिकृत पहुंच को रोकना है।

बढ़ेगी पादर्शिता और जवाबदेही

मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से ऐसी दवाओं की अनधिकृत बिक्री और उस तक पहुंच पर रोक लगाने तथा दवा आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। प्रस्तावित संशोधन जनस्वास्थ्य की सुरक्षा और नियामकीय निगरानी को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है।

चंद्रशेखरन तीसरी बार चुने गए चेयरमैन, नोएल ने किया विरोध

टाटा संस में 'चंद्र' राज रहेगा बरकरार!

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टाटा संस के निदेशक मंडल ने गुरुवार को एन चंद्रशेखरन को कार्यकारी चेयरमैन के रूप में पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्त करने को मंजूरी दी। कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की दिशा में कदम उठाने का फैसला किया। हालांकि, टाटा संस में निर्णायक हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट के नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए इसे 'अवैध' ▶▶|शेष पेज 8 पर

नोएल ने बताया अवैध

टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल एन टाटा ने निदेशक मंडल की बैठक में चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति का विरोध किया। ट्रस्ट ने कहा कि चंद्रशेखरन को टाटा संस के चेयरमैन के रूप में फिर नियुक्त करने का प्रस्ताव 'अवैध' है। चयन समिति को कंपनी के अंतर्नियमों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया आगे बढ़ानी चाहिए। सूत्रों के अनुसार, नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति के खिलाफ मतदान किया, लेकिन प्रस्ताव बोर्ड में बहुमत से पारित हो गया।

इसलिए फिर बने चेयरमैन

टाटा संस ने कहा कि नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) ने चंद्रशेखरन के योगदान और टाटा समूह के व्यापक हितों को देखते हुए उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने तथा अगली बोर्ड बैठक में उनकी पुनर्नियुक्ति की सिफारिश करने का सर्वसम्मति से फैसला किया।

अब आगे क्या

सूत्रों ने कहा कि टाटा ट्रस्ट इस फैसले को आगे चुनौती दे सकता है। निदेशक मंडल का यह फैसला गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में पंजीकरण समाप्त करने की टाटा संस की अर्जी आरबीआई द्वारा खारिज किए जाने के बाद आया है। इस फैसले से कंपनी की शेयर बाजार में सूचीबद्धता की संभावना फिर बढ़ गई है।

बम हमले के मामले में चार राज्यों में ईडी छापे

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने जून में रांची स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पर हुए बम हमले से जुड़े मामले में धनशोधन की जांच के तहत बृहस्पतिवार को चार राज्यों में छापे मारे। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन शहजाद भट्टी नेटवर्क (एसबीएन) जांच एजेंसियों के निशाने पर है। इस मामले में एनआईए के बाद ईडी दूसरी केंद्रीय एजेंसी है, जो इस गिरोह की जांच कर रही है। गृह मंत्रालय ने 16 सितंबर को आतंकवादी संगठन घोषित किया था। दिल्ली, बिहार, झारखंड और कर्नाटक में स्थित परिसरों पर धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत छापेमारी की गई है।

चिंतन

भारत की दो टूक, देश के लोगों के हित सर्वोपरि

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा द्वारा रूस और ईरान पर नए प्रतिबंधों से जुड़े विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद भारत ने भी दो टूक प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि देश के 1.4 अरब लोगों के हित, जरूरत और ऊर्जा सुरक्षा सर्वोपरि हैं। भारत बदलती बाजार परिस्थितियों के अनुरूप विभिन्न स्रोतों से ऊर्जा खरीद जारी रखेगा। अमेरिकी विधेयक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले बड़े देशों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क लगाने का अधिकार देता है। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था और करोड़ों परिवारों का जीवन ऊर्जा की कीमतों से सीधे जुड़ा है। कच्चे तेल की लागत में बड़ी वृद्धि का असर परिवहन, विनिर्माण, बिजली, खाद्य पदार्थों की कीमतों और अंततः महंगाई पर पड़ सकता है। ऐसे में भारत ने वाशिंगटन को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि देश अपने आर्थिक और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत का रुख हमेशा से साफ रहा है कि भारत किसी तीसरे देश के एकतरफा प्रतिबंधों को मानने के लिए बाध्य नहीं है और उसके फैसले केवल राष्ट्रीय हितों से संचालित होते हैं। रूस से सस्ता कच्चा तेल मिलने के कारण पिछले कुछ वर्षों में भारतीय रिफाइनरियों की खरीद में उसकी भूमिका बढ़ी है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों ने वैश्विक तेल व्यापार का स्वरूप बदला और भारत ने उपलब्ध बाजार अवसरों का इस्तेमाल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए किया है। इसके पीछे तर्क है कि ऊर्जा खरीद किसी राजनीतिक पक्षधरता से अधिक उसके उपभोक्ताओं और अर्थव्यवस्था की जरूरतों से संचालित होती है। दूसरी ओर, अमेरिका का दृष्टिकोण रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने से जुड़ा है। उसकी चिंता यह है कि रूसी ऊर्जा की खरीद से मॉस्को को राजस्व मिलता है। इसलिए भारत और चीन जैसे बड़े खरीदारों को निशाना बनाने का प्रावधान रूस पर दबाव की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, यदि बड़े खरीदारों पर भारी शुल्क लगाया जाता है तो वैश्विक तेल व्यापार में आपूर्ति, कीमत और परिवहन लागत प्रभावित हो सकती है। भारत-अमेरिका संबंध आज व्यापार, तकनीक, रक्षा, निवेश और रणनीतिक सहयोग के कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में ऊर्जा व्यापार को लेकर मतभेदों को व्यापक संबंधों पर हावी होने देना दोनों देशों के हित में नहीं होगा। ऐसे में भारत के सामने चुनौती संतुलन बनाने की है। रूस के साथ पुराने रणनीतिक संबंधों को बनाए रखते हुए अमेरिका के साथ बढ़ते सहयोग को भी आगे बढ़ाना है। इसके लिए सबसे कारगर रास्ता किसी एक पक्ष के दबाव में आने के बजाय ऊर्जा स्रोतों का लगातार विविधीकरण, घरेलू उत्पादन को बढ़ावा, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश और वैश्विक बाजार में अपने विकल्प मजबूत करना है। नई दिल्ली का संदेश मूलतः यही है कि विदेश नीति में मित्रता और साझेदारी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अंतिम कसौटी राष्ट्रीय हित है। ऊर्जा जैसी बुनियादी जरूरत को भू-राजनीतिक दबाव का साधन नहीं बनने दिया जा सकता। भारत को अपने लिए उपलब्ध हर वैध और आर्थिक रूप से व्यवहार्य विकल्प खुला रखना होगा। आज की वैश्विक व्यवस्था में आत्मनिर्भरता का अर्थ इतने विकल्प तैयार रखना है कि किसी एक स्रोत पर निर्भरता मजबूरी न बने। भारत की ऊर्जा नीति को इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। देश के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा जरूरत, आर्थिक स्थिरता और व्यापक राष्ट्रीय हित सर्वोच्च हैं। यही भारत की स्पष्ट और संतुलित नीति का आधार होना चाहिए।

मुद्दा
अरविंद जयतिलक

यूनिफार्म सिविल कोड पर विलाप क्यों

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जाएगा। इस ऐलान के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच से भी ऐतराज के स्वर फूटने लगे हैं। किस्म-कस्म के कुतर्क और प्रतिवाद गढ़े जाने लगे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टीकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे कुतर्कों के जरिए देश में यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं। मजेदार बात यह कि एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जाएगा। गृहमंत्री के इस ऐलान के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच से भी ऐतराज के स्वर फूटने लगे हैं। किस्म-कस्म के कुतर्क और प्रतिवाद गढ़े जाने लगे हैं। गौर करें तो पहली बार नहीं है जब यूनिफॉर्म सिविल कोड के खिलाफ वितंडा खड़ा किए जाने की कोशिश हो रही है। याद होगा कि स्वाधीनता दिवस की 78वीं सालगिरह पर जब लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत पर बल दिया था, उस दरम्यान भी विरोध के बोल ऊंचे हुए थे। यह प्रवृत्ति देशहित में नहीं है। सबके लिए एक समान कानून होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में देश में विवाह, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार और संपत्ति के मामले में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध के पर्सनल मामले हिंदू विवाह अधिनियम से चलते हैं। लेकिन मुसलमानों, ईसाइयों और पारसियों के लिए अलग पर्सनल लॉ हैं। एक सेकुलर देश में इस तरह के कानून कहीं से भी एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के स्वरूप को रेखांकित नहीं करते हैं। ऐसे में अगर देश के गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूनिफार्म सिविल कोड की जरूरत पर बल देते हैं तो यह उचित ही है।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टीकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे किस्म-किस्म के कुतर्कों के जरिए देश में यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं। मजेदार बात यह कि एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, बाबा साहब आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं। जबकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि समान नागरिक संहिता एक पंथनिरपेक्ष विधि है जो सभी धर्मों के लोगों के लिए समान रूप से लागू होता है। वे यह भी जानते हैं कि 23 नवंबर, 1948 को इस मसले पर संविधान सभा में बहस हुई और भारत के पहले कानून मंत्री और संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर ने बहस करते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने की वकालत की। डा. आंबेडकर ने तर्क दिया कि समान नागरिक संहिता की अनुपस्थिति सामाजिक सुधारों में सरकार के प्रयासों में बाधा उत्पन करेगी। अनेक संविधानविद् भी चाहते थे कि देश में समान नागरिक संहिता लागू हो।

अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने समान नागरिक संहिता पर बल देते हुए कहा कि 'जब अंग्रेजों ने इस देश पर अधिकार किया और कहा कि वे संपूर्ण देश के लिए एक ही आपराधिक कानून बना रहे हैं, तब उसका विरोध क्यों नहीं किया गया।' भारत का संविधान राज्य के नीति निर्देशक तत्व में सभी नागरिकों को समान नागरिकता कानून सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। संविधान का अनुच्छेद 44 इस धारणा पर आधारित है कि सभ्य समाज में धर्म व वैयक्तिक विधि में कोई संबंध नहीं होता है। अतः समान नागरिक संहिता बनाने से किसी समुदाय के सदस्यों के अनुच्छेद 25, 26 व 27 के अधीन प्रतिभूत मूल अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। विवाह, उत्तराधिकार और इस प्रकार की सामाजिक

प्रकृति की बातें धार्मिक स्वतंत्रता से बाहर हैं और उन्हें विधि बनाकर विनियमित किया जा सकता है। ध्यान देने वाली बात यह कि विवाह एवं उत्तराधिकार संबंधी हिंदू विधि भी इस्लाम व ईसाइयों की भांति ही धर्मसम्मत है। फिर जब हिंदू समाज संविधान की भावना का सम्मान करते हुए एवं देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए अपनी धार्मिक मान्यताओं का परित्याग कर दिया और उनका संहिताबद्ध किया गया तो अन्य धर्मावलंबियों एवं मतावलंबियों को इस तरह के आचरण का पालन क्यों नहीं करना चाहिए।

1956 में हिंदू विवाह कानून, उत्तराधिकार कानून, नाबालिग व अभिभावक कानून और गोद लेने व गुजारा भत्ता कानून लागू कर दिया गया, लेकिन अल्पसंख्यक समुदायों को इस परिधि में नहीं लाया गया। समान नागरिक संहिता का विरोध करने वाले लोगों को विचार करना चाहिए कि जब दुनिया के सभी आधुनिक देश जिनमें मुस्लिम देश भी शामिल हैं और वहां समान नागरिक संहिता लागू है तो फिर भारत में भी ऐसा कानून क्यों नहीं बनना चाहिए। सीरिया, ट्यूनिशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, ईरान, बांग्लादेश तथा मध्य एशियाई गणतंत्र समेत अन्य कई और मुस्लिम देशों में वैयक्तिक विधि का संहिताकरण करके समान नागरिक संहिता को लागू किया गया है। मजेदार बात यह कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए देश की अदालतें भी अपनी सहमति की मुहर लगा चुकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की पीठ कह चुकी है कि संविधान निर्माताओं ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 44 के जरिए यह उम्मीद जतायी थी कि राज्य पूरे देश में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करे। सरला मुद्गल बनाम भारत संघ मामले में भी सर्वोच्च अदालत कह चुका है कि संविधान के अनुच्छेद 44 पर नया दृष्टिकोण अपनाएं जिसमें सभी नागरिकों के लिए एक 'समान नागरिक संहिता' हो। जानवलामत्तम बनाम भारत संघ के मामले में भी उच्चतम न्यायालय समान नागरिक संहिता के न बनाने को लेकर दुख जता चुका है। न्यायमूर्ति कह चुके हैं कि संविधान को लागू हुए वर्षों गुजर गए और कई सरकारें आईं व गईं, फिर भी अनुच्छेद 44 में निहित संविधान के उक्त निर्देश को कार्यान्वित करने के कर्तव्य का पालन किसी के द्वारा नहीं किया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कह चुका है। न्यायमूर्ति प्रतिमा एम सिंह की पीठ ने दो टूक कहा कि विवाह, तलाक और संपत्ति के बंटवारे के संबंध में वैकल्पिक व्यवस्थाओं की मौजूदगी न्यायिक ढांचे के लिए चुनौती के साथ-साथ संविधान के प्रावधानों को लागू करने की राह में बाधा है। समान नागरिक संहिता के इतिहास में जाएं तो 1840 में ब्रिटिश राज में गठित समिति ने समान नागरिक कानून बनाने की वकालत की थी। 1985 में जब शाह बानो का मामला उछला तब भी इसकी आवश्यकता महसूस की गई। शाह बानो एक 62 वर्षीय मुसलमान महिला और 5 बच्चों की मां थी, जिन्हें 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। शाह बानो ने जीविका का कोई साधन न होने के कारण अपने पति से गुजारा भत्ता लेने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया।

अदालत ने निर्देश दिया कि शाह बानो का निर्वाह-व्यय के समान जीविका दी जाए। लेकिन तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने इस फैसले का पालन करने के बजाए संसद के जरिए फैसले को ही पलट दिया। मुस्लिम नेताओं ने 'ऑल इंडिया पर्सनल बोर्ड' नाम की एक संस्था बना ली और देश के सभी भागों में आंदोलन की धमकी दी। यह रेखांकित करता है कि तत्कालीन सरकार तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ गई। क्या ऐसे में आवश्यक नहीं हो जाता है कि देश को एक यूनिफॉर्म सिविल कोड की जरूरत है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मॉर्फ्ड तस्वीरें
डॉ. मोनिका शर्मा

तकनीक ही नहीं, विचार भी अपडेट होने चाहिए

हाल में आपत्तिजनक वस्त्रों में गंगा स्नान करती एक महिला का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो साझा करने वाले बहुत से यूजर्स ने न केवल महिला के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया बल्कि ऐसे कपड़ों में गंगा स्नान करने के लिए रोष भी जताया। हरिद्वार के हरकी पैड़ी जैसे पवित्र स्थल से आए इस वीडियो को लेकर लोगों ने धार्मिक स्थलों पर मर्यादा और अनुशासन बनाए रखने की बात भी कही। बाद में सामने आया कि यह वीडियो नकली है। असली वीडियो में महिला सलवार-सूट पहनकर स्नान करती दिखती है। मूल वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर एआइ से कपड़े बदलकर महिला को आपत्तिजनक कपड़ों में दिखाया गया। वस्तुतः इस वीडियो ने महिलाओं की निजता और सुरक्षा को लेकर अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। किसी सार्वजनिक स्थल पर स्त्रियों का सभ्य पहनावे में उपस्थित होना भी अब जोखिमपूर्ण हो गया है। ध्यातव्य है कि तकनीक के गलत इस्तेमाल का चिंतनीय उदाहरण बना यह वीडियो सोशल मीडिया क्रिएटर सोनम यादव का है। सोनम ने स्वयं इंस्टाग्राम पर दो वीडियो शेयर कर बताया कि वायरल वीडियो को एआई की मदद से बनाया गया है। उनके असली वीडियो के साथ छेड़छाड़ होने की शिकायत साइबर क्राइम ब्रांच में की है। गौरतलब है कि इन्हीं दिनों अभिनेत्री शालिनी पांडे का भी टॉपलेस वीडियो सामने आया। शालिनी ने भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा था कि ' मेरा एआई-जनरेटेड वीडियो पूरी तरह से बनावटी है और इसमें मैं नहीं हूं।' कुछ समय पहले मराठी और हिंदी की चर्चित अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले की भी एआई-जनित तस्वीरें सोशल मीडिया हुई थीं। एक वीडियो जारी कर गिरिजा ने बताया था कि ' सोशल मीडिया पर बिना किसी नियम के ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाई और फैलाई जाती हैं। दुखद है कि चर्चित चेहरों से लेकर आम महिलाओं तक, एआई से बनी तस्वीरें और डीपफेक वीडियो महिलाओं के लिए मुसीबत बन रहे हैं। कुछ लोगों की कुत्सित मानसिकता के चलते ऐसी घटनाएं डिजिटल यौन उत्पीड़न का रूप लेने लगी हैं। चिंतनीय है कि ऐसी नकली सामग्री की पहुंच भी बहुत अधिक होती है। मैकऐफी की 'सबसे खतरनाक सेलेब्रिटी -डीपफेक धोखे की सूची' रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर वर्ष लगभग 75 प्रतिशत लोग डीपफेक कंटेंट देखते हैं। वहीं 2020 से 2024 के बीच महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों में 118 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। इनमें महिलाओं की मॉर्फ की गई तस्वीरों के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं। जबकि निजता का हनन करने वाले ऐसे वीडियो से किसी महिला के लिए सामाजिक-पारिवारिक जीवन के हर पहलू पर दुष्प्रभाव पड़ता है। नकली कंटेन्ट को हटाने की प्रक्रिया भी आसान नहीं है। अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले ने अपनी मॉर्फ्ड तस्वीरें वायरल होने पर कहा था कि मेरी ये तस्वीरें इंटरनेट पर हमेशा रहेंगी। यह सोचकर मुझे डर लगता है कि मेरा बारह साल का बेटा इन्हें देखेगा।' समझना कठिन नहीं कि किसी महिला का आपत्तिजनक फेक कंटेन्ट भी उसे असुरक्षित और अपमानित महसूस कराता है। ऐसी सामग्री की बार-बार चर्चा होती है। वायरल वीडियो के यहां-वहां दिखने और उस पर आई यूजर्स की असभ्य प्रतिक्रियाएं मानसिक तनाव बढ़ाती हैं। यही वजह है कि कुछ समय पहले भारत में डीपफेक पर लगाम लगाने के लिए लोकसभा में रेगुलेशन बिल पेश किया गया। इस बिल का उद्देश्य लोगों के चेहरे का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर लगाम लगाना है। ज्ञात हो कि डीपफेक तकनीकी टूल्स के जरिये किसी फोटो में दूसरे का चेहरा लगा दिया जाता है। किसी वीडियो में दूसरी आवाज सेट कर दी जाती है। फेक चेहरा लगाने के बावजूद बिलकुल असली लगने वाली इस एडिटिंग को मशीन लर्निंग और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अंजाम दिया जाता है। वास्तविक लगने वाले ऐसे कंटेन्ट का खेल किसी भी इंसान की छवि बिगाड़ने वाली सोची-समझी करतूत होती है। असल में एआई टूल्स की सहज उपलब्धता इस समस्या की जड़ है। इन्टरनेट पर तस्वीरों को बदलने वाले एप्स बच्चों से लेकर बड़ों तक की पहुंच में हैं, जिससे दुरुपयोग के मामले बढ़े हैं। रचनात्मक मोर्चे पर तकनीक का बेहतरीन उपहार मानी जाने वाली आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से तैयार डीपफेक कंटेन्ट ने आमजन को कमोबेश सभी को भय और असुरक्षा के घेरे में ला दिया है। जबकि सृजनशील सोच के साथ तकनीक उपयोग करने वालों के लिए एआई वरदान से कम नहीं। आवश्यक है कि आमजन स्त्रियों की निजता का मान करना सीखें। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने वाले लोग अपने विचारों को भी अपडेट करें।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा

संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इसपर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

अंतर्मन

आज की पाती

अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए। यही कारण है कि आधुनिक वित्तीय व्यवस्था में धनशोधन की चुनौती लगातार जटिल होती जा रही है। - *संदीप शुक्ला, राजनांदगांव*

करंट अफेयर

नासा के यान ने चंद्रमा पर खोजा रोम के कोलोसियम से बड़ा गड्ढा



वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर एक ऐसे नए गड्ढे की खोज की है जो रोम के कोलोसियम से भी बड़ा है। यह गड्ढा दो साल पहले हुई एक शक्तिशाली टक्कर के कारण बना था, लेकिन उस समय इसका पता नहीं चल पाया था। करीब 728 फुट चौड़ा और 141 फुट तक गहरा यह गड्ढा हाल के समय में सौर मंडल में बना ज्ञात सबसे बड़ा प्रभाव-गड्ढा है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इतनी बड़ी टक्कर की घटना करीब 132 साल में एक बार होने का अनुमान है। नासा द्वारा चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आधार बनाने की तैयारी के बीच यह घटना वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने का दुर्लभ अवसर है। 'साइंस एडवांसेज' पत्रिका में बुधवार को प्रकाशित दो अध्ययनों में से एक में वैज्ञानिकों ने कहा कि यह घटना 'सांख्यिकीय रूप से दुर्लभ, लगभग जीवन में एक बार होने वाला अवलोकन' है। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) ने मई 2024 में चंद्रमा के पृथ्वी की ओर वाले हिस्से में इस गड्ढे को देखा था। यह किसी क्षुद्रग्रह या धूमकेतु के टुकड़े के चंद्रमा से टकराने के बाद बना था। पृथ्वी और अंतरिक्ष में मौजूद दूरबीनें वास्तविक समय में इस टक्कर का पता नहीं लगा सकीं।

ऑफ बीट

लगातार गाड़ी चलाते समय थकान क्यों महसूस होती है

चाहे आप रोज दफ्तर आने-जाने के लिए गाड़ी चला रहे हों या समुद्र किनारे लंबी यात्रा पर निकले हों, लगातार 'ड्राइविंग' शरीर और दिमाग दोनों को थका सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गाड़ी चलाना एक बेहद जटिल काम है, जिसमें दिमाग के कई हिस्सों को एक साथ काम करना पड़ता है। इनमें योजना बनाना, सतर्क रहना और आसपास की चीजों को समझना शामिल हैं। लेकिन जब आप थक जाते हैं, तो दिमाग के ये हिस्से पहले की तरह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाते। यही वजह है कि चालक की थकान को सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता है। हालिया शोध बताते हैं कि ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर हुए हादसों में से 20 से 30 प्रतिशत उनींदे होकर गाड़ी चलाना एक प्रमुख कारण रहा। इसका असर हर उम्र और अनुभव वाले चालकों पर पड़ सकता है। ड्राइविंग के दौरान दिमाग कैसे काम करता है- ड्राइविंग एक ऐसा कार्य है जिसमें ध्यान, सतर्कता, चीजों को पहचानने की क्षमता, शरीर की गतिविधियों पर नियंत्रण और तेज निर्णय लेने जैसी कई मानसिक प्रक्रियाएं एक साथ सक्रिय रहती हैं। एक शोध विश्लेषण में पाया गया कि गाड़ी चलाने के दौरान दिमाग के बहुत से खास हिस्से सक्रिय हो जाते हैं।

ट्रेंड

आस्था के केंद्र

वडनगर (गुजरात) में स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर, भारतीय वास्तुकला और आस्था का एक अनूठा संगम है। इस मंदिर की बारीक नक्काशी और स्वयंभू शिवलिंग सदियों से आस्था के केंद्र रहे हैं।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

अंगदान संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर, दिल्ली के ऑनलाइन अंगदान संकल्प अभियान की शुरुआत की और अंगदान करने का अपना संकल्प भी दर्ज कराया। अंगदान के पीछे गहरी सोच है। एक जीवन की यात्रा पूरी होने के बाद भी, यह किसी और के लिए नई शुरुआत बन सकता है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

हार्दिक बधाई

शिल्प और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर सभी को हार्दिक बधाई। हर घर में सुख-समृद्धि बनी रहे। मैं उन सभी श्रमिकों और कारीगरों के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूँ जो मेहनत और कौशल से देश की प्रगति को आगे बढ़ाते हैं।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र में लूट



राजस्थान में लोकतंत्र को खुलेआम लूटा जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय का एक आईएएस अधिकारी कलेक्टरों और एसडीएम को धमका रहा है कि वे किसी भी तरह बीजेपी का बोर्ड बनवाएं। जो लोग मना करते हैं, उन्हें पुलिस ज़बरदस्ती उठा ले जाती है।
- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

'देश-दुनिया के ग्राहकों तक पहुंचने लगी भारत के प्लांट्स से निकलने वाली चिप्स'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चिप डिजाइन से लेकर कमर्शियल प्रोडक्शन तक पहुंच गया है। सेमीकॉन इंडिया के पांचवें संस्करण के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि 2022 में शुरू हुई इस यात्रा में पहले नीति, फिर परियोजनाओं, पायलट लाइनों और टेस्ट चिप्स से जुड़े चरण आए और अब भारत के प्लांट्स से चिप्स देश और दुनिया के ग्राहकों तक पहुंचने लगी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोहाली और सूरत में दो और प्लांट्स में कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हो रहा है। उन्होंने सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण, सप्लाई चेन, फैबलेस कंपनियों, आरएंडडी, कुशल युवाओं और ऊर्जा सुरक्षा को भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के विस्तार के लिए अहम बताया।

सेमीकंडक्टर में चिप डिजाइन से कमर्शियल प्रोडक्शन तक पहुंचा भारत

विदेशों से आए प्रतिनिधि

प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और जितिन प्रसाद, इंडस्ट्री लीडर्स, सीईओ, डेलिगेट्स और देशभर के विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से जुड़े युवाओं का स्वागत किया। उन्होंने विदेश से आए प्रतिनिधियों का भी भारत में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सेमीकॉन इंडिया का यह पांचवां संस्करण है और हर वर्ष इसके साथ चर्चा का दायरा आगे बढ़ा है।

नीति से कमर्शियल प्रोडक्शन तक पहुंचा भारत

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2022 में सेमीकॉन इंडिया के पहले संस्करण के समय चर्चा का केंद्र नीतियां थीं। इसके बाद परियोजनाओं, फाइलों पर हस्ताक्षर और शिलान्यास से जुड़े चरण आए। पिछले वर्ष पायलट लाइनों और टेस्ट चिप्स पर चर्चा हुई और अब भारत कमर्शियल प्रोडक्शन के चरण में पहुंच चुका है।

चिप इकोसिस्टम के सभी हिस्सों पर एक साथ काम : पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर सेक्टर में तकनीकी क्षमताएं तैयार करने में दशकों लगते हैं।

दूसरे चरण में 13.5 बिलियन डॉलर का मिशन

प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले चरण का आकार करीब 8 बिलियन डॉलर था, जबकि दूसरे चरण के लिए 13.5 बिलियन डॉलर तक का प्रावधान तय किया गया है। इस क्षेत्र में और सुधार किए गए हैं और अब अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भारतीय स्टार्टअप्स, भारतीय डिजाइन कंपनियों और ओसीआई-स्वामित्व वाली कंपनियों के साथ सहयोग कर सकती हैं।

फैबलेस कंपनियों और आईपी निर्माण पर जोर

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार का प्रयास भारत में फैबलेस कंपनियों की वृद्धि और देश में ही इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के निर्माण को बढ़ावा देना है।

एक लाख इंजीनियरिंग छात्रों की स्किलिंग का लक्ष्य

पीएम मोदी ने कहा कि चिप डिजाइनिंग के लिए बड़े पैमाने पर स्किलिंग का काम चल रहा है। सरकार ने एक लाख इंजीनियरिंग छात्रों को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है और अब तक 70 हजार से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

एआई के दौर में एनर्जी सिक्योरिटी अहम : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एआई चिप्स का इस्तेमाल एआई डेटा सेंटर्स में हो रहा है, जहां हजारों हाई-परफॉर्मेंस प्रोसेसर एक साथ काम करते हैं। एआई के विस्तार के साथ कंप्यूटिंग पावर की मांग बढ़ेगी और इसके साथ बिजली की जरूरत भी बढ़ेगी।

भड़के सुप्रीम कोर्ट ने कहा- क्यों नहीं उठाए गए ठोस कदम

राहत कैंप में 25 संदिग्ध मौत मणिपुर सरकार को फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के राहत कैंपों में कथित अप्राकृतिक मौतों और यौन उत्पीड़न के मामलों पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार को फटकार लगाई है। शीर्ष कोर्ट ने मणिपुर के मुख्य सचिव को सभी 25 संदिग्ध मौतों पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है, जिसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौत के कारणों से जुड़े दस्तावेज शामिल हों।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुआवजा और पोस्टमार्टम को लेकर भी उठाए सवाल

नई दिल्ली। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने राज्य के शीर्ष अधिकारी को चेतावनी देते हुए पूछा कि जस्टिस गीता मित्तल कमेटी द्वारा दी गई जानकारी पर कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए। बेंच ने आदेश में कहा, 'हम मणिपुर के मुख्य सचिव को निर्देश देते हैं कि वे मणिपुर के राहत कैंपों में हुई मौतों, खासकर असामान्य मौतों, पर एक हलफनामा दाखिल करें।' साथ ही, बेंच ने यह भी पूछा कि मौत के 34 मामलों में से केवल 20 मामलों में ही पोस्टमार्टम क्यों कराए गए।

बेंच ने कहा, 'राज्य को यह भी बताना होगा कि राहत कैंपों में शरण लेने वाले जिन विस्थापित लोगों की असामान्य मौतें हुईं, उन्हें मुआवज़े के तौर पर केवल 20 से 30 हजार रुपये ही क्यों दिए गए।' कोर्ट ने मणिपुर राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (एमएसएलएसए) को भी इस मुद्दे पर एक अलग स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। सीजेआई ने एमएसएलएसए से कहा कि वह यह सुनिश्चित करे कि असामान्य मौत के सभी मामलों में एफआईआर दर्ज की जाएं। बेंच ने एमएसएलएसए से यह भी कहा कि वह देखे कि एफआईआर की जांच तेजी से हो और राहत कैंपों में रह रहे विस्थापित लोगों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जाए।

मणिपुर में आरक्षण के आदेश से भड़की थी जातीय हिंसा

मणिपुर में मुख्य विवाद मैतेई और कुकी समुदायों के बीच है। अप्रैल 2023 में मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग पर विचार करने को कहा था। कुकी और नगा इसका विरोध कर रहे थे। उन्हें डर था कि अगर मैतेई को एसटी का दर्जा मिला तो आरक्षण में उनकी हिस्सेदारी प्रभावित हो सकती है। 3 मई 2023 को कुकी और दूसरे आदिवासी संगठनों ने आदिवासी एकजुटता मार्च निकाला। इसी दौरान तनाव बढ़ा और कई जगह हिंसा शुरू हो गई। इसके बाद घर, गांव और धार्मिक स्थलों पर हमले और आगजनी हुई और हिंसा तेजी से दूसरे इलाकों में फैल गई।

30 से ज्यादा मौतों का दावा

यह आदेश बेंच ने जस्टिस मित्तल कमेटी और एक आईएएस अधिकारी की रिपोर्ट देखने के बाद दिया। इन रिपोर्टों में बताया गया था कि मणिपुर के राहत कैंपों में 30 से ज़्यादा मौतें हुई हैं और एक मौत कथित यौन उत्पीड़न के बाद हुई थी। इसके अलावा, बेंच ने उम्मीद जताई कि मणिपुर में 2023 की हिंसा से जुड़े सीबीआई और एनआईए के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई दो विशेष ट्रायल कोर्ट तेजी से अपना ट्रायल पूरा करेंगी। रिपोर्टों का ज़िक्र करते हुए बेंच ने कहा कि मामलों की जानकारी कानूनी सेवा वकील को दे दी गई है और पीड़ित याचिकाकर्ता अपने मामलों को आगे बढ़ाने के लिए इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि ये जानकारियां राज्य सरकार और पूर्व **IPS** अधिकारी दत्तात्रेय पडसलगीकर ने दी थीं, जो मणिपुर हिंसा की सीबीआई जांच की निगरानी कर रहे हैं। सीबीआई और राज्य सरकार की ओर से पेश हुईं एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने 31 मामलों की जांच की है और 28 मामलों में फाइनल रिपोर्ट दाखिल की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई के तीन मामलों की जांच अभी भी चल रही है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर और असम सरकारों और अन्य लोगों से कहा था कि वे मणिपुर में 2023 की जातीय हिंसा से जुड़े सीबीआई और एनआईए के मामलों की विशेष रूप से सुनवाई के लिए दो विशेष ट्रायल कोर्ट बनाने पर विचार करें। मणिपुर में जातीय हिंसा 3 मई, 2023 को शुरू हुई थी।

अखबारों में विज्ञापन देकर माफी मांगने कहा

दिशा के पिता ने आदित्य को भेजा 500 करोड़ का मानहानि नोटिस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

फिल्म मैनेजर दिशा सालियान की मौत एक गुत्थी बन गई है। दिशा की मौत के केस में कई बड़े-बड़े नाम सामने आए हैं। अब दिशा के पिता सतीश सालियन ने मानहानि नोटिस भेजकर आदित्य ठाकरे और महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को माफी मांगने, बयान वापस लेने और 500 करोड़ का हर्जाना देने की मांग की है। इसके लिए सात दिन का समय दिया गया है। हाल ही में सीबीआई ने सतीश सालियान की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया था। नोटिस में कहा गया है कि आदित्य ठाकरे और अनिल देशमुख ने सतीश सालियान के बयानों और कानूनी कार्रवाई को लेकर झूठे, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक आरोप लगाए।

दिशा के पिता की मांग

दिशा के पिता सतीश का कहना है कि उनकी बेटी की मौत की स्वतंत्र जांच की मांग को राजनीतिक मकसद से प्रेरित बताया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि सीबीआई पहले ही दिशा सालियान मामले की जांच कर चुकी है और उन्हें क्लीन चिट दे चुकी है। नोटिस में कहा गया है कि आदित्यठाकरे ने इस मामले की सुनवाई में हस्तक्षेप किया। उन्होंने केवल कानूनी पहलुओं पर सवाल नहीं उठाए, बल्कि सतीश की नीयत और उनकी विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने सतीश की कानूनी लड़ाई को राजनीतिक साजिश और उन्हें परेशान करने की कोशिश बताया।

इधर, उद्धव ने भी दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

छत्रपति संभाजीनगर। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2020 के दिशा सालियान मौत मामले को लेकर उनके परिवार के खिलाफ चलाया जा रहा 'चरित्र हनन' अभियान यदि नहीं रुका तो वह कानूनी कार्रवाई करेंगे। ठाकरे ने यहां पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, 'इस मामले से हमारा कोई संबंध नहीं है। आदित्य (ठाकरे) भी यह कह चुके हैं। यह मुद्दा सिर्फ मेरे बारे में नहीं है। इस तरह का चरित्र हनन आप लोगों के साथ भी हो सकता है।' बुधवार को उनके बेटे और विधायक आदित्य ठाकरे ने दावा किया था कि वह कभी दिशा सालियान से नहीं मिले।

शाह के कार्यक्रम की संरा में 'शिकायत'

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दों को लेकर संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरों के दौरान, वरिष्ठ मुस्लिम आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को उनके धर्म की वजह से आधिकारिक कार्यक्रमों से बाहर रखा गया। मोइत्रा ने कुछ दिन पहले, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उत्तर बंगाल में शाह के कार्यक्रमों से भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के मुस्लिम अधिकारियों को दूर रखा गया। तृणमूल सांसद ने सिलीगुड़ी के पुलिस आयुक्त वकार रजा, पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल के प्रमुख जावेद शमीम और आईएएस अधिकारी खलील अहमद के नाम का उल्लेख किया था। बाद में, इस पोस्ट को लेकर डायमंड हार्बर पुलिस थाने में मोइत्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद साइबर अपराध पुलिस ने पूछताछ के लिए उन्हें बुलाया था।

केरलम के पूर्व डीजीपी को चार साल का सश्रम कारावास

कोट्टयम (केरलम)। केरलम की एक अदालत ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में केरलम के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) टोमिन जे. थाचनकारी को बृहस्पतिवार को चार साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। खबरों के अनुसार, केरलम में यह पहला मामला है जिसमें डीजीपी स्तर के किसी अधिकारी को आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के मामले में सजा सुनाई गई है। कोट्टयम सतर्कता अदालत के न्यायाधीश के. वी. रजनीश ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत थाचनकारी को दोषी पाया। अदालत ने भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी के खिलाफ 30.84 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने थाचनकारी को तिरुवनंतपुरम की पुजप्पुरा केंद्रीय जेल भेजने का आदेश दिया, जहां से वह फैसले के खिलाफ केरल उच्च न्यायालय में अपील कर सकते हैं।

अमेरिका ने हूती लड़ाकों से कर ली सीक्रेट डील

लाल सागर में फंसा सऊदी अरब

एजेंसी ▶▶| रियाद

सऊदी अरब और हूती लड़ाकों के बीच चल रही लड़ाई में नया अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 3 दिन पहले वाशिंगटन के डिप्लोमेट्स और हूती के शीर्ष नेताओं के बीच एक सीक्रेट मीटिंग हुई। इस मीटिंग में दोनों के बीच नए सिरे से डील की खबर सामने आई है। इस डील की खबर ने रियाद की टेंशन बढ़ा दी है। द गार्जियन के मुताबिक अमेरिका और हूती ने 2025 के डील को रिन्यू किया है। हूती के लड़ाकों ने वाशिंगटन को भरोसा दिया है कि लाल सागर में उसके जहाजों को निशाना नहीं बनाया जाएगा, जिसके बाद अमेरिका ने यमन में सऊदी को समर्थन न देने का फैसला किया है।

सऊदी ने मांगी थी अमेरिका से मदद

पिछले दिनों सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर मदद मांगी थी, लेकिन ट्रंप ने उन्हें कोई ठोस भरोसा नहीं दिया। इसके बाद अब जिस तरीके से यह खबर बाहर आई है, उसने रियाद की टेंशन बढ़ सकती है। सऊदी को अब तक पाकिस्तान, तुर्की और अमेरिका जैसे देश से कोई मदद नहीं मिली है।

अमेरिका की रणनीति

ड़ाकों को खत्म करने के लिए यमन पर काफी बमबारी की। इसके बावजूद अमेरिका को सफलता नहीं मिली। आखिर में अमेरिका ने हूती विद्रोहियों से समझौता कर लिया। अमेरिका इस वक्त ईरान युद्ध में फंसा है, जिसके कारण होर्मुज से उसकी सप्लाई ठप है। अमेरिका अगर हूती विद्रोहियों से लड़ता है तो लाल सागर में भी उसकी मुसीबत बढ़ सकती है। इसके अलावा हूती से लड़ने के लिए और अधिक खर्च करने होंगे। इस वक्त वाशिंगटन इस स्थिति में नहीं है।

पूर्वमंत्री कांडा के तीन ठिकानों पर ईडी की रेड

गुरुग्राम। ईडी ने वाटिका लिमिटेड से जुड़े बड़े पैमाने पर हुए रियल एस्टेट धोखाधड़ी के मामले में जांच तेज कर दी है। ईडी को इस मामले में वित्तीय हेरफेर और निवेशकों के पैसों की हेराफेरी के सुराग मिले थे। ऐसे में अब ईडी ने हरियाणा के पूर्व राज्य मंत्री गोपाल कांडा के ठिकानों पर छापेमारी की है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा 17 के तहत कार्रवाई करते हुए ईडी की टीमों ने गोपाल कांडा से जुड़े गुरुग्राम स्थित तीन परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। इनमें उनका निजी आवास, फार्महाउस और ऑफिस शामिल हैं। जांच एजेंसी को फाइनेंशियल ट्रेल की पड़ताल में शक है कि घर खरीदारों के पैसे को डायवर्ट किया गया था। ये डायवर्ट किया गया फंड आगे चलकर गोपाल कांडा से जुड़ी कई कंपनियों के खातों में ट्रांसफर किया गया। वाटिका लिमिटेड से जुड़ी इस धोखाधड़ी में चार कमर्शियल प्रोजेक्ट्स जांच के घेरे में हैं। आरोप है कि कंपनी ने समय पर कब्जा, एश्योर्ड रिटर्न, लीज रेंटल और सेल डीड का लालच देकर 661 निवेशकों से लगभग 248.46 करोड़ रुपये वसूले थे।

राज्य सरकार भाषा पर अपनी सोच बदले, तमिलनाडु में नहीं रोक सकते हिंदी पढ़ाने से

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विजय सरकार को लेकर तल्ख टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि तमिलनाडु सरकार को राज्य के स्कूलों में हिंदी पढ़ाने के प्रति अपनी मानसिकता (सोच) बदलने की जरूरत है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और ए।जी. मसीह की पीठ ने तमिलनाडु में नवोदय स्कूलों की स्थापना से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। नवोदय विद्यालय केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित, सह-शिक्षा और आवासीय स्कूल हैं। इनका संचालन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन नवोदय विद्यालय समिति करती है। तमिलनाडु में इन स्कूलों की स्थापना का राज्य सरकार लगातार विरोध करती रही है। तमिलनाडु सरकार की प्रमुख आपत्तियों में से एक इन स्कूलों में लागू तीन-भाषा नीति है, जिसमें हिंदी भी शामिल है। राज्य सरकार का कहना है कि यह उसकी दो-भाषा नीति के विपरीत है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस नागरत्ना ने टिप्पणी की, 'आपको अपनी सोच बदलनी होगी, ऐसा नहीं हो सकता कि तमिलनाडु की धरती पर हिंदी नहीं पढ़ाई जाएगी।' अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि चेन्नई के लोगों को दिल्ली में बैठे लोगों को अलग-थलग नहीं करना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट बोला- दिल्ली से अलग-थलग नहीं है चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती

सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें राज्य के हर जिले में नवोदय विद्यालय स्थापित करने का निर्देश दिया गया था। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि नवोदय विद्यालय तमिलनाडु तमिल लर्निंग एक्ट का उल्लंघन नहीं करते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा था कि ऐसे स्कूल स्थापित करने से राज्य सरकार का ब्लैंकेट रिफ्यूजल यानी पूरी तरह इनकार, छात्रों के अपनी पसंद के शिक्षण संस्थान चुनने के अधिकार को सीमित करता है। मद्रास हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को हर जिले में 240 छात्रों के लिए अस्थायी व्यवस्था उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया था।

रोचक जानकारी

प्रत्यूष शर्मा

बच्चो, दुनिया में कुछ शहर ऐसे हैं जो खूबसूरती के साथ-साथ अपनी अनोखी भौगोलिक स्थिति के लिए भी मशहूर हैं। कोई शहर दो पहाड़ों की संकरी घाटी में बसा है, तो कोई दो महाद्वीपों में फैला हुआ है! कोई घने जंगलों से, कोई नदियों से तो कोई पहाड़ों और ग्लेशियरों से घिरा है। इतना ही नहीं, एक शहर तो पानी में तैरता हुआ भी है। ऐसे ही कुछ अनूठे शहरों के बारे में जानो।

अनूठी भौगोलिक स्थिति वाले विश्व के ये खूबसूरत शहर

पहाड़ों और ग्लेशियरों से घिरा लॉन्गयेरब्येन, नॉर्वे

लॉन्गयेरब्येन, नॉर्वे की एक बेहद अनोखी आर्कटिक बस्ती है। स्वालबार्ड द्वीपसमूह के स्पिट्सबर्गेन द्वीप पर स्थित यह बस्ती उत्तरी ध्रुव से करीब 1,316 किमी. दूर है। यह दुनिया के सबसे उत्तरी भाग में स्थित स्थायी आबादी वाली बड़ी बस्तियों में से एक है। यह बस्ती, जो एक शहर के रूप में बसी है, चारों तरफ से बर्फीले पहाड़ों और ग्लेशियरों और से घिरी है। लॉन्गयेरब्येन में दिन और रात के अनुभव बिल्कुल अलग होते हैं। सर्दियों में यहां कई हफ्तों तक सूरज नहीं निकलता, इसे पोलर नाइट कहते हैं। दूसरी तरफ गर्मियों में कई महीनों तक सूरज डूबता ही नहीं, इसे मिडनाइट सन कहते हैं। गर्मियों में आधी रात को भी बाहर ऐसा लग सकता है, जैसे दिन हो। *

घने जंगलों-नदियों से घिरा इक्विटोस, पेरू

बच्चो, तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा, पेरू के अमेजन क्षेत्र के सबसे बड़े महानगर तक सड़क मार्ग से पहुंचा नहीं जा सकता। हम बात कर रहे हैं पेरू के एक शहर इक्विटोस की, जो अमेजन नदी के बाएं किनारे पर बसा है। यहां केवल हवाई या जलमार्ग से ही पहुंचा जा सकता है। इसका कारण यह है, यह स्थान घने जंगलों और नदियों से घिरा हुआ है। हालांकि शहर को बाहर से जोड़ने वाली कोई सड़क नहीं है, लेकिन शहर के चारों ओर सड़कें हैं। शहर से बाहर जाने वाली एकमात्र सड़क नौटा नामक छोटे कस्बे पर जाकर रुक जाती है। इक्विटोस अमेजन के विविध पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण के लिए जाना जाता है। *

तैरता हुआ प्राचीन शहर वेनिस, इटली

वेनिस, इटली का एक प्रसिद्ध और बेहद खूबसूरत शहर है। यह अपनी नहरों, ऐतिहासिक इमारतों और अनोखी जल-परिवहन व्यवस्था के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। वेनिस लगभग 118 छोटे-छोटे द्वीपों पर बसा है, जिन्हें सैकड़ों पुल आपस में जोड़ते हैं। यहां सड़क यातायात बहुत कम है। लोगों के आने-जाने के लिए नावों का विशेष महत्व है। इस शहर में पहुंचकर ऐसा लगता है मानो इसकी जलधाराएं ही इसकी सड़कें हों। असंख्य नहरें तरह-तरह की मोटर चालित नावों से भरी रहती हैं। 400 से अधिक पुलों द्वारा शहर बंधा हुआ प्रतीत होता है। यह प्राचीन तैरता हुआ शहर इंजीनियरिंग का एक अद्भुत नमूना है। *

गहरी घाटी के ऊपर बसा ला पाज, बोलीविया

बच्चो, एक ऐसे शहर की कल्पना करो, जो एक गहरी घाटी के ऊपर बसा हो। यह सुनने में अजीब लगता है न! ला पाज, बोलीविया का एक ऐसा शहर है, जो चोकेयापु नदी द्वारा निर्मित एक घाटी में बसा है। यह नदी शहर के बीचों-बीच बहती है। ऐसी भौगोलिक स्थिति से यह शहर अपने पहाड़ी और बेहद ऊबड़-खाबड़ भू-भाग के लिए जाना जाता है। यह समुद्र तल से लगभग 3,650 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसे सबसे अधिक ऊंचाई वाला शहर बनाता है। *

दो महाद्वीपों में फैला शहर इस्तांबुल, तुर्किए

बोस्फोरस जलडमरूमध्य के दोनों ओर तुर्किए देश का सबसे बड़ा शहर इस्तांबुल बसा हुआ है। यह शहर एक ऐसी भौगोलिक स्थिति में विकसित हुआ है, जहां जलडमरूमध्य शहर को दो महाद्वीपों में विभाजित करता है। मतलब इस्तांबुल, एशिया और यूरोप दोनों में फैला हुआ है। इस तरह स्थित होने वाला यह एकमात्र शहर है। एक समय था, जब इस्तांबुल का नाम कॉन्स्टेंटिनोपल था, तब काला सागर और भूमध्य सागर के बीच व्यापार को सुगम बनाने के लिए इस स्थान का रणनीतिक रूप से चयन किया गया था। *

दुनिया का सबसे संकरा शहर यनजिन, चीन

अगर कोई शहर दो विशाल पहाड़ों के बीच संकरी घाटी से घिरा हो तो कैसा लगेगा, अनूठा ना! चीन का यंजिन काउंटी शहर कुछ ऐसा ही है। दुनिया के सबसे संकरे शहर के रूप में मशहूर यंजिन, यांग्जी नदी के किनारे बसी एक संकरी घाटी में बसा है। इस शहर के किनारे यांग्जी नदी घुमावदार रास्तों से होकर बहती है, जो इस शहर को और खूबसूरत बना देती है। इस शहर का सबसे संकरा हिस्सा सिर्फ 30 मीटर चौड़ा है। इमारतें एक-दूसरे से सटी हुई हैं। *

नन्ही सुबू को टीवी देखना और कहानी सुनना बहुत भाता है। इस दौरान भोली-भाली सुबू की बातें और हरकतें जिस तरह की होती हैं, किसी को भी हंसा सकती हैं। सुबू ऐसा क्या बोल या कर जाती है, तुम भी इसका मजा लो।

साउंड दो

छोटी कहानी

संजीव ठाकुर

सुबू अभी दो-ढाई साल की भी नहीं हुई है, लेकिन टीवी चल रहा हो तो अपना खेल छोड़कर टीवी के पास आकर खड़ी हो जाती है। उसकी आंख पर असर न हो, यह सोचकर पापा बड़े प्यार से उसे वहां से उठाकर ले आते हैं, सोफे पर अपनी गोद में बैठा लेते हैं। वह वहीं से टुकुर-टुकुर टीवी देखती रहती है। कार्यक्रम के बीच में जब ब्रेक होता है, पापा रिमोट से आवाज को म्यूट कर देते हैं। सुबू को लगता है कि कुछ तो हुआ है। वह पापा का मुंह देखने लगती है। फिर शायद उसे लगता है कि टीवी बंद हो गया है। वह जो थोड़े-बहुत शब्द सीख पाई है, उसी के सहारे अपनी बात रखती है, 'टीवी चलाओ!'

पापा उसे कहते हैं, 'टीवी तो चल ही रहा है, देखो!'

सुबू टीवी की ओर देखती है, फिर पापा की ओर। उसे कुछ समझ में नहीं आता है। तब पापा उसे समझाते हैं, 'टीवी तो चल ही रहा है, साउंड नहीं आ रहा है। बोलो- साउंड दो!'

धीरे-धीरे सुबू, 'साउंड दो' बोलना सीख गई। जब पापा टीवी की आवाज बंद कर देते हैं, तब वह कहती है, 'साउंड दो!'

सुबू को कहानी सुनने में भी खूब मन लगता है। रात को सोने से पहले पापा की गोद में चढ़कर वह मांग कर ही देती है, 'स्टोटी!' (स्टोरी) पापा रोज उसे स्टोरी सुनाते हैं। कभी-कभी तो खाना खाने के बाद जब वह मम्मी के पास रहने की जिद करती है और मम्मी को अपना काम पूरा करने में दिक्कत होती है, तब पापा बेड पर बैठकर बोलना शुरू कर देते हैं, 'एक समय की बात है...!' बस सुबू मम्मी का पीछा छोड़कर भागती हुई आती है और पापा की गोद में यह सोचकर चढ़ जाती है कि कहीं 'स्टोटी' खत्म न हो जाए! स्टोरी सुनते हुए उसकी खुशी की कोई सीमा नहीं रहती।

एक दिन पापा बहुत थके हुए थे। उनको कहानी सुनाने का बिल्कुल मन नहीं था। लेकिन सुबू कहां मानने वाली थी? वह पापा की गोद में सवार हो गई, 'स्टोटी!'

अब पापा क्या करते? उनको बोलना का बिल्कुल मन नहीं कर रहा था। बस उन्होंने बिना बोले, अपने होंठ हिलाने शुरू कर दिए। उन्होंने सोचा था कि इससे उनका काम चल जाएगा। सुबू को लगेगा कि पापा स्टोरी सुना रहे हैं। लेकिन सुबू को पापा के होंठ पटपटाने से संतोष नहीं हो रहा था। उसे यह भी पता चल गया था कि पापा क्या गड़बड़ कर रहे हैं?

थोड़ी ही देर में वह बोल पड़ी, 'साउंड दो न?' सुबू की बात सुनकर पापा ठठाकर हंस पड़े। अपनी थकान भूल वे साउंड देकर स्टोरी सुनाने लगे, 'एक समय की बात है। एक जंगल में एक शेर रहता था। उसके पास एक आईना था। वह उसमें हमेशा अपना मुंह देखा करता था। रात हुई। वह खाना खाकर आया। आईने में मुंह देखा, कंघी से अपने बाल संवारे और सो गया! अब सुबू भी सो जाएगी।' सुबू खुशी-खुशी पापा की गोद में ही सो गई। *

कविता / शादाब आलम

पेड़े फलते पेड़ों पर

सोच रहा हूं कहीं अगर
पेड़े फलते पेड़ों पर।
पेड़े की बगिया मैं जाता
तोड़-तोड़ कर पेड़े खाता
डाल पकड़ता और हिलाता
पेड़े झरते झर-झर-झर।
नहीं चींटियां घर में टिकतीं
पेड़े के पेड़ों पर दिखतीं
मजा नहीं आता खाने में
तब उनको मिसरी-शक्कर।
फिर पेड़े ठेले पर दिखते
नहीं दुकानों पर ये बिकते
लोग खरीदा करते इसको
ले जाते झोला भर-भर।
पेड़े वाले रामदुलारे
जाने क्या करते बेचारे
नहीं बनाते वे पेड़े तो
कैसे चलता उनका घर?

एआई इमेज

हंसगुल्ले

टीचर: तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
रोहन: सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-संजना, रायपुर

डॉक्टर: तुम घबरा क्यों रहे हो? अब तो तुम खतरे से बाहर हो।
राजेश: डॉक्टर साहब, जिस ट्रक से मैं टकराया था, उसके पीछे लिखा था- 'फिर मिलेंगे।'
-रोहित, बिलासपुर

मम्मी: रिंकू, तुमने दूध वाले का बिल देखा है?
रिंकू: मम्मी, क्या दूध वाले अंकल भी बिल में रहते हैं?
-नेहा, दुर्ग

जीके क्विज-223

1. जापान में होने वाले 20वें एशियाई खेल 2026 के आधिकारिक शुभंकर का क्या नाम है?
2. विश्व पर्यटन दिवस कब मनाया जाता है?
3. जॉर्जिया मेलोनी ने किस देश में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड बनाया है?
4. हाल में किस राज्य में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन वाली ट्रेन चलाई गई?
5. सम्राट अशोक किस ऐतिहासिक वंश का प्रसिद्ध शासक था?
6. अगला ब्रिक्स समिट किस देश में आयोजित किया जाएगा?
7. मानव शरीर में कौन-सा अंग रक्त को पंप करता है?
8. मध्य प्रदेश का उच्च न्यायालय किस शहर में स्थित है?
9. वायुमंडल में सबसे अधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. भारत के वर्तमान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कौन हैं?

बच्चो, जीके क्विज-223 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-222 का उत्तर : 1. जोहेरी मोला, 2. दिल्ली, 3. जापान, 4. दिल्ली, 5. स्मृति मंधाना, 6. 14 सितंबर, 7. भारत के मुख्य न्यायाधीश, 8. कालिदास, 9. राजस्थान, 10. एंपियर

जीके क्विज-222 का सही उत्तर देने वाले : अभय-बिलासपुर, अक्षित, झज्जर, सूर्य प्रताप-धमतरी, कबीर-हिसार, अंशिका-रायपुर, पूरब-बलौदा बाजार, हर्ष-रोहतक, प्रिया-धमतरी, कशिश-रायगढ़, ज्योति-दुर्ग, सचिन-रोहतक, दिशा-दुर्ग

कहानी

पुष्पा अंताणी

नन्ही धरा को जब पता चला कि सुनहरी मछली के शरीर के पिछले हिस्से में चोट लगने से काफी दर्द हो रहा है, तो उसने मछली को दर्द वाला तेल लगाकर मालिश करके, उसकी तकलीफ दूर करनी चाही। लेकिन सुनहरी मछली को पानी से निकालकर मालिश करना आसान ना था। तो क्या धरा उसकी तकलीफ दूर कर सकी?

नन्ही धरा

एआई इमेज

नन्ही धरा के घर के सामने एक छोटा-सा तालाब था। यह तालाब आस-पास रहने वाले सभी बच्चों का बहुत पसंद था। उसके चारों ओर खुली जगह थी। वहां बच्चे खेला करते थे। बच्चे अच्छी तरह खेल सकें, इसके लिए लोगों ने वहां रेत डलवा दी थी। तालाब बहुत सुंदर और स्वच्छ था। बच्चे भी वहां सफाई का ध्यान रखते थे। तालाब गहरा भी नहीं था, इसलिए उसमें बच्चों के डूबने का डर नहीं था। इसी वजह से माता-पिता अपने बच्चों को बिना किसी चिंता के वहां खेलने जाने देते थे। धरा भी हर रोज यहां खेलने आती और दोस्तों के साथ मजे करती थी। आज धरा खेलने आई, तब उसके दोस्त अभी तक नहीं आए थे। वह तालाब के पास गई। उसने पानी में एक बहुत ही सुंदर सुनहरी मछली देखी। मछली रो रही थी। उसकी दो सहेली मछलियां उसे चुप करा रही थीं। धरा ने उससे पूछा, 'तुम रो क्यों रही हो?'

जवाब उसकी एक सहेली ने दिया, 'यह बहुत शरारती है। इसे छलांगें लगाने का बहुत शौक है।'

सुनहरी मछली ने भी बताया, 'आज छलांग लगाते समय मैं पानी से बाहर पत्थर से टकरा गई। मेरे शरीर के पिछले हिस्से में बहुत चोट लगी है। मेरी पूंछ मुड़ गई है। मुझे वहां बहुत दर्द हो रहा है।' इतना कहकर वह फिर से रोने लगी।

सुनहरी मछली की बात सुनकर धरा को अपनी दादी याद आई। उसने मछली से कहा, 'मेरी दादी के पैर में जब मोच आ जाती है या दर्द होता है, तब वह पार्वती आंटी को बुलाती हैं। आंटी तेल से उनकी मालिश कर देती हैं। दादी का दर्द धीरे-धीरे अच्छा हो जाता है। तुम भी तेल की मालिश करवा लो, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।' मछली रुआंसी आवाज में बोली, 'पर मेरे पास तेल कहां है? और मेरी मालिश कौन करेगा?'

धरा बोली, 'हां, यह बात तो सही है।' फिर थोड़ा सोचकर बोली, 'रुको, मैं अपने घर से मालिश का तेल लेकर आती हूं। मैं पार्वती आंटी को दादी की मालिश करते हुए देखा है। मैं तुम्हें मालिश कर दूंगी। मेरा घर यहीं पास में ही है। मैं अभी तेल लेकर आती हूं। तुम यहीं रुकना।' धरा दौड़ती हुई घर गई और दादी की मालिश वाले तेल की शीशी ले आई। तीनों मछलियां उसका इंतजार कर रही थीं। वापस आकर धरा ने सुनहरी मछली से कहा, 'अब तुम बाहर आ जाओ तो मैं तुम्हारी मालिश कर दूंगी।'

मछली बोली, 'मैं बाहर कैसे आऊं? पानी के बिना तो मैं जी नहीं सकती न!'

धरा को याद आया, वह बोली, 'हां, यह बात तो मैं भूल ही गई।'

थोड़ी देर सोचने के बाद उसे एक उपाय सूझा। वह आस-पास पड़े पत्थरों में से अपने काम का पत्थर खोजने लगी। एक चैड़ा सा पत्थर उसे मिल गया। उसने पत्थर का आधा हिस्सा पानी की सतह के अंदर रखा और आधा बाहर रखा। फिर उसने सुनहरी मछली से कहा, 'अब तुम अपना मुंह और आधा शरीर पानी के अंदर रखो और अपनी पूंछ इस पत्थर के सहारे बाहर रखो। ताकि मैं उस पर मालिश कर सकूं।'

सुनहरी मछली ने वैसा ही किया। उसने आधा शरीर पानी के अंदर और आधा पत्थर के सहारे बाहर रखा। धरा ने शीशी से थोड़ा तेल अपनी नन्ही हथेली में लिया। जैसे ही उसने मालिश करने के लिए मछली की पूंछ को छुआ, मछली दर्द से चीख उठी।

धरा ने प्यार से ढांढस बंधाया, 'शुरू में थोड़ा दर्द होगा, सह लो। फिर धीरे-धीरे अच्छा लगेगा।'

धरा अपनी तेल वाली कोमल अंगुलियों को मछली की पूंछ पर धीरे-धीरे फेरने लगी। मछली को सचमुच आराम मिलने लगा। थोड़ी ही देर में उसका दर्द पूरी तरह गायब हो गया। मछली बहुत खुश हो गई। वह हंसते हुए बोली, 'मैं ठीक हो गई! मैं ठीक हो गई! मुझे बहुत अच्छा लग रहा है!' उसकी दोनों सहेली मछलियां भी बहुत खुश हुईं। तीनों मछलियों ने धरा के प्रति आभार प्रकट किया।

धरा ने सुनहरी मछली से कहा, 'अब से शरारत मत करना और जहां-तहां छलांगें मत लगाना।'

सुनहरी मछली ने वादा किया, 'अब से मैं ऐसा कभी नहीं करूंगी।' फिर अचानक बोली, 'धरा रुकना, मैं अभी आती हूं।' इतना कहकर वह पानी में चली गई। जब वह वापस आई, उसके मुंह में एक बहुत ही सुंदर कमल का फूल था। उसने वह फूल धरा को दिया और बोली, 'लो, यह मेरी तरफ से तुम्हारे लिए उपहार। और सुनो, तुम हमसे मिलने आती रहना।'

धरा हंसते हुए बोली, 'हां, अब तो हम दोस्त बन गए हैं! मैं तुमसे मिलने जरूर आऊंगी।'

इतना सुंदर कमल का फूल पाकर धरा खुशी से झूमती हुई अपने घर चली गई। तीनों मछलियां भी खुशी-खुशी तालाब में सरक गईं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

हंसाती-सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, झूला झूलने में बहुत मजा आता है, है न! जरा सोचो अगर तुमको किसी ऐसे झूले पर झूलने का मौका मिले, जो हंसने पर और जोर से झूलता हो, हवाई जहाज के सफर का एहसास कराता हो तो कितना मजा आएगा! कुछ समय पहले डॉ. विमला भंडारी की लिखी ग्यारह बाल कहानियों की किताब 'हंसने वाला झूला' छपकर आई है। इसकी शीर्षक कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी और उसका भाई चीकू अपने गांव में हंसने वाले झूले पर कितनी मस्ती करते हैं। वे ही नहीं गांव के बड़े-बूढ़े भी उस झूले का आनंद लेते हैं। किताब की एक कहानी 'बालकनी वाले वैज्ञानिक' में तुम आयुष्मान, रिया और शत्रुघ्न की साइंटिफिक शैतानी के बारे में पढ़ोगे। इसमें तीनों बच्चे किस तरह फ्लैट की बालकनी में लगे झूमर पर टोकरी बांधकर काल्पनिक अंतरिक्ष यात्रा करते हैं, यह पढ़कर तुम हंसे बिना नहीं रह पाओगे। साल दर साल गर्मी किस तरह हम सभी को बेचैन करती जा रही है और इसका क्या समाधान हो सकता है, इस विषय पर जागरूक करती एक कहानी है 'उफ्फ! ये गरमी'। किताब में एक प्यारी सी कहानी 'सुंदरी की नाव' भी तुम पढ़ोगे। इसमें नन्ही बच्ची सुंदरी को खुश करने के लिए बूढ़े हरनाम अंकल कैसी युक्ति लगाते हैं, यह पढ़कर तुम भी दूसरों की मदद करने के लिए जरूर प्रेरित होगे। 'बिरजू भैया का कुआं' कहानी भी यही संदेश देती है कि दूसरों की सुख-सुविधा के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। यह कहानी तुम्हें गुदगुदाएगी भी। किताब की शेष कहानियां भी मनोरंजन के साथ कोई न कोई अच्छा संदेश भी देती हैं। *

किताब : हंसने वाला झूला (बाल-कथा संग्रह),
लेखिका : डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य :** 350 रुपए,
प्रकाशक : इंडिया नेटबुक्स प्रा. लि., नोएडा

अंतर बताओ

बच्चो, यहां फॉरेस्ट पार्क में मस्ती कर रहे एनिमल्स और बर्ड्स के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढकर बताओ।

उत्तर: 1. बंदर के पास पेड़ की डाल से केले लटक रहे हैं। 2. शेर ने हैट पहन रखा है। 3. हाथी ने अपनी सूंड में स्टारफिश पकड़ा हुआ है। 4. गिरगिट का रंग बदला हुआ है। 5. ऊपर आकाश में एक पक्षी उड़ रहा है।

मिलान करो

बच्चो, यहां बाईं तरफ बर्ड और एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो क्रम में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से चित्र और परछाई का सही मिलान करो।

उत्तर: 1-E, 2-D, 3-A, 4-B, 5-C

7000 आवास अब तक अधूरे, इनमें 4 से 8 साल पहले स्वीकृत 554 आवास भी शामिल

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में सात हजार से अधिक आवासों का निर्माण अब तक अधूरे हैं। इनमें 500 से ज्यादा अपूर्ण आवास वर्ष 2026 से लेकर वर्ष 2023 के बीच स्वीकृत किए गए हैं। इसके बाद भी ये आवास अब तक पूर्ण नहीं किए जा सके हैं। जिला पंचायत के प्रधानमंत्री आवास विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2023 के बीच कुल 29480 आवास स्वीकृत किए गए थे। इसके एवज में 2896 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। इसी प्रकार 2024 से लेकर जुलाई 2026 की स्थिति तक कुल 40004 आवासों को स्वीकृति दी गई थी, जिसके एवज में 33548 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किए जा सके हैं। इस तरह सात हजार से अधिक आवास अब तक अधूरे हैं।

आंकड़े बताते हैं कि चालू वर्ष में बारिश का सीजन शुरू होने के पहले जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सात हजार से अधिक आवास लंबित हैं। इन आवासों में लगभग 554 ऐसे हैं, जिनकी स्वीकृति वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2023 के बीच में हुई थी, लेकिन फंड जारी नहीं होने सहित अन्य कारणों से ये सभी अधूरे हैं। उक्त अवधि में स्वीकृत, पूर्ण एवं अपूर्ण आवासों की विधानसभा वार स्थिति पर नजर डालें तो अभनपुर में कुल स्वीकृत 7480 आवासों में से 7383 पूर्ण हो चुके हैं, जो 98.70 प्रतिशत है, लेकिन 97 आवास अब भी अधूरे हैं। इसी प्रकार आरंग में 11005 स्वीकृत आवास में 98.18 प्रतिशत 10805 पूर्ण हो चुके हैं, वहीं 200 अपूर्ण हैं। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में 7428 स्वीकृत आवास में 97.76 प्रतिशत 7264 पूर्ण तथा 164 अपूर्ण हैं। रायपुर ग्रामीण में 708 स्वीकृत आवास में 93.73 प्रतिशत 664 पूर्ण हो पाए हैं, वहीं 44 अपूर्ण हैं। बलौदाबाजार-भाटापारा में 2859 स्वीकृत आवास में 98.29 प्रतिशत 2810 पूर्ण है, वहीं 49 अधूरे हैं। इस तरह सभी विधानसभा क्षेत्रों में 98.12 प्रतिशत आवास पूर्ण हुए है, वहीं 1.88 प्रतिशत आवास अधूरे हैं।

पिछले ढाई साल में 83.86 आवास पूर्ण

वित्तीय वर्ष 2024 से लेकर जुलाई 2026 की अवधि के दौरान कुल 40004 आवासों को स्वीकृति दी गई थी, जिनमें से 33548 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस तरह 83.86 प्रतिशत आवास पूर्ण हुए हैं। उक्त अवधि में विधानसभावार में अभनपुर में कुल स्वीकृत 10804 में पूर्ण 9593, आरंग में स्वीकृत 15629 आवास में 13163 पूर्ण, धरसींवा क्षेत्र में कुल स्वीकृत 9699 में 7686 पूर्ण, रायपुर ग्रामीण में कुल 893 स्वीकृत आवास में 615 पूर्ण तथा बलौदाबाजार भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में कुल स्वीकृत 2979 आवास में 2491 पूर्ण हुए है। इस तरह 6456 आवास अधूरे हैं।

किस्त की राशि जारी नहीं, अटका निर्माण

विभागीय सूत्र से जानकारी मिली है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई-जी) के तहत स्वीकृत किए जाने वाले आवासों के लिए किस्त में राशि जारी की जाती है। बताया गया कि किस्त की राशि जारी नहीं होने सहित अन्य कारण ये आवास भी पूर्ण नहीं हो पाए हैं। हालांकि विभाग के अधिकारी अपूर्ण आवासों को लेकर कोई भी जानकारी देने से कतरा रहे हैं। उनका कहना है कि आवास पूर्ण एवं अपूर्ण का डाटा दे सकते हैं, लेकिन कौन-कौन से आवास अपूर्ण हैं तथा किन कारणों से, इसकी जानकारी विभाग के आला अधिकारी ही दे पाएंगे कि कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि आवास से संबंधित आंकड़ा डेढ़ महीने पहले दिशा समिति की बैठक में भी प्रस्तुत किया जा चुका है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ईपीएफ की वेतन सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार की

रायपुर। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ईपीएफ की वेतन सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार प्रतिमाह करने को मंजूरी दी है। विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कर्मचारियों के वेतन में से भविष्यनिधि अंशदान कटौती के संबंध में पूर्व की वेतन सीमा को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दिया है। यह पुनरीक्षण 12 वर्ष बाद किया गया है। इस निर्णय से देशभर में लगभग 51 लाख कर्मचारियों के भविष्यनिधि के दायरे में आने की संभावना है। वर्तमान में बढ़ी हुई ईपीएफ वेतन सीमा विश्वकर्मा जयंती 2026 में 17 सितंबर से लागू है, जो कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा के विस्तार की दिशा में एक नई शुरुआत का प्रतीक है। इस उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक महासम्मेलन का आयोजन बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में 17 सितंबर को किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री, श्रम मंत्री सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही।

पीएससी विवाद के डैमेज कंट्रोल में जीएसटी पदोन्नति का मुद्दा सामने लाई सरकार

पदोन्नति में गड़बड़ी थी तो ढाई साल से क्या कर रही थी सरकार : सुशील

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राज्य जीएसटी विभाग की परीक्षा में कथित गड़बड़ी के आधार पर 42 कर्मचारियों की पदोन्नति रद्द किए जाने के मामले को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि हाल ही में पीएससी परीक्षा में कथित गड़बड़ियां सामने आने के बाद सरकार अपने बचाव में जीएसटी विभागीय परीक्षा की जांच रिपोर्ट पर आनन-फानन में कार्रवाई कर रही है।

उन्होंने कहा, यदि जीएसटी विभाग की पदोन्नति प्रक्रिया में गड़बड़ी थी तो सरकार पिछले ढाई साल से क्या कर रही थी। मामला केवल 42 कर्मचारियों से जुड़ा था और इसका निराकरण दो-तीन महीने में किया जा सकता था। उन्होंने जांच समिति की रिपोर्ट और उसके आधार बनाए गए प्रमाणों को सार्वजनिक करने की मांग की। साथ ही कहा, सरकार को गड़बड़ी के अपने दावे के समर्थन में पुष्ट साक्ष्य भी सामने रखने चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, वर्ष 2024 में 216 पदों पर पटवारी से राजस्व निरीक्षक पदोन्नति परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। उनके अनुसार यह परीक्षा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुई थी और विपक्ष के दबाव के बाद शिकायत की जांच कर परीक्षा निरस्त की गई। यह सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जीएसटी जांच की कार्रवाई और रिपोर्ट पीएससी परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप सामने आने के बाद ही क्यों सक्रिय हुई।

पीएससी-2025 की उत्तर पुस्तिकाएं देने की मांग

राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा पीएससी-2025 की सिविल सेवा परीक्षा के साक्षात्कार स्थगित किए जाने को कांग्रेस ने अपर्याप्त कदम बताया है। श्री शुक्ला ने कहा कि केवल साक्षात्कार स्थगित करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। आयोग को मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं अभ्यर्थियों को उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि वे प्राप्तांकों का स्वयं मूल्यांकन कर सकें और प्रक्रिया को लेकर संतुष्ट हो सकें।

पढ़ाई-लिखाई में छत्तीसगढ़ी को अहमियत देने की मांग

रायपुर। प्रदेश में छत्तीसगढ़ी भाषा को पढ़ाई-लिखाई के माध्यम में शामिल करने और रोजगार की मांग को लेकर 'एमए छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र संगठन द्वारा 2 अक्टूबर को सांकेतिक अनशन किया जाएगा। इस मौके पर संगठन के जितेंद्र कुमार साहू ने बताया कि 'छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र विकास समिति' और 'एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन' जैसे संगठनों ने सरकार के खिलाफ कई बार मोर्चा खोला है। छात्रों की मुख्य मांग है कि स्कूल शिक्षा विभाग में छत्तीसगढ़ी भाषा के शिक्षकों के लिए अलग से विशेष पद निकाले जाएं। इस संबंध में 12 सितंबर को बैठक भी ली, जिसमें निर्णय लिया गया है कि यदि सरकार हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

33 जिलों में 1100 से ज्यादा आधार केंद्र, 3.17 करोड़ से अधिक पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

फिंगरप्रिंट आधारित प्रमाणीकरण से पीडीएस में हितग्राहियों की पहचान में मदद

छत्तीसगढ़ शासन के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से गुरुवार को 'आधार प्रमाणीकरण एवं सत्यापन' विषय पर राज्य स्तरीय एक-दिवसीय कार्यशाला रखी गई। इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों को आधार प्रमाणीकरण, ऑफलाइन सत्यापन, फेस ऑथेंटिकेशन और आधार सेवाओं के सुरक्षित उपयोग की तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 150 से अधिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

खाद्य सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा, सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सही हितग्राहियों तक पहुंचाने में आधार प्रमाणीकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हितग्राही सत्यापन में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को देखते हुए ऑफलाइन आधार सत्यापन की जानकारी अधिकारियों के लिए उपयोगी है। उन्होंने बताया कि फिंगरप्रिंट आधारित प्रमाणीकरण से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित करने और पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिली है। चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने बताया कि राज्य के सभी 33 जिलों में इन-हाउस मॉडल के तहत 1,100 से अधिक आधार सेवा केंद्र शासकीय परिसरों में

संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों पर आधार नामांकन और अद्यतन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य में अब तक 3 करोड़ 17 लाख 33 हजार से अधिक आधार पंजीकरण किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन के लिए विभिन्न जिलों में विशेष शिविर लगाए गए हैं।

अग्रवाल के मुताबिक भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने छत्तीसगढ़ में 14 नए आधार सेवा केंद्र खोलने की अनुमति दी है। इनमें दुर्ग, महासमुंद, रायपुर, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा में केंद्रों का संचालन शुरू हो चुका है, जबकि अन्य स्थानों पर काम जारी है। इसके अलावा चिप्स ने सात अन्य जिलों में आधार सेवा केंद्र खोलने का प्रस्ताव भी यूआईडीएआई को भेजा है।

ऑफलाइन सत्यापन और फेस ऑथेंटिकेशन पर जोर

यूआईडीएआई के आधार उपयोग प्रभाग एवं मीडिया के निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल प्रवीण चौधरी ने आधार के सुरक्षित उपयोग और निर्धारित प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा, आधार से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए आधार अधिनियम के तहत स्पष्ट नियम और व्यवस्थाएं निर्धारित हैं। नागरिक ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन माध्यम से भी अपने आधार का सत्यापन कर सकते हैं।यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद के निदेशक टी. रामकृष्ण ने देश में आधार व्यवस्था के विस्तार, तकनीकी ढांचे और सेवा वितरण तंत्र की जानकारी दी। उन्होंने कहा, आधार सेवा केंद्रों के विस्तार के साथ नामांकन, अद्यतन और प्रमाणीकरण जैसी सेवाओं की पहुंच लगातार बढ़ी है।

धान खरीदी से पहले बारदाने की तैयारी, नए उपार्जन केंद्रों में सुविधाएं-भंडारण क्षमता बढ़ाने पर फोकस

धान खरीदी का अंतिम लक्ष्य और किसान पंजीयन की अंतिम संख्या घोषित नहीं

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 की धान खरीदी की तैयारियां तेज हो गई हैं। खाद्य विभाग ने इस बार खरीदी से पहले किसान पंजीयन, बारदानों की व्यवस्था, नए खरीदी केंद्रों में सुविधाएं और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर फोकस किया है। हालांकि सरकार ने अभी 2026-27 के लिए धान खरीदी का अंतिम लक्ष्य और किसान पंजीयन की अंतिम संख्या घोषित नहीं की है। खाद्य विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन सोसाइटी मॉड्यूल शुरू हो चुका है और किसान पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। खरीफ वर्ष 2026-27 में धान बेचने के लिए किसान पंजीयन 31 अक्टूबर तक निर्धारित किया गया है। एग्रीस्टैक आईडी वाले पिछले वर्ष के पंजीकृत किसानों को धान विक्रय के लिए मान्य किया गया है, जबकि नई भूमि खरीद, बिक्री, नामांतरण या बंटवारे की स्थिति में भूमि की मैपिंग जरूरी होगी। डिजिटल क्रॉप सर्वे के जरिए खसरा और क्षेत्रीय स्तर पर वास्तविक फसल क्षेत्र का ऑनलाइन सत्यापन भी किया जाना है।

धान खरीदी की सबसे अहम तैयारियों में बारदानों की व्यवस्था शामिल है। मार्कफेड ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए बारदाना खरीद की वित्तीय व्यवस्था को लेकर बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इसके लिए 12 जून और 5 अगस्त को निविदा संबंधी सूचनाएं जारी की गई हैं। हालांकि नए बारदानों और पुराने बारदानों की वास्तविक संख्या का आधिकारिक लक्ष्य अभी सामने नहीं आया है। बताया गया है कि 2026-27 में यदि धान खरीदी का लक्ष्य लगभग 160 लाख टन के आसपास रहता है तो करीब 8 लाख गठान जूट बारदानों की जरूरत होगी। हालांकि 2026-27 का अंतिम लक्ष्य तय होने पर यह संख्या बदल सकती है। प्रदेश में 2024-25 में 149.25 लाख टन और 2025-26 में 141.04 लाख टन धान की खरीदी हुई, यानी पिछले दो सीजन में औसत खरीदी करीब 145 लाख टन रही। ऐसे में इस साल सरकार के सामने खरीदी शुरू होने से पहले किसान पंजीयन पूरा कराने के साथ-साथ बारदानों, खरीदी केंद्रों, परिवहन, भंडारण और मिलिंग की व्यवस्था पर्याप्त रखने की चुनौती है।

अ-20013/(विविध) पत्राचार/फ.सा. सु./2023-कृ.सा.
भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय

क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, क्षेत्र संकार्य प्रभाग, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, सेवानिवृत्त अधिकारियों से 'कंसल्टेंट' के रूप में अनुबंध आधार पर प्रारंभिक 12 माह की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

2. पात्रता, कार्य का स्वरूप, नियम एवं शर्तें एवं आवेदरन प्रपत्र का विवरण मंत्रालय की वेबसाईट https://www.mospi.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

3. आवेदन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 है। पात्र सेवानिवृत्त अधिकारी अपना आवेदन ई-मेल ro.rpr-fod@nic.in पर कर सकते हैं।

दिनांक : 18.09.2026
स्थान : रायपुर (छ.ग.)

अग्रवाल सचिता राकेश
उपनिदेशक
ई-मेल : ro.rpr-fod@nic.in

CBC-39124/11/0001/2627

5 लाख रुपए में दी थी ससुर के कत्ल की सुपारी, पलामू से बुलाए तीन हत्यारे

दामाद और हत्यारा समेत तीन गिरफ्तार, दो आरोपियों की तलाश जारी, घर में घुसकर बुजुर्ग की हत्या का मामला

अम्बिकापुर। शहर के रसूलपुर मोहल्ले में दिन दहाड़े घर में घुसकर बुजुर्ग की चाकू से गोदकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस इस मामले दामाद समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि दो आरोपी फरार चल रहे है। दामाद ने ही पांच लाख रूपए में सुपारी देकर ससुर की हत्या की योजना बनाई थी।

बता दें कि 16 सितंबर की सुबह शहर के रसूलपुर मोहल्ले में दिनदहाड़े घर में घुसकर तीन हमलावरों ने 70 वर्षीय बुजुर्ग बशीरुद्दीन सिद्दकी पर चाकू से हमला किया था। इस हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। बुजुर्ग की मौत के बाद उनकी पुत्री सादिया शारीन सिद्दीकी ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। इस दौरान उन्होंने बताया कि हमलावर घर में किराए का मकान देखने के नाम पर घुसे थे और फिर उनके पिटा बशीरुद्दीन सिद्दीकी पर जानलेवा हमला किया। महिला ने बताया कि उनका अपने पति मो. नाजिम शबा से तलाक को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है और पति के साथ ही ससुराल पक्ष के लोग तलाश का केस वापस लेने के लिए मायके पक्ष पर लगातार दबाव बना रहे थे और केस वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। घटना की सूचना पर पहुंचे आईजी दीपक कुमार झा और एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले की गंभीरता से जांच और आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए थे। इस दौरान थाना कोतवाली एवं साइबर सेल पुलिस टीम, फॉरेंसिक टीम दवरा जांच करने के साथ ही नाकेबंदी कर सघन चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस ने रनपुरखुर्द सरनापारा निवासी नाजिम शबा अ. मोईन अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी नाजिम ने पुलिस को बताया कि उसने अपने ससुर की हत्या करवाने के लिए एक व्यक्ति से 5 लाख रुपए में सौदा तय किया जिसके बाद पलामू चैनपुर से कंचन कुमार व दो अन्य आरोपी सरगुजा पहुंचे।

घर में रुकवाकर बनाई हत्या की योजना

आरोपी ने पुलिस को बताया कि कंचन कुमार व दो अन्य आरोपी पलामू से पहुंचे जिन्हें उसने अपने साथी डाकिया निवासी गुड्डू उर्फ नेजारुद्दीन के अजिरमा स्थित किराए के मकान में रुकवाया। इसी घर में मिलकर सभी ने हत्या और उसके बाद भागने की योजना बनाई। योजना के तहत कंचन कुमार अपने दो साथियों के साथ बाइक से बुजुर्ग के घर पहुंचा और वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी आर झारखंड के पलामू चैनपुर इंद्रानगर निवासी 28 वर्षीय कंचन कुमार आ. स्व. अक्षय राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने नाजिम शबा के कहने पर अपने दो साथियों के साथ मिलकर हत्या को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त बाइक, खून लगा कपड़ा, बस का टिकट बरामद किया हाही। वहीं पुलिस ने इस वारदात में शामिल तकिया रनपुर निवासी 32 वर्षीय नेजारुद्दीन उर्फ गुड्डू आ. नसरुद्दीन को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 (1), 61(2), 238, 109(1), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

प्रभारी मंत्री कश्यप ने फुंडहर गोधाम के लिए 25 लाख की दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने नगर निगम जोन-9 के अंतर्गत फुंडहर गोधाम में गोवंश की सुरक्षा, रखरखाव और शेड निर्माण के लिए 25 लाख रुपए का स्वेच्छानुदान स्वीकृत किया है। मंत्री ने महापौर मीनल चौबे की मांग पर यह राशि स्वीकृत की। महापौर श्रीमती चौबे ने प्रभारी मंत्री को नगर निगम की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है। विदित हो कि गत दिनों रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने पार्षदों और अधिकारियों की उपस्थिति में फुंडहर गोठान का आकस्मिक निरीक्षण किया था। अव्यवस्था को दूर कर गोवंश की सुरक्षा, रखरखाव के साथ ही आवश्यक प्रबंध करने तथा अस्थायी रूप से वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में गोवंश की सुरक्षा के लिए तालपत्री की व्यवस्था की गई। महापौर ने इस संबंध में प्रभारी मंत्री केदार कश्यप से मिलकर उन्हें निगम क्षेत्र के गोधामों में गोवंश की सुरक्षा, रखरखाव और शेड निर्माण स्थायी रूप से करने आवश्यक राशि स्वीकृत करने मांग पत्र सौंपा था।

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
आम सूचना

क्रं.11/न.पा.नि./बाजार विभाग/2026-27 बिलासपुर दिनांक 17/09/2026

चाटीडीह सब्जी मंडी में नवनिर्मित चबूतरा आबंटन हेतु सब्जी विक्रेताओं की उपलब्ध करायी गई सूची एवं बाजार विभाग नगर पालिक निगम के कर्मचारियों द्वारा किये गये सर्वे में मिलान कर दोनों सूची में दर्ज सब्जी विक्रेताओं के नामों में से प्रथम चरण में कुल 67 सब्जी विक्रेताओं के नामों का मिलान दोनों सूची से किया गया है जिन्हें प्रथम चरण में चबूतरें का आबंटन किया जाना है, सूची कार्यालय नगर पालिक निगम विकास भवन नेहरु चौक बिलासपुर के सूचना पटल पर चस्पा किया जा रहा है, सूची एवं नियम शर्तों का अवलोकन कर दावा आपत्ति सूची प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर कार्यालय नगर पालिक निगम में की जा सकती है समयावधि के पश्चात् की गई आपत्ति अमान्य होगी।

उपायुक्त
बाजार विभाग
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-234/26-27/I/635079/2026 Raipur, Date:16/09/2026

E-TENDER NOTICE NO. TN-234/2026-27

Online bids are invited for Supply/ work as mentioned below:-

S. No.	Tender no. /RFx no.	Description	Submission Date & time
1.	MP-298/26-27 8100054182 (With RLA)	Procurement of Various Size of Erosion Protection Shield for Economizer and LTSH Coil Assembly of 2x500 MW, ABVTPS, Marwa	13.10.2026 Upto 15:00 Hrs
2.	EW-300/26-27 8100054248 (Without RLA)	Deployment of One No. Ambulance (Make-Maruti Eeco or Equivalent) well equipped, consumable, maintenance etc) for round the clock duty at HBHPS, CSPGCL Machadoli	07.10.2026 Upto 15:00 Hrs
3.	HW-305/26-27 8100054249 (Without RLA)	Deployment of 14 Nos Computer Operators on contractual basis for O/o E.D./C.E. (HR), CSPGCL, Raipur	07.10.2026 Upto 15:00 Hrs

For details please visit our website **https://cspc.co.in** or e-bidding portal:– **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal**

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN)
CSPGCL:RAIPUR

कार्यालय नगर पंचायत नया बाराद्वार, जिला सक्ती (छ.ग.)

E-Mail ID-np.nayabaradwar@gmail.com

क्र./548/लो.नि.वि./न.पं./2026-27 नया बाराद्वार, दिनाँक 17/09/2026

जेम आनलाइन बिड आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

एतद्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से प्लेसमेंट अंतर्गत श्रमिक प्रदाय हेतु (Online) बिड आमंत्रित आमंत्रित की जाती है।

S. N0.	BID NUMBER	SPECIFICATION PARAMETER NAME	EARNEST MONEY DEPOSIT
1.	GEM/2026/B/ 8045154	Manpower Outsourcng Services- Minimum wage-unskulled: Not required others, Manpower Outsoureng Services- Minimum wage- Skulled, High Skilled, Others, Manpower Outsourcng Services - Minimum wage-Highly skilled, Secondary School Others.	65000.00

टीप :- विभागीय वेबसाईट **UAD Portal:** एवं **https://uad.cg.gov.in** पर बिड आमंत्रण सूचना डाउनलोड की जा सकती है। अन्य विस्तृत विवरण **GEM.GOV.IN** में डाउनलोड की जा सकती है। किसी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जायेगी। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जायेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नया बाराद्वार

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website :www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No.03-15/W/25837 Raipur, date 11.09.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

Sl. No.	Tender Specification No.	Name of Work	NIT value i/c 18% GST (Rs.)	EMD (Rs.)	Completion period (incl. Rainy season)	RFx No.
1	CEC/AU&PC/ HTPS-KW/ W/ 2026/38	Repair and maintenance of service road as and when required basis at ash dyke Jhabu of 4x210 MW HTPS, CSPGCL, Korba West.	12,84,320/-	12,900/-	04 Months	81000 54240

Note: -1. Cost of tender form is Rs. 590/- (Rs. 500/- + 18% GST). 2. The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 05.10.2026 (up to 15:00 Hrs). 3. Bid opening date (Techno commercial bids) is 07.10.2026 (up to 16:00 Hrs). 4. Maintenance period for the work shall be Nil. 5. In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj /portal.

//Save Electricity//

Chief Engineer (Civil) AU & PC,
CSPGCL, Raipur

खबर संक्षेप

एलसीसी का शेयर 31 प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। एलसीसी प्रोजेक्ट्स का शेयर अपने 146 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 31 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 191.90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 31.43 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर शेयर ने 29.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 189 रुपये पर कारोबार शुरू किया।

करमतारा का शेयर 26% की बढ़त के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली। नवीकरणीय ऊर्जा एवं बिजली पारेषण क्षेत्रों के लिए इंजीनियरिंग इस्पात उत्पाद बनाने वाली करमतारा इंजीनियरिंग का शेयर अपने 254 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 26 प्रतिशत की बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। एनएसई दोनों पर 320 रुपये पर कारोबार शुरू किया, जो निर्गम मूल्य से 25.98 प्रतिशत की बढ़त है।

वर्मोरा ग्रेनिटो का आईपीओ 22 सितंबर को खुलेगा

नई दिल्ली। टाइल्स तथा बाथवेयर बनाने वाली कंपनी वर्मोरा ग्रेनिटो लिमिटेड 22 सितंबर को 708 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने जा रही है। कंपनी की ओर से बृहस्पतिवार को जारी सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 140-148 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

मणिपाल पेमेंट तीन फीसदी गिरावट के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली। मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस का शेयर अपने 339 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 332 रुपये पर खुला जो निर्गम मूल्य से दो प्रतिशत की गिरावट है। वहीं, एनएसई पर शेयर ने 2.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 330 रुपये पर कारोबार शुरू किया।

रेंटोमोजो का शेयर 19 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली। घरेलू फर्नीचर और उपकरण किराये पर देने वाली कंपनी रेंटोमोजो लिमिटेड का शेयर अपने 404 रुपये के निर्गम मूल्य से 19 प्रतिशत से बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 480 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 18.81 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर इसने 19.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 482.45 रुपये पर शुरुआत की।

स्टीमहाउस का शेयर पहले दिन 17 फीसदी चढ़ा

नई दिल्ली। औद्योगिक गैस बनाने वाली कंपनी स्टीमहाउस इंडिया का शेयर अपने 81 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 17 प्रतिशत की बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। निर्गम मूल्य से 14.81 प्रतिशत अधिक 93 रुपये पर कारोबार शुरू किया। शेयर 94.50 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 16.66 प्रतिशत की बढ़त है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,689.71 करोड़ रुपये रहा। 414 करोड़ रुपये के आईपीओ को पिछले सप्ताह शुक्रवार को 30.49 गुना अभिदान मिला था।

अदाणी को एक ही दिन में 42,000 करोड़ रुपए की चोट, रुतबा और नेटवर्थ घटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के अरबपतियों में भारत के सबसे बड़े रईस गौतम अदाणी का रुतबा और दौलत दोनों कम हो गए। अदाणी अब एशिया के सबसे रईस व्यक्ति नहीं रहे। उन्हें चीन के झांग यिमिंग ने पछाड़कर यह ताज हासिल कर लिया है।

■ दुनिया के अरबपतियों में झांग 18वें और एशिया में पहले स्थान पर पहुंचे

यिमिंग 105 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अरबपतियों में 18वें और एशिया में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। अदाणी की संपत्ति एक झटके में ही 42,000 करोड़ रुपए से अधिक कम हो गई और ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में भी 20वें स्थान पर आ गए। दूसरी ओर मुकेश अंबानी को भी 17,000 करोड़ रुपए से अधिक की चोट पहुंची है। अदाणी की संपत्ति में गिरावट की वजह अडाणी ग्रुप के शेयरों में गिरावट रही। जबकि, अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों ने चोट पहुंचाई है।

चीन के झांग यिमिंग का नेटवर्थ अब 105 अरब डॉलर हो गया

अंबानी को 17,000 करोड़ रुपए की चोट पहुंची

अब अदाणी का नेटवर्थ 105 अरब डॉलर रह गया है। अरबपतियों की लिस्ट में वह 20वें स्थान पर आ गए हैं। जबकि, अंबानी को 1.78 अरब डॉलर यानी करीब 17000 करोड़ रुपए की चोट पहुंची है। उनका नेटवर्थ 81.3 अरब डॉलर रह गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर मंगलवार को 1.47 प्रतिशत टूटकर 1239 रुपए पर बंद हुए।

अमेरिकी बांड के बाजार का सेंटिमेंट किया खराब : अडाणी शेयरों में यह कमजोरी व्यापक बाजार की गिरावट के बीच आई। मंगलवार को निफ्टी 1.19 प्रतिशत गिरकर 23,118.60 और सेंसेक्स 1.04 प्रतिशथ टूटकर 74,003.82 पर बंद हुआ। ऊंचे कच्चे तेल के दाम और अमेरिकी बांड यील्ड में बढ़ोतरी ने मार्केट सेंटिमेंट्स पर दबाव बनाया।

एलन मस्क को भी बड़ा नुकसान : दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की दौलत में भी गिरावट दर्ज की गई। टेस्ला और स्पेस एक्स में गिरावट की वजह से मस्क को एक ही दिन में 24.8 अरब डॉलर का झटका लगा। अब उनका नेटवर्थ 892 अरब डॉलर रह गया है।

शेयरों में गिरावट के कारण हुई दौलत कम

दुनिया के अरबपतियों की दौलत में उछाल या गिरावट की सबसे बड़ी वजह उनके शेयर्स होते हैं। मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के नेटवर्थ का बड़ा हिस्सा उनकी कंपनियों के शेयरों का है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक अडाणी को मंगलावार को 4.44 अरब डॉलर यानी 42000 करोड़ रुपए से अधिक का झटका लगा।

अडाणी के शेयर तीन फीसदी तक टूटे

वहीं अडाणी पोर्ट्स एंड सेज करीब 2.88 प्रतिशत गिरकर 1,713.80 रुपए पर बंद हुआ। अडाणी ग्रीन एनर्जी 2.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,255 रुपए पर आ गया। अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में भी 1.86 प्रतिशत की कमजोरी रही और शेयर करीब 1,347.50 रुपए पर बंद हुआ। वहीं अडाणी टोटल गैस करीब 2.46 प्रतिशत गिरकर 580.15 रुपए और अंबुजा सीमेंट्स 2.58 प्रतिशत टूटकर 381.75 रुपए पर रहा।

उद्योग जगत और खुदरा व्यापारी संगठन ने जताई संभावना

यूपीआई एमडीआर से व्यापारियों पर बढ़ेगा बोझ, नकदी की तरफ लौटने की आशंका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बड़े मूल्य के यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) लगाए जाने के बीच खुदरा एवं थोक व्यापारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि इससे कम मुनाफे पर काम करने वाले कारोबारियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और कुछ व्यापारी नकद भुगतान को प्राथमिकता देने के लिए मजबूर हो सकते हैं।

व्यापारियों का यह भी कहना है कि यूपीआई से भुगतान की आदत पड़ जाने के कारण अब बहुत कम लोग नकदी लेकर निकलते हैं। ऐसे में यह बदलाव दुकानदारों तथा ग्राहकों दोनों के लिए परेशानी पैदा कर सकता है। दिल्ली के थोक बाजार 'सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन' के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगने से छोटे व्यापारियों पर महीने में 3,000 से 5,000 रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है।

डिजिटल पहल को पीछे धकेलने वाला बताया

पम्मा ने कहा, ''यह सरकार की डिजिटल पहल को पीछे धकेलने वाला कदम है। एक तरफ सरकार कहती है कि आपको जेब में नकदी रखने की जरूरत नहीं है, वहीं ऐसा कदम उठाया गया है कि दुकानदार और ग्राहक सभी नकदी की ओर रुख करेंगे।' हालांकि, खुदरा व्यापारियों के संगठन 'कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स' (कैट) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, इस शुल्क का छोटे दुकानदारों पर असर नहीं पड़ेगा।

■ यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाई जाएगी

■ कम मुनाफे पर काम करने वाले कारोबारियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा

■ कुछ व्यापारी नकद भुगतान को प्राथमिकता देने के लिए मजबूत हो सकते हैं

त्योहार से पहले लिए गए इस फैसले से व्यापारियों में रोष

एमडीआर वह शुल्क है जो डिजिटल भुगतान स्वीकार करने वाले व्यापारी से यूपीआई भुगतान प्रणाली में शामिल भागीदारों को दिया जाता है। एनपीसीआई के अनुसार, नई व्यवस्था का उद्देश्य यूपीआई भुगतान प्रणाली के लिए टिकाऊ राजस्व मॉडल तैयार करना है। वहीं दिल्ली व्यापार महासंघ के अध्यक्ष देवराज बवेजा ने कहा कि त्योहारों से ठीक पहले इस फैसले से व्यापारियों में रोष है।

रुपे डेबिट कार्ड से भुगतान पर नहीं लगेगा शुल्क

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने रुपे डेबिट कार्ड से भुगतान पर शुल्क नहीं लगने की बात कही है और बड़े व्यापारी यह तरीका अपना सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद खंडेलवाल ने कहा कि डिजिटल भुगतान से जुड़ी साइबर सुरक्षा मजबूत करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और एमडीआर से प्राप्त राशि का एक हिस्सा इस दिशा में इस्तेमाल किया जाएगा।

ग्राहक से अलग से शुल्क मांगना आसान नहीं होगा

दुकानदार ने कहा कि ग्राहक के पास नकदी नहीं होने पर दुकानदार को यूपीआई भुगतान स्वीकार करना ही पड़ेगा, क्योंकि मना करने पर ग्राहक दूसरी दुकान का रुख कर सकता है। ऐसे में शुल्क का भार दुकानदार को ही उठाना पड़ेगा और ग्राहक से अलग से शुल्क मांगना भी आसान नहीं होगा। एनपीसीआई के अनुसार प्रति माह एक लाख रुपये तक पाने वाले छोटे व्यापारियों के लिए सभी लेनदेन पर अनिवार्य रूप से शून्य एमडीआर की सुविधा मिलेगी।

वित्त मंत्रालय का मानना नहीं पड़ेगा असर

वित्त मंत्रालय का अनुमान है कि 2,000 रुपये से अधिक के व्यापारी यूपीआई लेनदेन पर 15 अक्टूबर से 0.4 प्रतिशत 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) लागू होने से नकदी लेनदेन नहीं बढ़ेगा। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि इस फैसले से यूपीआई लेनदेन की कुल मात्रा का सिर्फ चार प्रतिशत प्रभावित होगा और इससे यूपीआई के इस्तेमाल में कमी आने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि रुपे डेबिट कार्ड से होने वाले लेनदेन किसी भी राशि के लिए पूरी तरह निशुल्क हैं।

एनएसई के मंच पर कारोबार मंजूरी के लिए कोई प्रस्ताव नहीं : सेबी

एजेंसी ⏭ मुंबई

■ पांडेय ने कहा, फिलहाल इस तरह के कारोबार की अनुमति नहीं दी जा सकती

सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सूचीबद्ध होने के बाद अपने ही मंच पर कारोबार की अनुमति संबंधी बाजार नियामक के पास कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

पांडेय ने 'नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (नैबफिड) इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव 2026' से इतर पत्रकारों से कहा, ''नहीं, ऐसा कोई पत्र नहीं है और ऐसी कोई आवश्यकता भी नहीं है। उन्होंने कहा कि फिलहाल इस तरह के कारोबार की अनुमति नहीं दी जा सकती। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का बहुप्रतीक्षित 22,569 करोड़ रुपये का आईपीओ बृहस्पतिवार को अभिदान के लिए खुल गया। तीन दिन का यह निर्गम 21 सितंबर को बंद होगा। आईपीओ पूरी तरह मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 12.64 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है।

आईपीओ को पहले दिन नौ प्रतिशत अभिदान

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) का 22,569 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बृहस्पतिवार को अभिदान के लिए खुल गया। बोली के पहले दिन अब तक निर्गम को नौ प्रतिशत अभिदान मिला है। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, पूर्वाह्न 10 बजकर 16 मिनट तक 8,86,42,911 शेयर की पेशकश के मुकाबले 81,99,336 शेयर के लिए बोलियां मिलीं।

क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो-2026 : रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी में 50 प्रतिशत छूट

250 से ज्यादा प्रोजेक्ट एक छत के नीचे

रायपुर। राजधानी में 18 से 20 सितंबर तक होने वाले क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो-2026 को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय एक्सपो में प्रॉपर्टी खरीदारों को बड़ा ऑफर मिलेगा। एक्सपो के दौरान ऑन-स्पॉट प्रॉपर्टी बुकिंग करने वाले ग्राहकों को रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी पर 50% की छूट दी जाएगी। यह छूट बिल्डर्स अपनी ओर से वहन करेंगे। हालांकि, ऑफर का लाभ केवल एक्सपो अवधि में की गई बुकिंग पर ही मिलेगा। क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी, चेयरमैन मृणाल गोलछा, सचिव अभिषेक बच्छावत, आईपीपी संजय रहेजा, कोषाध्यक्ष आयुष मोदी, प्रोग्राम चेयरमैन अशोक मूंदड़ा और प्रतीक केवलानी ने बताया कि एक्सपो में क्रेडाई से संबद्ध 50 बिल्डर्स के 250 से अधिक प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें फ्लैट, बंगला, मकान, विला, प्लॉट और कमर्शियल स्पेस शामिल हैं। अलग-अलग बजट और लोकेशन के विकल्प खरीदारों को मिलेंगे।

■ 18 से 20 सितंबर तक इंडोर स्टेडियम में आयोजित

बैंक और रेरा के स्टॉल भी

प्रॉपर्टी खरीदने वालों की सुविधा के लिए विभिन्न बैंकों के स्टॉल लगाए जाएंगे। बैंक अधिकारी होम लोन, ईएमआई और जरूरी दस्तावेजों की जानकारी देंगे। वहीं, रेरा का स्टॉल भी रहेगा, जहां खरीदार प्रॉपर्टी से जुड़ी वैधानिक जानकारी और शंकाओं का समाधान करा सकेंगे। आयोजकों के अनुसार एक्सपो का यह सातवां संस्करण है। इंडोर स्टेडियम में पार्किंग, कवर्ड कैंपस और आसान कनेक्टिविटी की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों को उम्मीद है कि फेस्टिव सीजन में एक्सपो से प्रॉपर्टी बाजार को गति मिलेगी।

एसीएमई की योजना में निवेश करेगी ब्रुकफील्ड

नई दिल्ली। वैश्विक निवेश कंपनी ब्रुकफील्ड ने भारत और पश्चिम एशिया में एसीएमई की 'ग्रीन मॉलिक्यूल' परियोजनाओं के विकास एवं निर्माण में मदद के लिए एसीएमई क्लीनटेक वेंचर्स में 60 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक निवेश करने की घोषणा की है। बयान के अनुसार, एसीएमई क्लीनटेक वेंचर्स ब्रिटेन में पंजीकृत एसीएमई समूह की एक निजी इकाई है, जो समूह की 'ग्रीन मॉलिक्यूल' परियोजनाओं के लिए काम करती है। ब्रुकफील्ड में दक्षिण एवं पश्चिम एशिया के ऊर्जा कारोबार के प्रबंध साझेदार तथा प्रमुख नवल सैनी ने कहा, ''कंपनियां और सरकारें कार्बन उत्सर्जन कम करने के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर इस्तेमाल किए जा सकने वाले समाधानों की तलाश कर रही हैं।

घरेलू मांग घटने से सोने में 600 रुपए की गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रही। घरेलू मांग में कमी के कारण सोने की कीमत में कमी आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,55,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

■ सोना टूटकर 1.55 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रही

हालांकि, स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, सभी करों सहित चांदी की कीमत 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू बाजार में कमजोर मांग का असर सोने की कीमतों पर पड़ा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''फेडरल रिजर्व के सख्त नीतिगत संदेश के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुख के कारण बृहस्पतिवार को सोने की कीमत में थोड़ी गिरावट आई।''

फेड ने ब्याज दर बढ़ाकर 4 फीसदी की

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने उम्मीद के मुताबिक अपनी मानक ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 3.75-4 प्रतिशत कर दिया। यह तीन वर्षों में पहली बार दर में वृद्धि है।

कोयला की वाणिज्यिक नीलामी का 16वां दौर शुरू...

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय ने वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के 16वें दौर की बृहस्पतिवार को शुरुआत की और हितधारकों को बोली में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। मंत्रालय ने इस दौर में विभिन्न राज्यों में स्थित 25 कोयला खदानें बिक्री के लिए पेश की हैं। इनमें से 21 पूरी तरह से खोजी गई हैं, जबकि चार आंशिक रूप से खोजी गई खदानें हैं। ये खदानें ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार, तेलंगाना और अरुणाचल प्रदेश में स्थित हैं। केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने नीलामी की शुरुआत करते हुए कहा, ''हम निवेशकों से नीलामी के इस दौर में हिस्सा लेने का आह्वान करते हैं।

श्री बालाजी हॉस्पिटल के नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर में पहले दिन पहुंचे 156 मरीज

31 को कीमोथेरेपी और 28 को रेडिएशन की सलाह

रायपुर। मोवा स्थित 200 बिस्तरों वाले एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल में चल रहे 11 दिवसीय निशुल्क कैंसर जांच शिविर को पहले ही दिन अच्छा रिस्पांस मिला। शिविर के पहले दिन 156 मरीज ओपीडी पहुंचे और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेकर स्वास्थ्य जांच कराई। जांच के बाद 31 मरीजों को कीमोथेरेपी, 28 को रेडिएशन थेरेपी और 23 मरीजों को ऑन्को सर्जरी की सलाह दी गई। वहीं, 10 मरीजों को पीईटी-सीटी स्कैन के लिए भेजा गया, जबकि 3 मरीजों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सलाह दी गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार कीमोथेरेपी, रेडिएशन और ऑन्को सर्जरी की सुविधा आयुष्मान योजना के तहत बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में मरीजों को निशुल्क ओपीडी परामर्श और निशुल्क मैमोग्राफी जांच की सुविधा भी मिल रही है। इसके अलावा विभिन्न जांचों पर 50% तक की छूट तथा पीईटी-सीटी स्कैन मात्र 10 हजार रुपए में किया जा रहा है।

समय पर जांच और उपचार पर जोर

शिविर का उद्देश्य कैंसर की समय रहते पहचान, सही जांच और उचित उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करना है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों की जांच के साथ उन्हें बीमारी और आगे के उपचार को लेकर आवश्यक परामर्श दे रही है। अस्पताल प्रबंधन ने नागरिकों से अपील की है कि शरीर में कैंसर से जुड़े किसी भी संभावित लक्षण को नजरअंदाज न करें और समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें। यह विशेष शिविर 15 से 25 सितंबर 2026 तक चलेगा।

फेड ने ब्याज दरों में 25 बेसिस पाइंट की बढ़ोतरी की

अमेरिकी फेड रिजर्व ने 3 साल बाद बढ़ाई ब्याज दर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईरान के साथ जंग छिड़ी जंग के बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार रात को ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी। तीन साल से ज्यादा समय बाद फेड ने पहली बार ब्याज दर बढ़ाई है।

■ इस वृद्धि से आने वाले समय में महंगाई बढ़ सकती है

महंगाई पर काबू पाने के लिए उठाए गए इस कदम के बाद अमेरिकी फेडरल फंड्स रेट बढ़कर 3.75 से 4 फीसदी के दायरे में पहुंच गई है। फेड द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने के बाद अमेरिकी शेयरों में मिला-जुला कारोबार देखने को मिला। फैसले से पहले डाउ में खरीदारी थी तो फैसले के बाद यह रेड जोन में ट्रेड कर रहा था। S&P 500 में उछाल था तो नैस्डैक 0.82% में भी बढ़त देखी गई। फेडरल रिजर्व ने अपनी 'इकोनॉमिक प्रोजेक्शन समरी' में अनुमान लगाया कि साल के आखिर तक ब्याज दरों में एक और बढ़ोतरी की जाएगी।

इसके साथ ही, महंगाई और ग्रोथ के अपने अनुमानों को भी बढ़ाया है। इस अनुमान के मुताबिक, फेड को उम्मीद है कि साल के आखिर तक अमेरिका की रियल जीडीपी ग्रोथ 2.3 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी जबकि पहले का अनुमान इससे कम था। फेड को उम्मीद है कि महंगाई का उसका मानक 3.7 प्रतिशत रहेगा, जो साल के आखिर के लिए पहले लगाए गए 3.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है।

भारत पर क्या असर?

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले का भारतीय बाजार पर भी असर पड़ेगा। अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने से डॉलर में मौजूद एसेट्स ज्याद आकर्षक हो सकते हैं, जिससे भारत के बाजार में आने वाले कैपिटल फ्लो पर असर पड़ सकता है। डॉलर के मजबूत होने से रुपया पर भी दबाव पड़ सकता है। भारत में निवेशक निश्चित रूप से रुपए, भारतीय इक्विटी, सरकारी बांड यील्ड, विदेशी पोर्टफोलियो फ्लो, सोने आदि के असर पर नजर रखेंगे।

जंग की वजह से 38.1 अरब डॉलर का नुकसान

अमेरिकी कांग्रेस के बजटीय कार्यालय (सीबीओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के खिलाफ जारी युद्ध के कारण अमेरिका को एक अगस्त तक करीब 38.1 अरब अमेरिकी डॉलर (2,69,545 करोड़ रुपए) का भारी वित्तीय नुकसान हो चुका है। सैन्य अभियानों की तीव्रता के आधार पर आने वाले एक महीने की लड़ाई में अमेरिका को दो से तीन अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ सकता है। zसीबीओ की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि यदि हथियारों का उत्पादन बढ़ाया भी जाता है, तो भी इस भंडार को पहले जैसी स्थिति में लाने में कम से कम पांच वर्ष का समय लगेगा।

रायपुर से पहले भिलाई नगर में खुलेगा रेलमंडल का पहला कोच रेस्टोरेंट, एक साथ 60 से अधिक के बैठने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रेल यात्रियों को अब स्टेशन पर ही ट्रेन के कोच में बैठकर लजीज भोजन का आनंद लेने का मौका मिलेगा। नागपुर और बिलासपुर के उसलापुर स्टेशन के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल के भिलाई नगर स्टेशन पर आधुनिक कोच रेस्टोरेंट खोलने की तैयारी है। पहले इसे रायपुर में शुरू करने की योजना थी, लेकिन डेवलपमेंट कार्य के चलते रेलवे ने स्थान बदलकर भिलाई नगर में इसे शुरू करने का फैसला किया है। रेलवे के अनुसार, कोच रेस्टोरेंट के लिए पुराने रेलवे कोच का इस्तेमाल किया जाएगा। इसे टेंडर के माध्यम से एजेंसी को सौंपकर रेस्टोरेंट के रूप में विकसित किया जाएगा। कोच को विशेष रेलवे थीम पर सजाया जाएगा, ताकि यहां आने वाले लोगों को ट्रेन में सफर करते हुए भोजन करने जैसा अनुभव मिल सके। रेस्टोरेंट में एक समय में 60 से अधिक लोग बैठकर भोजन कर सकेंगे।

भिलाई नगर स्टेशन से दिन-रात कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें गुजरती हैं। फिलहाल रात 10 बजे के बाद स्टेशन पर खानपान की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को परेशानी होती है। इसे देखते हुए प्रस्तावित कोच रेस्टोरेंट को 24 घंटे संचालित करने की योजना है। इसके शुरू होने के बाद यात्रियों को देर रात भी स्टेशन परिसर में गर्म भोजन और नाश्ता उपलब्ध हो सकेगा। रेलवे की यह पहल यात्रियों के साथ स्टेशन आने वाले स्थानीय लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकती है। खासकर शाम और रात के समय भोजन करने वालों के लिए ट्रेन के कोच में तैयार यह रेस्टोरेंट एक अलग अनुभव देने वाला होगा।

डेवलपमेंट कार्य के चलते रायपुर में जगह की कमी

रेलवे की योजना पहले रायपुर स्टेशन पर कोच रेस्टोरेंट शुरू करने की थी, लेकिन स्टेशन पर चल रहे डेवलपमेंट कार्य के कारण फिलहाल पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं होने से योजना में बदलाव किया गया है। इसी वजह से अब इसे भिलाई नगर स्टेशन पर शुरू करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे की ओर से टेंडर के जरिए एजेंसी का चयन कर पुराने कोच को रेस्टोरेंट के रूप में विकसित किया जाएगा। हालांकि रायपुर स्टेशन का डेवलपमेंट कार्य पूरा होने के बाद यहां भी यात्रियों को इस तरह की सुविधा मिल सकती है। रेलवे के अन्य स्टेशनों पर शुरू किए गए कोच रेस्टोरेंट को यात्रियों और स्थानीय लोगों की ओर से अच्छा रिस्पांस मिला है। खासकर रेलवे की थीम पर तैयार कोच में बैठकर भोजन करने का अलग अनुभव लोगों को पसंद आ रहा है। इसी को देखते हुए रायपुर में भी भविष्य में इस सुविधा को शुरू करने की संभावना बनी हुई है।

यूपीआई ट्रांजेक्शन में एमडीआर शुल्क पर चैंबर को ऐतराज, व्यापारियों पर वित्तीय भार डालने का विरोध

रायपुर। यूपीआई लेनदेन शुल्क को लेकर आए हालिया अधिकारिक बयान पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने चिंता जताई है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए डिजिटल लेनदेन को निशुल्क रखा गया है, लेकिन दूसरी ओर 2 हजार रुपए से अधिक के ट्रांजेक्शन पर लगने वाले एमडीआर शुल्क का भार सीधे व्यापारियों पर डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि 0.4 फीसदी एमओडी शुल्क या 300 रुपए तक कैंपिंग व्यापारियों की लागत बढ़ाती है। एक ओर देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था और कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर डिजिटल भुगतान व्यवस्था के संचालन से जुड़ी लागत व्यापारिक वर्ग पर डाली जा रही है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष श्री थौरानी ने केंद्र सरकार और वित्त मंत्रालय से मांग की है कि व्यापारियों के लिए सभी यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर शुल्क पूरी तरह जीरो फीसदी किया जाए।

रायपुर। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 5 नगर निवेश विभाग ने चंगोराभाठा में 2 व्यवसायिक भवन के अनाधिकृत भाग को हटाने की कार्रवाई की। संबंधित भवनस्वामियों द्वारा करीबन 1500 वर्गफीट में 2 अलग-अलग स्थानो में भूतल पर अनुमति के विपरीत किये जा रहे व्यवसायिक भवन के अनाधिकृत भाग को नोटिस देने के हटाया गया।

छत्तीसगढ़ में कैंसर अब 'अधिसूचित रोग' घोषित, सरकारी और निजी अस्पतालों को हर मरीज की जानकारी देना अनिवार्य

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सरकार ने उठाया ये कदम, डॉक्टरों और पैथालॉजिस्टों की जिम्मेदारी भी तय

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में कैंसर के मामलों में लगातार हो रही वृद्धि और जनस्वास्थ्य पर मंडराते खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आधिकारिक अधिसूचना जारी करते हुए कैंसर को 'अधिसूचित रोग' (नोटिफाइड डिसीज) घोषित कर दिया है। इस नए आदेश के बाद अब प्रदेश के सभी शासकीय और निजी अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब, मेडिकल कॉलेजों और क्लीनिकों के लिए कैंसर के हर नए या संदिग्ध मामले की जानकारी अनिवार्य रूप से सरकार को देना लाजिमी हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर लिया ऐतिहासिक फैसला

यह कदम भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने रिट याचिका (सिविल) (अनुराग श्रीवास्तव विरुद्ध भारत संघ एवं अन्य) में 11 अगस्त 2026 को दिए अपने आदेश में देश के सभी राज्यों को कैंसर को 'अधिसूचित रोग' घोषित करने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में 'छत्तीसगढ़ सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा अधिनियम, 1949' की धारा 51 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य शासन ने इसे अधिसूचित किया है। शासन की ओर से इस बात पर चिंता जताई गई है कि अब तक कैंसर के मामलों की वास्तविक संख्या मुख्य रूप से कैंसर रजिस्ट्री में स्वेच्छा से दी जाने वाली जानकारियों पर निर्भर थी। इसके कारण कई मामलों की रिपोर्टिंग कम हो रही थी और सटीक रणनीति बनाने में अड़चनें आ रही थीं। कैंसर की घटनाओं, प्रसार, मृत्यु दर और रोग के प्रभाव में होने वाले परिवर्तनों की वैज्ञानिक निगरानी संभव हो सकेगी। कैंसर स्क्रीनिंग और इलाज से जुड़ी स्वास्थ्य योजनाओं की प्रभावशीलता का सटीक मूल्यांकन किया जा सकेगा। बीमारी की प्रभावी रोकथाम, नियंत्रण और संसाधन प्रबंधन के लिए पुख्ता आंकड़े मिल सकेंगे।

किन संस्थानों पर लागू होगा यह नया नियम

सभी राज्य एवं केंद्रीय शासकीय अस्पताल, निजी अस्पताल, डिस्पेंसरी और स्वायत्त चिकित्सा संस्थान। सरकारी और निजी क्षेत्र के सभी मेडिकल कॉलेज। तमाम पैथोलॉजी और हेमेटोलॉजी प्रयोगशालाएं। सरकारी, निजी और कॉर्पोरेट क्षेत्र के इमेजिंग सेंटर। आयुर्वेद, यूनानी या अन्य चिकित्सा पद्धतियों वाले वे सभी संस्थान जो ऊपर शामिल नहीं हैं। कैंसर की देखभाल और सेवा से जुड़े सभी गैर-सरकारी संगठन ।

डॉक्टरों और पैथोलॉजिस्टों की तय होगी जिम्मेदारी

नियमों के मुताबिक, यदि किसी मरीज में कैंसर का संदेह भी होता है तो इलाज करने वाले चिकित्सक (डॉक्टर) यह तय करेंगे कि मरीज को जांच की पुष्टि के लिए भेजा जाए। निदान की पुष्टि होने के बाद, संबंधित पैथोलॉजिस्ट को निर्धारित 'कैंसर नोटिफिकेशन फॉर्म' भरना होगा और बीमारी का पता चलने के एक महीने के भीतर अनिवार्य रूप से यह जानकारी सक्षम प्राधिकारी को सौंपनी होगी।स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से भविष्य में राज्य के भीतर कैंसर अनुसंधान प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने, सटीक नीतियां बनाने और मरीजों को समय पर बेहतर इलाज मुहैया कराने में अभूतपूर्व मदद मिलेगी।

मोबाइल लूट-लॉक तोड़ पहचान बदलने वाले इंटरस्टेट गिरोह के 5 शातिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राह चलते लोगों से लूटे गए मोबाइल के साथ चुराए गए मोबाइल सीधे बाजार में खपाने के बजाय ओडिशा, राजस्थान भेजकर लॉक तुड़वाने के बाद पहचान बदलकर मोबाइल खरीदी-बिक्री करने वाले एक इंटरस्टेट गिरोह के पांच शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आईफोन और सैमसंग के कुछ मॉडल सॉफ्टवेयर से अनलॉक नहीं हुए तो उनके मदरबोर्ड बदल दिए जाते थे। इसके बाद भी मोबाइल तैयार नहीं होता था तो उसे राजस्थान के कोटा भेज दिया जाता था। वहां तकनीकी मदद से लॉक खोलकर मोबाइल को सेकंड हैंड फोन बताकर बेच दिया जाता था।

डीसीपी वेस्ट जोन रॉबिन्सन गुड़िया के निर्देशन एवं एडीसीपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में मोबाइल लूट एवं चोरी में संलिप्त संगठित गिरोहों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस ने कबीर नगर थाना क्षेत्र से संचालित संगठित गिरोह के खमतराई निवासी शहजाद अली उर्फ भिंडी, भाठागांव निवासी गौरव मझखंड, कृष दीप, ओडिशा के राजाखरियार निवासी भोदेव मेहर, राजस्थान कोटा निवासी आकाश परेटा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी, लूट के 14 मोबाइल तथा दो लैपटॉप जब्त किए हैं। आरोपियों ने राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र से सौ से ज्यादा मोबाइल चोरी, लूट करने का अपराध कबूल किया है। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फूटेज खंगाले। इसी दौरान एक फूटेज में संदिग्ध चेहरा दिखाई दिया। जांच के बाद उसकी पहचान शहजाद अली के रूप में हुई। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की। जांच में सामने आया कि वह पहले भी मोबाइल लूट के मामले में जेल जा चुका है। पूछताछ आगे बढ़ी तो रायपुर में मोबाइल लूटने वाले नेटवर्क से लेकर उन्हें दूसरे राज्यों में खपाने वालों तक की जानकारी पुलिस के को मिली। शहजाद की निशानदेही पर पुलिस ने कैलाशपुरी और भाठागांव क्षेत्र से उसके साथी गौरव मझखंड और कृष दीप को गिरफ्तार किया। तीनों की जेल में एकदूसरे के साथ पहचान हुई। इसके बाद तीनों ने चोरी तथा लूट के मोबाइल को पुलिस ट्रेस न कर पाए, इसके लिए इन लोगों ने भोदेव तथा राजस्थान के आकाश को बेचने का काम करते थे।

ओडिशा में लॉक तोड़ने की फैक्ट्री

भोदेव मेहर मोबाइल दुकान की आड़ में जीएसएप रेक्स डॉट कॉम सॉफ्टवेयर के अनलॉक टूल से चोरी एवं लूट के मोबाइल का लॉक खोलकर उन्हें सेकंड हैंड फोन बताकर ग्राहकों को बेच देता था। जिन फोन का लॉक सॉफ्टवेयर से नहीं टूटता था विशेषकर आईफोन एवं सैमसंग के कुछ मॉडल, उनमें स्क्रैप से मंगवाया गया स्पेयर मदरबोर्ड लगाकर फोन की मूल पहचान ही मिटा दी जाती थी। जो फोन भोदेव नहीं खोल पाता था, उसे वह कोटा में आकाश परेटा के पास भेज देता था। स्वयं को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताने वाला आकाश ऐसे मोबाइल के लॉक खोलकर उन्हें बाजार में बेच देता था। इस तरह रायपुर की सड़क पर छीना गया एक फोन तीन राज्यों से होकर नया बनकर किसी और ग्राहक के हाथ में पहुंच जाता था।

मोदी के जन्मदिन पर कांग्रेस का हमला, 'सेवा संकल्प' के बजाय बेरोजगारी और महंगाई पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर और ग्रामीण के संयुक्त प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने 17 सितंबर को 'बेरोजगारी दिवस, महंगाई दिवस, वादा खिलाफी दिवस और किसान धोखा दिवस' के रूप में मनाने की बात कही। स्मार्ट सिटी, कोविड लॉकडाउन, विदेशों में जमा काला धन वापस लाने के कथित वादे सहित विभिन्न मुद्दों पर भी केंद्र सरकार से जवाब मांगा गया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उत्सव और सेवा कार्यक्रमों के बजाय सरकार को युवाओं, किसानों, महिलाओं और आम जनता से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। भाजपा जहां प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 'सेवा संकल्प' कार्यक्रम आयोजित कर रही है, वहीं कांग्रेस बेरोजगारी, महंगाई, किसानों और सरकार के कथित वादाखिलाफी के मुद्दों को जनता के बीच उठाएगी। पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने रोजगार, महंगाई और किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा, चुनाव के दौरान किए गए वादों और उनकी जमीनी स्थिति पर सरकार को जनता के सामने जवाब देना चाहिए। उन्होंने किसानों और मजदूरों से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'सेवा संकल्प दिवस' के रूप में मना रही है, लेकिन जनता बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक परेशानियों से जूझ रही है। उन्होंने स्वच्छता अभियान, मेक इन इंडिया, स्मार्ट सिटी, पर्यावरण संरक्षण और पेड़ों की कटाई जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, कांग्रेस जनता से किए गए वादों की समीक्षा और जवाबदेही का मुद्दा उठा रही है।

रायपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, बेरोजगारी और महंगाई आम परिवारों की प्रमुख चिंताएं हैं। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था और मीडिया की स्वतंत्रता से जुड़े सवाल भी उठाए। मेनन ने गौ संरक्षण तथा गौमांस निर्यात पर रोक के मुद्दे को लेकर भी केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र 'पप्पू' बंजारे ने किसानों से किए गए वादों, कृषि लागत, खाद-बीज की उपलब्धता, धान खरीदी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं, जबकि आम लोगों पर कर्ज और महंगाई का बोझ बढ़ रहा है।

कार्यालय अधिष्ठाता
भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति, चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगाँव (छग)
Office Phone: 07744-296105, Website: abvmgmcrajnandgaon.ac.in
Email: gmc.rjn@gmail.com

क्रमांक / 5062 / चिकि./स्था./2026
राजनांदगाँव, दिनांक/6/09/2026

// संविदा भर्ती सूचना //

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) के विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षकों/ चिकित्सकों के वर्तमान में रिक्त पदों पर छ0ग0 सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में उल्लेखित शर्तो के अधीन संविदा आधार पर भर्ती किये जाने हेतु प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ बुधवार को एवं अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) में ‘वॉक-इन-इन्टरव्यू आयोजित किया जाना है।

उक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) के वेबसाईट abvmgmcrajnandgaon.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

अधिष्ठाता
भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति, चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़)

जी. 262703341/3

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।


वृष आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

बिना अनुमति व्यवसायिक निर्माण पर एक्शन

रायपुर। जोन 5 की टीम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित गोलचौक मार्ग में मानसरोवर भवन के स्वामी द्वारा तृतीय तल पर बिना अनुमति किये जा रहे अनाधिकृत व्यवसायिक निर्माण को जेसीबी से हटाया। संबंधित स्थल से सेंटरिंग होम वर्क सरिया बल्ली एवं अन्य निर्माण सामग्रियों को हटाने की कार्रवाई नियमानुसार स्थल पर की गई। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर इन दिनों नगर निगम के सभी दस जोनों में बिना अनुमति अनाधिकृत निर्माण और नक्शा स्वीकृति के विपरीत हुए निर्माण को सूचीबद्ध कर जोन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। जोन 5 की टीम ने एक ही दिन में दो जगहों पर अभियान चलाकर अनाधिकृत निर्माण को हटाने तत्परता दिखाई।

OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA

e-Procurement Tender Notice Main
Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No: /2026 Korba Dated 07.09.2026

Sr No.	System Tender No.	Name of Work/Description of Work	Probable Amount of Contract (In Lacs)
1.	198961 (1st Call)	Bitumine work of road from sunaliya bridge station road nahar Par to Tulshi marg gali & Murarka Gali Sitamani road at Korba Zone Ward No. 12 (DMF Fund).	74.37

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 07.09.2026 at 15:00 Hours. (IST) onwards.

Superintending Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist Raipur - 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

NIT No: 38/MD-LS-CC/EEC-I/CE/NRANVP/2026-27, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur Dated: 11.09.2026

Name of Work: "Annual Maintenance Contract of Landscaping & Irrigation in Mantralaya Mahanadi Bhawan, Directorate Indrawati Bhawan, CCIID and Rajdhani Sarovar at Capitol Complex, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call)

Period of completion inc. rainy season	Estimated Cost (INR)	EMD (INR)
Initially for 12 Months [which shall be extended for further 2 years, one year at a time (Maximum 3rys.) with 5% increment in agreed contract amount of previous year.	178.91 Lakhs [Per Annum for Yr.-1)	1.80 Lakhs

Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 07.10.2026

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

S. 49084

Chief Engineer
NRANVP

शब्द पहेली - 6351



बाएँ से दाएँ

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

ऊपर से नीचे

2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली- 6350 का हल

■	त	था	क	थि	त	■	क	या	म	त
ना	प	■	ह	■	र	का	बी	■	त	र
मु	■	त	वा	य	फ	■	ला	वा	■	खा
ना	पा	क	■	■	दा	नी	■	दा	म	न
सि	■	दी	■	प	र	■	सा	■	हि	■
ब	ह	र	हा	ल	■	नि	रा	ला	प	न
■	र	■	नि	■	आ	शा	■	ज	■	ज
अ	म	र	■	अ	तं	■	■	वा	न	र
मा	■	मा	न	■	क	र	त	ब	■	बं
न	या	■	ज	ल	वा	■	ना	■	क	द
त	क	दी	र	■	द	शा	व	ता	र	■

सूडोकू नवताल - 6361

★★★ मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकू नवताल - 6360 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

प्रथम पृष्ठ का शेष

रायपुर में 25...

वे महादेव में खारुन मैया की आरती और आशीर्वाद की दीया कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उनकी पत्नी कौशल्या साय, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, महापौर मीनल चौबे सहित कई भाजपा नेता शामिल हुए। इसके बाद सीएम तेलीबांधा के मुख्य कार्यक्रम में पहुंचे। इस कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री निवास से रोड शो निकाला गया। रोड शो करते हुए श्री साय तेलीबांधा के कार्यक्रम में पहुंचे और यहां पर आशीर्वाद का पहला दीया जलाया। इसके बाद सभी अतिथियों ने दीये जलाए। यहां पर गोल्डन रिकॉर्ड की तरफ के अधिकारी 25 लाख दीयों के जलाने का रिकॉर्ड पूरा होने का ऐलान भी किया। कौन से मंत्री कहां रहे - प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा बस्तर, अरुण साव बिलासपुर, ओपी चौधरी रायगढ़, रामविचार नेताम बलरामपुर, दयालदास बघेल बेमेतरा, केदार कश्यप नारायणपुर, लखनलाल देवांगन कोरबा, श्याम बिहारी जायसवाल चिरमरी, टंकराम वर्मा बलौदाबाजार-भाटापारा, लक्ष्मी राजवाड़े सूरजपुर, गजेंद्र यादव कबीरधाम, राजेश अग्रवाल सरगुजा, गुरु खुशवंत साहेब रायपुर और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू मुंगेली के कार्यक्रम में रहे। इसी के साथ प्रदेश के सांसद और ज्यादातर विधायक भी अपने-अपने क्षेत्रों के कार्यक्रम में शामिल हुए। कुछ विधायकों को जरूर दूसरे विधानसभा क्षेत्र का जिम्मा दिया गया। जैसे राजनांदगांव के कार्यक्रम में धरमलाल कौशिक, जांजगीर-चांपा में अमर अग्रवाल शामिल हुए।

पीएम मोदी के...

छत्तीसगढ़ के साथ हैं। वे पहले भी संगठन की तरफ से छत्तीसगढ़ आते थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद भी उनका यहां पर लगातार आना हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की इच्छाशक्ति के कारण ही छत्तीसगढ़ के साथ देशभर में नक्सलवाद समाप्त हुआ है। नक्सलवाद की समाप्ति के बाद जहां बस्तर में लगातार विकास हो रहा है, वहीं छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री के सहयोग के विकास की गंगा बह रही है। हमारे प्रधानमंत्री गरीबों के लिए काम करते हैं। उन्होंने गरीबों के लिए कई ऐतिहासिक योजनाएं बनाई हैं। उनके नेतृत्व में देश के लिए कई ऐतिहासिक फैसले हुए हैं। हमारे प्रधानमंत्री देश की सेवा इसी तरह से करते रहें, इसी आशा के साथ आज प्रदेश में हमारे भाजपा के सभी कार्यकर्ता और हमारे प्रदेश की जनता उनके जन्मदिन पर आशीर्वाद दीया जला रही है।

नपं के आठ भाजपा...

पार्षद नगर पंचायत के अध्यक्ष और सीएमओ की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर पार्टी छोड़ने का ऐलान कर रहे थे। यह घटना सामान्य इसलिए भी नहीं है क्योंकि पुसौर नगरपंचायत में अध्यक्ष भी बीजेपी के ही हैं। ऐसे में पार्टी छोड़ने वाले पार्षदों का न तो यह आरोप गलत हो सकता है और न ही विकास कार्यों पर लगे विराम की बात गलत हो सकती है। पार्षदों ने बीजेपी जिलाध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेज दिया था। डेढ़ साल में कोई काम नहीं होने का आरोप लगाया है। बीजेपी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने वालों में नगरपंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश साव, बलराम, शौकी चौहान, रुपेश कुमार साव, वरुण देव महाना, मंजू पटेल, फागूलाल प्रधान और प्रदीप यादव शामिल हैं। इन पार्षदों ने सीएमओ और नगरपंचायत अध्यक्ष पति पर जहां मनमानी का आरोप लगाया है। वहीं पानी, बिजली, सड़क, नाली और अन्य विकास कार्य नहीं होने की बात कही गई है। पार्षद निधि का काम भी नहीं होने का आरोप लगाया गया है। चुने हुए जनप्रतिनिधि होने के नाते नगर और अपने- अपने वार्डों में विकास उनकी प्राथमिकता है, लेकिन यह हो नहीं पा रहा है। इससे सभी पार्षदों को काफी पीड़ा है। इसके कारण उनके द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्यागने की बात कही है। ऐसा नहीं है कि इन पार्षदों की नाराजगी आज ही जाहिर हुई है, इसके पहले भी सीएमओ चेंबर के आगे नारेबाजी करते हुए विकास कार्य कराने की मांग की गई थी। इसके बाद भी बात नहीं बनी तो बीजेपी के पार्षदों ने पार्टी छोड़ना उचित समझा।

अगले सत्र से...

सुझाव पर विचार करेगा। बच्चों को राहत देने के लिए सीबीएसई को अगले शैक्षणिक सत्र से त्रि-भाषा नीति लागू करने को टालने पर विचार करना चाहिए। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यदि वर्तमान में कक्षा छह में पढ़ रहे छात्र इस वर्ष से तीन भाषाओं का अध्ययन करना चाहते हैं तो उन्हें इसकी अनुमति दी जा सकती है। भाटी ने कहा कि सीबीएसई इस सुझाव पर विचार करेगा और इस मुद्दे पर नया नोट पेश करेगा। पीठ ने कहा कि उसके सुझाव पक्षकारों के अधिकारों और दावों को प्रभावित किए बिना दिए गए हैं तथा वास्तविक मुद्दों पर बाद में फैसला किया जा सकता है।

जूनियर डॉक्टर 21...

नहीं लिए जाने के कारण अंततः जूनियर डॉक्टर्स ने ओपीडी में सेवाएं नहीं देने का निर्णय लिया है। 21 से ओपीडी बंद किए जाने के बाद यदि 48 घंटों तक उनकी मांगें नहीं मानी गई तो 23 सितंबर से वे आपातकाल सेवाएं भी नहीं देंगे। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के इस निर्णय को प्रदेशभर के शासकीय चिकित्सकों ने अपना समर्थन दिया है।

मिलते हैं केवल...

समायोजन, सुपर स्पेशिलस्ट कैडर का गठन, आयुष्मान भारत इनसेन्टिव का भुगतान, चिकित्सकों के लिए भत्ते की व्यवस्था जैसे 17 मांग शामिल है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रेशम सिंह ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि उनके द्वारा पूर्व में भी अपनी मांगों से शासन का अवगत कराया जा चुका है। शासन-प्रशासन स्तर पर किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं होने के कारण जूनियर चिकित्सकों ने हड़ताल करने का निर्णय लिया है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

एनटीए ने जारी...

और प्रशासनिक, शैक्षणिक, वैधानिक, व्यवस्थागत या अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण इनमें बदलाव हो सकता है। इस अवधि के दौरान कुल 14 प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। इंजीनियरिंग प्रवेश के लिए जेईई-मेन का पहला चरण 22 से 24 जनवरी और 28 से 30 जनवरी 2027 को आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। 31 जनवरी को वैकल्पिक तिथि के रूप में रखा गया है। यूजीसी-नेट की परीक्षा संभावित रूप से 14 से 19 दिसंबर तक होगी। इसके लिए 20 और 21 दिसंबर वैकल्पिक तिथियां रखी गई हैं। संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट 20 और 21 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। सामान्य प्रबंधन प्रवेश परीक्षा (सीमैट) सात फरवरी 2027 को आयोजित की जाएगी। सामान्य विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-पीजी) एक से पांच मार्च, आठ मार्च, 12 से 20 मार्च तथा 24 और 25 मार्च 2027 को आयोजित की जाएगी। 30 और 31 मार्च को वैकल्पिक तिथियों के रूप में रखा गया है।

परिवहन के बाबू...

विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया और विभागीय कर्मचारियों के लिए कोटा और पात्रता के नियमों में बदलाव किए गए हैं।

अब हुआ है ये...

प्रवेश योजना-लेटरल एंट्री स्कीम): कुल पदों के 15 प्रतिशत हिस्से को छत्तीसगढ़ तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय एवं अलिपिक वर्गीय) परिवहन सेवा भर्ती नियम, 2013 के अंतर्गत आने वाले विभागीय लिपिक वर्गीय सेवा से सीमित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरा जाएगा।

राष्ट्रपति के दत्तक...

आई है। जितना राशन गायब हुआ है उसकी कीमत 9 लाख 86 हजार 196 रुपए आंकी गई है। जांच के बाद चार लोगों के खिलाफ धरमयजगढ़ थाने में एफआईआर करा दी गई है। एफआईआर के बाद तीन को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। ग्राम पंचायत साजापाली की सरकारी राशन दुकान क्रमांक 412009067 ज्योति महिला स्व सहायता समूह द्वारा चलाई जाती है। जांच में 9 लाख 86 हजार 196 रुपए गबन का मामला सामने आने के बाद इस महिला समूह की अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा केरकेट्टा, सचिव श्रीमती सोनमती एक्का, विक्रेता विजय कुमार कोरवा और पूर्व विक्रेता ईशाक बेक के खिलाफ पुलिस ने फूड इंस्पेक्टर चूड़ामणि सिदार की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 316 (5), 3 (5) और आवश्यक वस्तु अधिनियम 3 और 7 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसमें तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में हैं।

विरल से विरलतम...

जानकारी के मुताबिक सबसे बड़े नक्सल हमले को अंजाम देने के लिए नक्सलियों ने काफी पहले से तैयारी कर रखी थी। घटना को अंजाम देने के लिए हार्डकोर नक्सली 48 घटें पहले ही झीरम के पास के जंगल में पहुंच चुके थे। इन लाल लड़ाकों के लिए रसद की व्यवस्था भी झीरम से लगे जंगलों में किया गया था जहां कई दफे रिहर्सल भी किया गया था। जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने झीरम घाटी नरसंहार को अंजाम देने के लिए तीन राज्य के नेटवर्क का इस्तेमाल किया था। दोपहर 3 बजे सुकमा से रवाना हुआ था काफिला शाम 4 बजे झीरम के संकरे मोड़ पर शुरू हुई थी मौत की बारिश। ओडिशा और आंध्र प्रदेश से बुलाए गए थे पीएलजीए के एलीट नक्सली लड़ाके कमांड वायर से उड़ाया था रास्ता। दो घंटे से अधिक समय तक पहाड़ियों व सड़क के दोनों ओर से बरसती रहीं गोलियां। इस दौरान नाम पूछ-पूछकर शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व को मौत के घाट उतारा गया।

शहरों में श्रमिक...

राशि को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख करने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ के विकास में श्रमिकों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। खेत-खलिहानों से लेकर सड़कों, पुलों, उद्योगों और अधोसंरचना के निर्माण तक श्रमिकों की मेहनत प्रदेश की प्रगति की आधारशिला है। सही मायनों में श्रमिक ही विकसित छत्तीसगढ़ के विश्वकर्मा हैं और सरकार उनके श्रम का सम्मान करते हुए सामाजिक सुरक्षा, सुविधा और आर्थिक सशक्तीकरण पर काम कर रही है।

रिक्शा चालकों की...

सहायता राशि एक लाख से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपए की गई है। सम्मेलन में 100 श्रमिक महिलाओं को ई-रिक्शा की चाबी सौंपी गई और उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्यमंत्री और मंत्री ने हितग्राही यशोदा विश्वकर्मा के ई-रिक्शा में सवारी भी की।

श्रमिकों के बच्चों...

प्रदर्शन करने वाले श्रमिक परिवारों के बच्चों को प्रोत्साहन राशि देने के साथ उच्च शिक्षा में भी सहयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में श्रमिक परिवार की बेटी मनिंदर कौर को मुख्यमंत्री ने लैपटॉप और 1.75 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। मनिंदर ने जेईई परीक्षा उत्तीर्ण कर एनआईटी सूरत में प्रवेश लिया है। उसकी इंजीनियरिंग की पढ़ाई का पूरा खर्च श्रम विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

टाटा संस में...

बताया। टाटा समूह के मुख्यालय 'बॉम्बे हाउस' में निदेशक मंडल की करीब तीन घंटे चली बैठक में ये फैसले लिए गए। यह बैठक चंद्रशेखरन के अगस्त में निदेशक मंडल को यह बताने के कुछ सप्ताह बाद हुई कि 20 फरवरी, 2027 को मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह पुनर्नियुक्ति नहीं चाहते। टाटा संस ने एक बयान में कहा, निदेशक मंडल की 17 सितंबर, 2026 को हुई बैठक में चंद्रशेखरन ने बोर्ड के अनुरोध पर अपने फैसले पर पुनर्विचार करने पर सहमति जताई। इसके बाद बोर्ड ने मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए उन्हें कार्यकारी चेयरमैन के रूप में पुनर्नियुक्त करने का बहुमत से फैसला किया। इसके साथ ही, निदेशक मंडल ने टाटा संस की सूचीबद्धता संबंधी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने की दिशा में कदम उठाने का फैसला किया। कंपनी ने कहा कि वह अनुपालन संबंधी शर्तों पर आरबीआई, टाटा ट्रस्ट और अन्य हितधारकों से मार्गदर्शन लेगी। निदेशक मंडल के दोनों फैसलों को टाटा संस की आगामी सालाना आम बैठक (एजीएम) में मंजूरी लेनी होगी।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

HMS हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- चिकन बिरयानी, साउथ इंडियन, चाइनीज और कॉन्टिनेंटल फूड आइटम बनाने के लिए अनुभवी शेफ की जरूरत है सम्पर्क करें- 8349360608, 7869102531, 7869102530 (41882)

आवश्यकता है- निजी कार चलाने के लिए अनुभवी नशा मुक्त लाइसेंस धारी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9425227614 (41880)

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल में डिलवरी कार्य करने के लिए लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है स्थान दयालबंद, बिलासपुर (सम्पर्क समय सुबह 8.30 बजे से 10.15 बजे तक) सम्पर्क करें- 8827810756 (41883)

आवश्यकता है- रामालाइफ सिटी में वेन्यू कार चलाने हेतु 12वीं पास नशामुक्त ड्राइवर चाहिए (जो घर के ऊपरी काम भी कर सके) सकरी एवं आसपास वालों को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7067124226, 9893081826 (41881)

आवश्यकता है- लेडीज ब्यूटी पार्लर में ब्यूटीशियन, मेकअप आर्टिस्ट, हेयर ड्रेसर/ स्टाइलिस्ट, मैनेजमेंट कार्य हेतु फीमेल स्टाफ चाहिए। सम्पर्क- ड्रीम्स मेकओवर, पार्किंग स्थल फर्स्ट फ्लोर, बजरंग कॉम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 8770323626 (41885)

आवश्यकता है- Evincepub Publishing, कोनी (बिलासपुर) में बुक पब्लिशिंग हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (लड़के/लड़कियाँ) चाहिए। MS Word, Excel एवं Canva का ज्ञान आवश्यक। संपर्कः 6260711728, 9171810321 (41864)

आवश्यकता है- Cafe के किचन एवं Cafe में कार्य करने हेतु लड़कियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन 7000 से 12000 प्रति माह तत्काल सम्पर्क करें- ट्विन प्लाजा अग्रसेन चौक बिलासपुर 9306187790 (41871)

आवश्यकता है- रेडिमेड मेंस वियर शॉप में सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार जो पहले से काम जानता हो, वही सम्पर्क करें- सुबह 10बजे से शाम 6बजे तक सरकंडा बिलासपुर 8349373122 (41870)

आवश्यकता है-टेन्ट हाऊस में गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है सैलरी 5 अंको में सम्पर्क करें- 9827189233 (41857)

आवश्यकता है- पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन एवं रिसेप्शनिस्ट चाहिए बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- दोपहर 3 से शाम 6बजे तक निष्कर्ष पैथोलॉजी क्लीनिक प्रथम तल, डॉ. अग्रवाल एक्स-रे एवं सोनोग्राफी क्लीनिक, जूनीलाइन, बिलासपुर 7869911027 (41875)

आवश्यकता है- तिफरा थोक सब्जी मंडी में कार्य करने हेतु कलेक्शन मैनेजर- 2पद की आवश्यकता है वेतन- 12000 से 25000 योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- सुबह 9बजे से 10बजे तक 9893599044 (41874)

आवश्यकता है-Sales Head cum Receptionist Bosco dot-Customised Furniture Studio अनुभवी, Sales Target Achieve करने में सक्षम उम्मीदवार चाहिए। महिला उम्मीदवारों को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-7449955000 (41863)

आवश्यकता है-बिलासपुर की एक प्रमुख रियल एस्टेट और कॉलोनाइजेशन कम्पनी को एक अनुभवी मैनेजर की आवश्यकता है। उम्मीदवार के पास उत्कृष्ट ग्राहक प्रबंधन (कस्टमर हैंडलिंग) होनी चाहिए। रियल एस्टेट क्षेत्र में पूर्व अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। सम्पर्क करें- 7400820093 (41861)

आवश्यकता है-वॉटर प्रूफिंग, पेस्ट कंट्रोल कार्य हेतु अनुभवी लेबर की आवश्यकता है वेतन 12000/- प्रति माह आवास सुविधा ग्रामीणों को प्राथमिकता स्वयं का वाहन अनिवार्य, सम्पर्क करें- सेक्टर-डी, तिफरा बिलासपुर 9522601634, 8982080720 (41862)

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रचार एवं विकास संस्थान, बिलासपुर (NGO) में परियोजना प्रबंधक पद हेतु आवेदन आमंत्रित है योग्यता- MSW/ M.A. समाजशास्त्र, कम्प्यूटर ज्ञान अनुभव- HIV/ AIDS कार्यक्रम में न्यूनतम 3वर्ष अनुभव, वेतन- 21000+ 1400 यात्रा भत्ता अंतिम तिथि- 20/09/2026 सम्पर्क करें- छत्तीसगढ़ प्रचार एवं विकास संस्थान, ओम नगर, जरहाभाठा, बिलासपुर 9977184172 ईमेल- scgpvs@yahoo.in (41869)

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभव कम से कम 5 वर्ष, शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास, वेतन 20,000 प्रतिमाह, रहने की व्यवस्था है स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क 9109972720, 9109125252 (079)

आवश्यकता है- कक्षा पहली से 12वीं तक सभी विषय पढ़ाने के लिए टीचर्स की आवश्यकता है सम्पर्क करें- संस्कार स्कूल, उसलापुर बाजार के सामने, बिलासपुर 9098546135, 7000737657 (41873)

आवश्यकता है- सर्वमंगला टेंट हाउस में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों, मैनजर , सुपरवाइजर, अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें सर्वमंगला टेंट हाउस कुम्हारपारा रोड जरहाभाठा बिलासपुर 6260273334, 9826601147 (41887)

आवश्यकता है- तत्काल आवश्यकता है सोलर कम्पनी में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए किसी भी उम्र के व्यक्ति पार्ट टाइम एवं फुल टाइम कार्य करने के लिए सम्पर्क करें- 7000589595, 9232083236 (41877)

आवश्यकता है- घरेलू कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस के साथ सम्पर्क करें- 7869196364 (41865)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने, सामान पैक करने, लाने लेजाने हेतु डिलीवरी ब्वाय चाहिए योग्यता 10वीं, वेतन 9000-10000 पता- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी वेस्ट साइड शोरूम के बाजू, व्यापार विहार रोड बिलासपुर (41859)

आवश्यकता है-अनुभवी रिसेप्शनिस्ट, OT टेक्नीशियन X-RAY टेक्नीशियन, सुरक्षा गार्ड (दिन में), अनुभवी M/F नर्सिंग स्टाफ, आया बाई हाउस कीपिंग चाहिए पता- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 7470946314 (41858)

आवश्यकता है-अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कम्प्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यता अनुसार मेस सुविधा आवास फ्री सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016 7747000016, 7747000019 (815)

आवश्यकता है-आरोग्य अमृततुल्य चाय की दुकान काउंटर संभालने, किचन कार्य हेतु ऊर्जावान, मेहनती लड़के की आवश्यकता है। पता- आरोग्य अमृततुल्य, श्रीबालाजी इलेक्ट्रॉनिक्स के पास, लवीना कोर्ट्स, मुंगेली नाका चौक, बिलासपुर, 7089572509 (41855)

आवश्यकता है- पीटर इंग्लैंड मेंस वियर शोरूम में सेल्स कार्य करने हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- पीटर इंग्लैंड राजीव प्लाजा, बिलासपुर 9827922881 (41867)

आवश्यकता है- वृंदावन परिसर बिलासपुर में कॉस्मेटिक ज्वेलरी दुकान में काम करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- महामाया कॉस्मेटिक एंड ज्वेलरी बिलासपुर 9111611116 (41868)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य में दक्ष महिला /युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क करें 6262220666 (076)

आवश्यकता है-(1) सिविल साइट सुपरवाइजर (अनुभवी साइट चलाने योग्य) (2) ऑफिस मैनेजर, साइड वर्क, रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण, नगर निगम संबंधी कार्य करने हेतु अनुभवी चाहिए सम्पर्क- 9770770000, 9827072000 (41763)

आवश्यकता है- जानवरों की सेवा करें और बढ़िया वेतन कमाए। कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य रू. 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ 7225888800 (007)

आवश्यकता है- न्यू हाई कोर्ट के पीछे छतौना के प्लॉट वर्कशॉप में ही रहकर परिवार वाले व्यक्ति की चौकीदारी करने के लिए आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9669211111, 9827175811 (41866)

आवश्यकता है- काम करने वेटर, झाड़ू पोछा, साफ सफाई कार्य 18वर्ष से ऊपर पुरुष कर्मचारी चाहिए। वेतन 10000 से 12000 ग्रामीणों को निःशुल्क भोजन+ आवास पता- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898 (41848)

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष शिक्षाः न्यूनतम 10वीं पास वेतनः 20,000 प्रतिमाह रहने की व्यवस्था है स्थानः सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्कः- 9109972720, 9109125252 (077)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु (10वी -12वीं)पास लड़कों हेतु जो कानपुर में रहकर काम कर सके वेतन 12000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + किराया, ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000- 20000/- महीना-8770508791 , 7580821223 (140)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 5.00 PM

बेचना है

बेचना है-जूना बिलासपुर मेन रोड 8×27 डबल स्टोरी दुकान ज्वैलर्स/ मोबाइल शॉप/ होटल इत्यादि हेतु उपयुक्त एवं सुमंगल अपार्टमेंट फर्स्ट फ्लोर पर 2BHK फ्लैट बेचना है सम्पर्क करें- 9300625174, 9340051989, 9827198042 (41856)

बेचना है-T&C कॉलोनी (Golden Park) छतौना रोड में East फेस का प्लाट साइज 23×52= 1196 वर्गफुट गार्डन के सामने स्थित प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 8839129098 (41831)

बेचना है- सकरी हाईवे रोड से 50मी. गायत्री मन्दिर के सामने सर्वसुविधायुक्त पूर्ण विकसित कॉलोनी प्लॉट साईज 252×53= 13356 वर्गफुट डायवर्टेड आवासीय नार्थ फेस 2/3 टुकड़ों में बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268 (41750)

बेचना है- 70 का फ्रंट 36 डिसमिल मेन रोड पर कमर्शियल प्लॉट रतनपुर से कटघोरा NH हाइवे पर प्लॉट रतनपुर में आएगा बेचना है 650/- रुपए फुट सम्पर्क करें- 9827938236 (41886)

किराया

किराया- व्यापार विहार मुख्य मार्ग, Starbucks से पहले, Burger King के सामने, वास्तु अनुरूप नवनिर्मित 500 वर्गफीट, 19.5 फीट फ्रंट, डबल स्टोरी कमर्शियल शॉप किराये से उपलब्ध है। सम्पर्क करें- 9893428881 (0305)

किराया- बिलासपुर कुदुदण्ड में इंदिरा सेतु के पास दन्त चिकित्सालय के ऊपर स्थित सर्व सुविधा युक्त परिवार वाले मकान किराये से देना है। सम्पर्क करें- 9425227614 (41879)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

किराया- बिलासपुर R.K. ओझा बिल्डिंग मेन रोड व्यापार विहार अपोजिट वेस्टसाइड फर्स्ट फ्लोर 1200 वर्गफुट AC, लेटबाथ सर्वसुविधायुक्त बैंक ऑफिस शॉप कोचिंग शोरूम हेतु किराए पर उपलब्ध सम्पर्क करें- 7987068578, 8305541155 (41884)

शैक्षणिक

प्रवेश प्रारंभ-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे B.ED, B.A, B.COM, B.SC, BCA, MCA, BBA, LLB, M.A M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.TECH M.TECH (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें- Bharti Education Academy Sector -6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4171)

फाइनेंस

फाइनेंस-राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें डाउन सिविल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा सम्पर्क करें- 9350674841, 9350674841 (072)

Medicare Specialists
यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD)
(यौन रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213, 94255-55659
96177-89223, 93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- मो. 8109229025

भारत ने सीरीज की क्लीन स्वीप, तीसरे टी-20 में अफगानिस्तान को 127 रन से हराया

एजेंसी: नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मैच में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को 127 रन से हराते हुए सीरीज को क्लीन स्वीप किया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने 221/7 का स्कोर बनाया, जिसमें अभिषेक शर्मा का शतक (108) शामिल रहा। जवाब में अफगानी टीम सिर्फ 94 रन पर सिमट गई। भारत से रवि बिश्नोई और नितीश रेड्डी ने 3-3 विकेट लिए। भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। क्रिकबज के मुताबिक, अफगान टीम के विरुद्ध सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड आयरलैंड (225/7, 2013) के नाम पर है।

इस तरह से रोचक रहा मुकाबला

भारत से संजू सैमसन (50) और अभिषेक की सलामी जोड़ी ने 141 रन की साझेदारी की। जोरदार शुरुआत के बाद अन्य भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया और निरंतर आउट होते चले गए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 20 गेंदों में 29 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानी टीम ने 47 रन तक अपने 4 विकेट गंवा दिए। इसके बाद भी अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने निराश किया और टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

सैमसन ने पूरे किए अपने 9,000 टी-20 रन : अपनी इस अर्धशतकीय पारी के 23वां रन बनाते ही सैमसन ने 9,000 टी-20 रन पूरे किए। उन्होंने अब तक 351 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 334 पारियों में उन्होंने लगभग 30 की औसत के साथ 9,027 रन बनाए हैं।

अभिषेक बने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय

अभिषेक ने 30 गेंदों में पूरा किया शतक

अभिषेक ने पारी का दूसरा ओवर करने आए अजमातुल्लाह उमरजई के खिलाफ एक चौका और छक्का लगाते हुए आक्रामक शुरुआत की। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने सिर्फ 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद भी उन्होंने विपक्षी गेंदबाजों की जमकर खबर लेते हुए 30 गेंदों में शतक पूरा किया। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने। वह 34 गेंदों में 108 रन बनाकर आउट हुए।

अभिषेक ने रोहित शर्मा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा

भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो अभिषेक से पहले सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम पर दर्ज था। पूर्व भारतीय कप्तान ने 35 गेंदों में श्रीलंका के खिलाफ शतक लगाया था। अभिषेक द्वारा लगाया गया शतक, टेस्ट खेलने वाले देश के किसी भी बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। विश्व क्रिकेट में सबसे तेज टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने का रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान (27 गेंद बनाम साइप्रस, 2024) के नाम पर दर्ज है।

इस सूची में शामिल हुए ईशान किशन

ईशान किशन ने 8 गेंदों में 10 रन बनाए। इस बीच वह एक कैलेंडर वर्ष में 1,500+ टी-20 रन बनाने वाले चौथे भारतीय बने। उनसे पहले विराट कोहली (2016), सूर्यकुमार यादव (2022) और अभिषेक शर्मा (2025) ऐसा कर चुके हैं। बता दें कि किशन ने इस साल अब तक टी-20 मैचों में 26 पारियों में 36.08 की औसत के साथ 902 रन बनाए हैं। आईपीएल 2026 में उन्होंने 602 रन बनाए थे।

मैच में बने ये अन्य रिकॉर्ड्स

सिर्फ 94 रन पर ऑल-आउट होना टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ अफगानिस्तान का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले न्यूनतम स्कोर 111/8 था, जो एशिया कप 2022 में दुबई में बना था। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में रनों के लिहाज से यह अफगान टीम की सबसे बड़ी हार है। यह 10वां ऐसा टी-20 मैच है, जिसे भारतीय टीम ने 100 या अधिक रन के अंतर से जीता है। भारत के अलावा कनाडा ने भी 10 मैच, 100+ रन से जीते हैं।

खबर संक्षेप

मेस्सी ने इंटर मियामी के लिए सौवां गोल दागा

मियामी। लियोनेल मेस्सी ने इंटर मियामी फुटबॉल क्लब के लिये सौवां गोल दागा जिसकी मदद से टीम ने केंपियोनेस कप में क्रूज अजुल को 2-0 से मात दी। मेस्सी ने 24वें मिनट में पहला गोल किया जो 115 मैचों में उनका 100वां गोल था। केसमिरो ने 81वें मिनट में मेस्सी से मिले कॉर्नर पर दूसरा गोल दागा। पिछले पांच मैचों में ब्राजील के मिडफील्डर केसमिरो का यह चौथा गोल था। इस जीत से इंटर मियामी ने मेस्सी के आगमन के तीन साल बाद एक और ट्रॉफी अपने नाम की। इससे पहले टीम लीग्स कप 2023, स्पोटर्स शील्ड 2024 और एमएलएस कप 2025 जीत चुकी है।

बढ़त के बाद ईस्ट बंगाल ने अल हुसैन से खेला ड्रॉ

अम्मान। ईस्ट बंगाल ने एएफसी चैम्पियन लीग टू ग्रुप डी के पहले मैच में जोर्डन प्रो लीग चैम्पियन अल हुसैन एससी के खिलाफ दो गोल की बढत बनाने के बावजूद 2-2 से ड्रॉ खेला। आईएसएल चैम्पियन ईस्ट बंगाल हाफटाइम तक 2-0 से आगे थी। उसके लिये डेनियल रामिरेज और अनवर अली ने गोल किये लेकिन अपने घरेलू मैदान पर खेल रही अल हुसैन ने दूसरे हाफ में दो गोल करके मैच ड्रॉ करा लिया। ईस्ट बंगाल का सामना अब ईराक के अल शोर्टा एससी से 13 अक्टूबर को विवेकानंद युबा भारती क्रीडांगन पर होगा।

साइना ने किया 'खेलें साणंद उत्सव' का उद्घाटन

साणंद (गुजरात)। ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने बृहस्पतिवार को यहां 'खेलें साणंद स्पोर्ट्स उत्सव' 2026 का उद्घाटन किया। इसके साथ ही साणंद तालुका के सभी 105 गांवों में 18 दिवसीय ओलंपिक खेल अभियान की शुरुआत हुई। विजयी भारत फाउंडेशन' की 'खेलें साणंद पहल' के तहत आयोजित यह खेल उत्सव 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य 150 से अधिक स्कूलों के 25,000 से ज्यादा विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ना है। इसमें पांच से 17 वर्ष की आयु के लड़के और लड़कियां अंडर-8, अंडर-11, अंडर-14 और अंडर-17 वर्गों में हिस्सा लेंगे। उत्सव में कबड्डी, सॉफ्टबॉल थ्रो, बच्चों की भाला फेंक, दौड़, साइकिलिंग, खो-खो, शतरंज, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। इसके अलावा खेल प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया जाएगा।

क्रिकेट : टीम इंडिया की कमान श्रेयस और हरमनप्रीत के हाथ

एशियाई खेल में आज जापान से होगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले सप्ताह दुबई में रिकॉर्ड आठवीं बार महिला टी20 एशिया कप जीतने के बाद गत चैंपियन और प्रबल दावेदार भारतीय क्रिकेट टीम आज को यहां एशियाई खेलों में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत क्वार्टरफाइनल में मेजबान जापान के खिलाफ करेगी। महिला स्पर्धा में आठ टीम हिस्सा ले रही हैं और प्रतियोगिता सीधे क्वार्टरफाइनल से शुरू होगी। इसका मतलब है कि किसी भी टीम को टूर्नामेंट में परिस्थितियों के अनुरूप ढलने के लिए ग्रुप चरण के मुकाबले नहीं मिलेंगे और एक हार अभियान को समाप्त करने के लिए काफी होगी। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे शुरू होगा।

इस बार जापान में होने वाले एशियाई खेलों में 17 सितंबर से क्रिकेट के मैच प्रारंभ हुए। महिला टूर्नामेंट का फाइनल 22 सितंबर को और पुरुष टूर्नामेंट का समापन 3 अक्टूबर को होगा। भारत ने पुरुष और महिला वर्गों में 2022 के पिछले हांगझोऊ खेलों में स्वर्ण जीते थे। ऐसे में इस संस्करण में भारतीय टीम अपना प्रदर्शन दोहराना चाहेगी। भारतीय टीम 18 सितंबर को अपने क्वार्टर फाइनल में मेजबान जापानी टीम से भिड़ेगी।

पुरुष वर्ग में ये 10 टीमें लेंगी हिस्सा

पुरुष वर्ग में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सबसे कम रैंकिंग वाली 6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में अफगानिस्तान, जापान और नेपाल हैं, जबकि ग्रुप-बी में हांगकांग, मलेशिया और ओमान शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष-2 टीमें क्वार्टर-फाइनल में पहुंचेंगी, जहां वे सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए सीडेड टीमों का सामना करेंगी। भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान सीडेड टीमें हैं, जो सीधे क्वार्टर फाइनल में खेलेंगी।

क्वार्टर-फाइनल में जापान से भिड़ेगी भारतीय महिला टीम

महिला क्रिकेट के क्वार्टर-फाइनल में भारत का मुकाबला जापान से होगा। अन्य मैचों में बांग्लादेश बनाम चीन, श्रीलंका बनाम मलेशिया और पाकिस्तान बनाम थाईलैंड के मुकाबले शामिल हैं।

सेमीफाइनल में इनके बीच होगा मुकाबला : भारत और जापान की विजेता टीम का मुकाबला बांग्लादेश या चीन से होगा और इसी तरह श्रीलंका बनाम मलेशिया के विजेता का मुकाबला पाकिस्तान/थाईलैंड से होगा। इसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे और अंत में स्वर्ण पदक के लिए फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

हाइब्रिड पिच पर होंगे सभी मैच : एशियाई खेलों के सभी मैच निशिन क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे। इस मैदान ने हाल ही में हुए ईस्ट एशिया-पैसिफिक टी-20 विश्व कप सब-रीजनल क्वालिफायर के दौरान जरूरी सभी शर्तें पूरी कीं थी। यह टूर्नामेंट आने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के तौर पर था। बता दें कि हाइब्रिड पिच पर ये मुकाबले होने हैं।

ऐसी हैं भारत की पुरुष और महिला टीमें

पुरुष टीम : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, विप्रज निगम (अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई), रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, यश ठाकुर, अर्शदीप सिंह और वैभव सूर्यवंशी।

महिला टीम: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कामलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, और नंदनी शर्मा।

पुरुष और महिला टीमों का शेड्यूल

भारतीय पुरुष टीम 28 सितंबर को अपने ग्रुप मुकाबले में ए2 (ग्रुप-ए की दूसरी सबसे बेहतर टीम) से भिड़ेगी। इसके बाद 1 अक्टूबर को दोनों सेमीफाइनल और फिर 3 अक्टूबर को फाइनल मैच खेला जाएगा। दूसरी तरफ महिला वर्ग के दोनों सेमीफाइनल मैच 20 सितंबर को और फाइनल मुकाबला 22 अक्टूबर को होना है। भारतीय टीम 18 सितंबर को अपने क्वार्टर फाइनल में मेजबान जापानी टीम से भिड़ेगी।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

श्रीलंका के दिनुशा ने अगस्त के लिए जीता पुरस्कार

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अगस्त महीने के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम के सोनल दिनुशा को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। उन्होंने पिछले महीने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया था। उन्होंने इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन और बांग्लादेश के हसन महमूद को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार हासिल किया। दूसरी तरफ महिलाओं के वर्ग में लुसी बार्नेट ने ये सम्मान हासिल किया।

सोनल दिनुशा ने खुशी की व्यक्त

अपनी इस नई कामयाबी के बारे में बात करते हुए दिनुशा ने कहा, यह पुरस्कार मेरे लिए बहुत मायने रखता है, खासकर मेरे करियर की शुरुआत में ही। मैं इस सम्मान के लिए आईसीसी का सचमुच आभारी हूं। भारत के खिलाफ खेली गई यह सीरीज हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। 3 शतक लगाना एक सपना सच होने जैसा था, और कोलंबो व गाले में अपने घरेलू दर्शकों के सामने इन्हें हासिल करने से यह और भी खास हो गया।

दिनुशा ने भारत के खिलाफ किया था कमाल

दिनुशा ने पहले टेस्ट में 100 और 84 रन के स्कोर किए थे। इसके बाद गॉल टेस्ट की अपनी पहली पारी में 103 रन और दूसरी पारी में नाबाद 133 रन बनाए थे। उन्होंने भारत के खिलाफ हुई घरेलू सीरीज में कुल 4 पारियों के 140.00 की औसत के साथ 420 रन बनाए थे। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने वो सीरीज 1-0 से जीती थी। दिनुशा ने दूसरे गॉल टेस्ट को ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई थी।

दिनुशा ने बनाए थे ये रिकॉर्ड्स: दिनुशा तीसरे ऐसे श्रीलंकाई बल्लेबाज बने थे, जिन्होंने 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की अपनी चारों पारियों में 50+ रन बनाए थे। उनसे पहले पूर्व दिग्गज कुमार संगाकारा (बनाम बांग्लादेश, 2013 और बनाम इंग्लैंड, 2014) और दिमुथ करुणारत्ने (बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2018) ऐसा कर चुके थे। दिनुशा भारत के खिलाफ टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले तीसरे श्रीलंकाई बने।

एशियाड महिला क्रिकेट

बांग्लादेश खेले बिना सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने थाईलैंड को हराया

एजेंसी ▶▶| नागोया

बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम मैदान पर उतरे बिना ही एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि पाकिस्तान को थाईलैंड जैसी कमजोर टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने में काफी पसीना बहाना पड़ा। बांग्लादेश अपनी ऊंची अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के कारण अंतिम चार में पहुंचा जब चीन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला बृहस्पतिवार को गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया। आइची प्रांत के खूबसूरत निशिन शहर में कारोगी स्पोटर्स पार्क में होने वाले इस टी20 मुकाबले में टॉस भी नहीं हो सका। बांग्लादेश आईसीसी टी20 रैंकिंग में 10वें और चीन 36वें स्थान पर है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम आठ टीमों की स्पर्धा में पिछली चैम्पियन है।

पाकिस्तान को मिला था 92 रन का लक्ष्य

वहीं पाकिस्तान ने थाईलैंड से मिले 92 रन के लक्ष्य के जवाब में तीन विकेट से जीत दर्ज की। बारिश के कारण मैच कम ओवरों का कर दिया गया था। बांग्लादेश का सामना भारत और जापान के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। यह मुकाबला शुक्रवार को होगा जबकि सेमीफाइनल 20 सितंबर को होना है। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को श्रीलंका और मलेशिया के बीच मुकाबले के विजेता से खेलेगी।

ऐसा रहा पाकिस्तान व थाईलैंड का मुकाबला

पाकिस्तान और थाईलैंड का मुकाबला गीली आउटफील्ड के कारण देर से शुरू हुआ और इसे घटाकर 11 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने वाली थाईलैंड की टीम ने चार विकेट पर 91 रन बनाये। उसकी विकेटकीपर और तीसरे नंबर की बल्लेबाज एन कोंचारोएनकाइ ने 38 गेंद में 49 रन बनाये। जवाब में पाकिस्तान के लिये शावाल जुल्फिकार (25) और फातिमा सना (21) ही उल्लेखनीय पारियां खेल सकी जबकि बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। थाईलैंड के लिये आफ स्पिनर ओनिचा कामचोम्फू ने तीन और सुनिदा सी ने दो विकेट लिये।

सर्फिंग : भारत के फ्रांसीसी कोच रेबूल की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के फ्रांसीसी सर्फिंग कोच समाई रेबूल का मानना है कि एशियाई खेलों में सर्फिंग में भारत के ऐतिहासिक पदार्पण को 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के सर्वोच्च लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाना चाहिए।

पूर्व सर्फर और प्रशिक्षित कोच रेबूल 2024 से भारतीय राष्ट्रीय टीम के साथ काम कर रहे हैं। वह आगामी आइची-नागोया एशियाई खेलों की तैयारी के लिए महाबलीपुरम में चार सदस्यीय भारतीय टीम को प्रशिक्षण दे रहे हैं जहां सर्फिंग खेल पहली बार एशियाई खेलों का हिस्सा होगा।

भारत शॉर्टबोर्ड में 4 खिलाड़ी उतारेगा

भारत शॉर्टबोर्ड स्पर्धा में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ियों को उतारेगा। किशोर कुमार और शिवराज बाबू पुरुष वर्ग में जबकि कमली मूर्ति और शुगर शांति बनारसे महिला वर्ग में हिस्सा लेंगी। एशियाई खेल 2028 ओलंपिक के लिए कोटा स्थान भी प्रदान करेंगे जिससे भारतीय खिलाड़ियों के लिए इस खेल के सबसे बड़े मंच तक पहुंचने का रास्ता खुल सकता है।

बीसीसीआई का बड़ा फैसला : भारत में ही होगी आईपीएल 2027 की नीलामी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले कुछ सालों में इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी विदेशों में हुई हैं, लेकिन अब इस सिलसिले में विराम लगने वाला है। ऐसी खबर है कि आईपीएल 2027 की नीलामी भारत में ही होने वाली है। बीते दिनों आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद ये खबर सामने आई है। बता दें कि आखिरी बार भारत में 2023 में (कोच्चि) नीलामी का आयोजन हुआ था। आईपीएल 2027 की नीलामी के लिए स्थल का अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है। शहर का चयन फ्रैंचाइजी और उनके प्रतिनिधिमंडलों के लिए होटल तथा अन्य सुविधाओं की उपलब्धता को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

बड़ी नीलामी फिर से विदेश में होगी

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल बीसीसीआई ने छोटी नीलामी के लिए भारत को ही चुना है। दिलचस्प रूप से इस छोटी नीलामी के बाद अगले साल होने वाली बड़ी नीलामी फिर से विदेश में हो सकती है। पिछले कुछ सालों में दुबई, जेद्दा और अबू धाबी में आईपीएल की नीलामी हुई थी। पिछले साल 2026 सीजन के लिए छोटी नीलामी का आयोजन अबू धाबी के एतिहाद एरिना में किया गया था।

वनडे में एक-दूसरे के खिलाफ दोनों टीमें 27 सितंबर से होंगी आमने-सामने

वनडे में भारत अब तक रहा वेस्टइंडीज पर हावी, 142 मुकाबलों में 72 जीते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच 27 सितंबर से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है। दोनों टीमों के बीच आखिरी वनडे सीरीज साल 2023 में खेली गई थी। उस सीरीज को भारतीय टीम ने 2-1 से अपने नाम किया था। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत आगामी सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक बार फिर उम्दा प्रदर्शन करना चाहेगी।

वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का पलड़ा रहा है भारी

वनडे क्रिकेट के इतिहास में दोनों टीमों के बीच अब तक 142 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 72 मैच जीते हैं। वहीं, वेस्टइंडीज को 64 मुकाबलों में जीत मिली है। 4 मैच बेनतीजा रहे हैं, जबकि 2 मुकाबले टाई पर समाप्त हुए हैं। दोनों टीमों के बीच हुए आखिरी 5 वनडे मुकाबलों में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। उसे 4 मैचों में जीत मिली है, जबकि वेस्टइंडीज सिर्फ एक मुकाबला जीत पाई है।

साल 2002 से भारत में कोई वनडे सीरीज नहीं जीती वेस्टइंडीज

दोनों टीमें कुल 24 द्विपक्षीय वनडे सीरीज में आमने-सामने हुई हैं। इनमें से 16 सीरीज भारतीय टीम ने जीती हैं, जबकि 8 सीरीज वेस्टइंडीज ने अपने नाम की हैं। दोनों टीमों के बीच एक भी वनडे सीरीज ड्रॉ नहीं रही। भारत में दोनों टीमों के बीच 13 वनडे सीरीज खेली गई हैं। भारतीय टीम ने 9 सीरीज जीती हैं, जबकि वेस्टइंडीज को 4 में जीत मिली है। वेस्टइंडीज ने आखिरी बार भारत में साल 2002 में वनडे सीरीज जीती थी।

विराट-रोहित सहित इनका रहा उम्दा प्रदर्शन

वेस्टइंडीज के खिलाफ सर्वाधिक रन वाले भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हैं। उन्होंने इस टीम के विरुद्ध 41 पारियों में 66.05 की औसत के साथ 2,261 रन (शतक- 9) बनाए हैं। रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध 35 पारियों में 57.6 की औसत से 1,613 रन (शतक-3) बनाए हैं। गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने 32 मैचों में 29.88 की औसत से 44 विकेट लिए हैं।

कोने-कोने में दिखेगी सनातन की झलक



15 एकड़ जमीन, 180 घर, अमेरिका में बन रहा वैदिक गांव

वॉशिंगटन। अमेरिका के गांवों में रहने वाले लोग अकेलेपन से जूझते हैं। पड़ोसियों से अनजान रहते हैं, फास्ट लाइफ, अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड और पश्चिमी लाइफ स्टाइल से जुड़ी बीमारियों से परेशान हैं। ऐसे में वो भारतीय गांवों की जीवनशैली के मुताबिक जीवन जीना चाहते हैं। अमेरिका में इसी संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए वैदिक विलेज बनाया जा रहा है। यह वैदिक विलेज अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना के विंस्टन स्लेम शहर में बनाया जाना है। 215 एकड़ की सोसाइटी होगी, जिसमें 180 घर होंगे। गांव के बीच में एक मंदिर होगा। मंदिर की आरती-शंख और घंटियों की ध्वनि से सुबह की शुरुआत होगी। अमेरिका में यह वैदिक विलेज भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश बुचीरेड्डी बसा रहे हैं। बुचीरेड्डी तेलंगाना की प्रकृति की गोद में पले-बढ़े हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी लाइफ स्टाइल को छोड़कर वो भारतीय गांवों के जैसा सुकून खोजना चाहते हैं। यह वैदिक विलेज 2028 के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा।

सोसाइटी की इमारतों के नाम संस्कृत में

सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि 215 एकड़ में बस रही सोसाइटी की इमारतों के नाम संस्कृत भाषा से लिए गए हैं। 110 घर तो मार्च 2026 में ही बुक हो गए थे। हर घर के सामने खेत होगा. हरियाली, खेती और मनोरंजन के साधन मौजूद होंगे। नॉर्थ कैरोलिना के विंस्टन स्लेम में बस रही सोसयटी का पूर प्रोजेक्ट करीब 717 करोड़ रुपए का है।

जॉर्जिया में बसेगा 'वृंदावनम'

नॉर्थ कैरोलिना के विंस्टन स्लेम शहर में वैदिक विलेज का प्रोजेक्ट सफल होने के बाद अब जॉर्जिया में वृंदावनम और टेनेसी में 'वानप्रस्थ' जैसे गांव बसाए जाने है। वानप्रस्थ गांव रिटायर्ड लोगों के लिए होगा. भारतीय संस्कृति के अनुरूप ही इसे बसाया जाएगा। इन वैदिक विलेज में लोग जमीनें खरीद रहे हैं। इन गांवों में अमेरिका के गांवों की सुविधाएं तो होंगी, लेकिन ये भारतीयता का अहसास कराएंगे। फास्ट फूड इन वैदिक गांवों में बैन होंगे। लोग मंदिरों में पूजा-पाठ करेंगे। आते-जाते लोगों से मेल-मुलाकात करेंगे. साथ में बैठकर चाय पीएंगे।

रोचक खबरें

बुजुर्ग महिला ने ब्यूटी सैलून में लुटा दी जीवनभर की कमाई!

बीजिंग। जवानी और खूबसूरती बनाए रखने का क्रेज किस हद तक जा सकता है, इसकी एक हैरान करने वाली दास्तान चीन से सामने आई है। जहां एक 75 साल की बुजुर्ग महिला ने अपनी जिंदगीभर की कमाई यानी करीब 4 करोड़ रुपए

सिर्फ ब्यूटी ट्रीटमेंट और सैलून के चक्कर में फूंक डाले। जब तक इस बात की भनक परिवार को लगी, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।एक रिपोर्ट के अनुसार, शंघाई की रहने वाली 75 साल की 'यू'सरनेम की एक बुजुर्ग महिला को साल 2016 से एक स्थानीय सैलून और मेडिकल ब्यूटी क्लिनिक जाने की ऐसी लत लगी कि उन्होंने अपनी रिटायरमेंट की सारी सेविंग्स वहां लुटा दी। उन्होंने अपनी स्किन को टाइट रखने, थ्रेड लिफ्टिंग और मालिश जैसी कई कॉस्मेटिक प्रोसीजर पर आंख मूंदकर पैसे खर्च किए। मामला तब खुला जब उनकी बेटी ने घर में पड़े बिल और ट्रीटमेंट के कागजातों की फाइल खंगाली, जिसके बाद पैरों तले जमीन खिसक गई। इस हैरान करने वाले मामले का सबसे बड़ा पहलू यह है कि उस ब्यूटी सैलून ने बुजुर्ग महिला के भोलेपन का जमकर फायदा उठाया। बिलिंग रिकॉर्ड के मुताबिक, सैलून ने सामान्य बाजार दरों से 10 से 20 गुना ज्यादा कीमतें वसूलीं। सिर्फ एक बार के लिप टैटू सेशन के लिए महिला से 39,800 युआन (करीब 5.7 लाख रुपए) वसूले गए, जो कि आम कीमत से कई गुना ज्यादा था।

चीन की जासूस रोबोटोक मछली समंदर में चुपचाप करेगी निगरानी

बीजिंग। चीन ने मछली की तरह दिखने वाला रोबोट बनाया है। यह पानी के भीतर अपने आप तैर सकता है। यह ड्रैगन के बायोमिमेटक रोबोटिक सिस्टम के बढ़ते विकास को दर्शाता है। इनका इस्तेमाल पानी के नीचे निगरानी के लिए किया जा सकता है। यह रोबोट देखने में बिल्कुल असली मछली की तरह है, जिसका नाम फुलडेप्थ है। कंपनी ने इस मछली रोबोट को अंडरवॉटर दूर से संचालित वाहन बताया है। देखने में यह रोबोटिक मछली असल में जिंदा अरोवाना यानी ड्रैगन फिश की तरह लगती है। दरअसल, अरोवाना एक महंगी और एक्वेरियम में रखने व काफी देखभाल करने वाली मछली होती है। इस रोबोटिक मछली की लंबाई 69 सेंटीमीटर और ऊंचाई 20 सेंटीमीटर है। इसका वजन 3.8 किलोग्राम है। रोबोटिक मछली का पूरा शरीर मुलायम और लचीला है। इस मछली को सिलिकॉन से तैयार किया गया है। इसमें इंटीग्रटेड मोल्डिंग और मैटेलिक कोटिंग की गई है।

आंसू की बूंद जैसा दिखता है बंगाराम आइलैंड पानी में रात को चमकते हैं नीले 'तारे'

नई दिल्ली। इंडियन ट्रैवल फिल्ममेकर कनिष्क गुप्ता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 52 सेकंड का एक ऐसा वीडियो शेयर किया है, जिसे देखकर आप मालदीव भूल जाएंगे। यह वीडियो 'आंसू की बूंद' जैसे दिखने वाले लक्षद्वीप के बंगाराम आइलैंड का है। कनिष्क बताते हैं कि यहां समंदर का

पानी इतना साफ है कि ऊपर तैरती नावों की परछाई सीधे पानी के तल पर नजर आती है। सफेद रेत और नीले लैगून के किनारे टहलते हुए ऐसा लगता है मानो आप किसी सपने की दुनिया में आ गए हों। चूंकि इस आइलैंड पर कोई आम आबादी नहीं रहती, इसलिए इसकी प्राकृतिक खूबसूरती आज भी बिल्कुल बेदाग और अछूती है। कनिष्क का कहना है कि दिन में कांच की तरह चमकने वाला बंगाराम का समंदर, रात होते ही किसी जादुई दुनिया में बदल जाता है। सूरज ढलते ही यहां के पानी में 'बायोलुमिनेसेंस' का खेल शुरू हो जाता है। जैसे ही लहरें किनारे से टकराती हैं या पानी में कोई हलचल होती है, तो 'डिनोफ्लैगलेट्स' नाम के सूक्ष्म समुद्री जीव सेल्फ-डिफेंस में अपने शरीर से नीली रोशनी पैदा करते हैं। जब आप इसे हाथों से उठाते हैं तो बिल्कुल ऐसा लगता है जैसे आपकी हथेलियों पर नीले रंग के छोटे-छोटे तारे टिमटिमा रहे हों।

क्यों नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़? नई स्टडी में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

काठमांडु। नेपाल में अगस्त 2026 आखिरी में आई विनाशकारी बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। लैंगटांग लिरंग पर्वत पर करीब दो वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली चट्टानी दीवार और ग्लेशियर का एक बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर ढह गया, जिसके कारण तेजी से मलबे वाली बाढ़ आ गई। इससे निचले इलाके में भारी तबाही मची। इस भयानक हादसे में 1400 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों लोग अभी भी लापता है। विश्व मौसम एट्रिब्यूशन समूह के वैज्ञानिकों ने गुरुवार को जानकारी दी कि जलवायु परिवर्तन की इस आपदा में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आखिर क्या हुआ था?

26 अगस्त को लैंगटांग लिरंग पहाड़ के उत्तर में लगभग 5150 मीटर ऊंचाई पर चट्टान की दीवार और ऊपर ग्लेशियर ढह गया। घाटी में लाखों टन चट्टान और बर्फ गिरी। टक्कर इतनी भयानक थी कि यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने इसे 5.2 मैग्नीट्यूड के भूकंप के बराबर ऊर्जा वाला कहा था। पहले लोगों को लगा कि भूकंप है, लेकिन बाद में जानकारी सामने आई कि इसके ढहने से भूकंपीय संकेत पैदा हुए। नदी में मलबा गिरने से अस्थाई बांध बन गया और फिर टूट गया। इससे विनाशकारी बाढ़, जो औसतन 188 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से नीचे आई। बाढ़ में नेपाल और तिब्बत के कई इलाकों में घर, सड़कें और बिजली संयंत्र तबाह हो गए।

कैसे जलवायु परिवर्तन ने की मदद

विश्व मौसम एट्रिब्यूशन के अध्ययन के मुताबिक, अगस्त में हिमालय इलाके का औसत तापमान सामान्य से करीब 5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। जुलाई और अगस्त रिकॉर्ड में सबसे अधिक गर्म रहे हैं। बीते अक्टूबर-नवंबर में असामान्य बर्फबारी हुई थी। तापमान बढ़ने पर बर्फ पिघली और ज्यादा पानी बना। इसने दबाव को बढ़ा दिया। साल 2000 से हर वर्ष करीब आधा मीटर ग्लेशियर पतले हो रहे हैं, जिससे तनाव बढ़ा और पर्माफ्रॉस्ट पिघलने से चट्टान की दीवार कमजोर हो गई।

कैसे आई विनाशकारी बाढ़?

इस बाढ़ के लिए प्राकृतिक और इंसान दोने जिम्मेदार हैं। गर्म तापमान से चट्टानें कमजोर होती हैं। इससे लंबे समय तक की स्थिरता कम होती है। इसके अलावा दरारों में भरी बर्फ पिघलती है, तो जोड़ने की शक्ति कम होती है और दरारें खुलने लगती हैं। ग्लेशियर की बर्फ कम होने पर चट्टान की दीवार को मिलने वाला सहारा हट जाता और तनाव का क्षेत्र बदल जाता है। ज्यादा बर्फ पिघलने पर पानी दरारों में घुसता है, जिससे छिद्र दबाव बढ़ता है और घर्षण कम होता है। ज्यादा बारिश होने पर ग्लेशियर और चट्टान की दीवार में पानी की मात्रा बढ़ जाती है। इससे छिद्र दबाव बढ़ाती है और संभावित रूप से विफलता को ट्रिगर कर सकती है।

नासा का सबसे ताकतवर टेलीस्कोप एक्टिव 300 एमपी की 'आंख' से करेगा निगरानी

वॉशिंगटन। नासा ने 300 मेगापिक्सल के सुपर टेलीस्कोप को स्पेस में एक्टिव कर दिया है। पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर स्थित यह बहुत ही शक्तिशाली कैमरा डार्क मैटर और दूसरे ग्रहों से जुड़े राज से पर्दा उठा सकता है। नासा ने अपने अब तक के सबसे एडवांस्ड और ताकतवर स्पेस टेलीस्कोप की 300 मेगापिक्सल वाली विशाल आंखें अंतरिक्ष में खोल दी हैं. यह सिर्फ एक कैमरा नहीं है, बल्कि ब्रह्मांड के इतिहास, डार्क मैटर, डार्क एनर्जी और दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश का एक ऐसा जरिया है जो विज्ञान की दुनिया में तहलका मचाने वाला है।

अंतरिक्ष के छिपे राज आएंगे सामने

नासा के नैंसी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप ने स्पेस की ओर अपनी 300 मेगापिक्सल वाली विशाल आंख खोल दी है। नासा ने इसके प्राइमरी साइंस इंस्ट्रूमेंट यानी वाइड फील्ड इंस्ट्रूमेंट को सफलतापूर्वक एक्टिव कर दिया है। यह एक विशाल इंफ्रारेड कैमरा है और रोमन टेलीस्कोप का वैज्ञानिक उपकरण है। इसके जरिए वैज्ञानिक अंतरिक्ष के बहुत बडे हिस्से पर रिसर्च कर सकेंगे। इस बीच इंजीनियरों ने इसके दूसरे जरूरी हिस्से कोरोनाग्राफ की भी शुरुआती जांच पूरी कर ली है। यह उपकरण दूसरे तारों के आसपास मौजूद ग्रहों की तस्वीर लेने में मदद करेगा।

करीब 15 लाख किलोमीटर दूर पहुंचेगा रोमन

रोमन टेलीस्कोप इस समय करीब तीन महीने की यात्रा पर है। इसे सूर्य और पृथ्वी के बीच मौजूद दूसरे सन-अर्थ लैग्रेंज पॉइंट यानी L2 तक पहुंचना है। यह जगह पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है। यहां से टेलीस्कोप को अंतरिक्ष का काफी साफ और बिना रुकावट वाला नजारा मिल सकेगा।

क्यों खास है रोमन टेलीस्कोप?

इस टेलीस्कोप का वाइड फील्ड कैमरा एक ही बार में चांद के आकार से भी बड़े हिस्से की तस्वीर ले सकता है। यह टेलीस्कोप हबल स्पेस टेलीस्कोप की तुलना में कम से कम 100 गुना बड़े क्षेत्र को कवर करेगा और आसमान का सर्वे उससे 1,000 गुना ज्यादा तेजी से कर पाएगा। यह इंफ्रारेड लाइट की मदद से डार्क एनर्जी, डार्क मैटर और आकाशगंगाओं के बनने की प्रक्रिया का रिसर्च करेगा। साथ ही, हमारे सौर मंडल के बाहर नए ग्रहों की खोज में भी मदद करेगा।

2027 की शुरुआत में तस्वीरें मिलने की उम्मीद

नासा के मुताबिक, इस टेलीस्कोप की पहली वैज्ञानिक तस्वीरें साल 2027 की शुरुआत में मिलने की उम्मीद है। फिलहाल अगले कुछ महीनों तक इसकी कैलिब्रेशन और टेस्टिंग का काम चलेगा, जिसके बाद यह ब्रह्मांड के कई अनसुने रहस्यों से पर्दा उठाना शुरू करेगा. तो अगर आप भी अंतरिक्ष की दुनिया, तारों, आकाशगंगाओं और दूसरे ग्रहों पर एलियन लाइफ या नई दुनिया की खोज में दिलचस्पी रखते हैं, तो नासा के इस प्रयास से सामने आने वाली तस्वीरें आपको हैरान कर सकती हैं।

5 हजार साल पुरानी कांस्य थाली आज भी करती है कमाल?

बाड़मेर। राजस्थान के बाड़मेर में 5000 साल पुरानी कांस्य थाली पद्धति से हाथ-पैरों के दर्द और थकान का अचूक इलाज हो रहा है। बाड़मेर के अंकित कुमार तांबा, जिंक और टिन से बनी थाली व प्राकृतिक तेल का इस्तेमाल कर पैरों की मालिश करते हैं। 10 मिनट की इस मालिश में एक्यूप्रेशर तकनीक का उपयोग होता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। यह मालिश शरीर के विषैले तत्वों को बाहर निकालकर डिटॉक्स करती है, जिससे बिना किसी दवाई के दर्द से तुरंत राहत मिल रही है। भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित राजस्थान के बाड़मेर जिले में इन दिनों एक बेहद प्राचीन और अनोखी प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। हजारों साल पुरानी यह तकनीक बिना किसी अंग्रेजी दवाई के लोगों के हाथ-पैरों के दर्द और थकान को छूमंतर कर रही है।

बाड़मेर में 10 मिनट की इस मालिश की खूब चर्चा

क्या है कांस्य थाली पद्धति

इस प्राचीन पद्धति में इस्तेमाल होने वाली थाली विशेष रूप से तांबा, जिंक और टिन के खास मिश्रण से बनाई जाती है। मालिश की प्रक्रिया भी बेहद अनोखी है। इस तकनीक में मरीज के पैरों के तलवों पर अच्छी तरह से सरसों का तेल, तिल का तेल या फिर शुद्ध देसी घी लगाया जाता है। इसके बाद पैरों को कांस्य की थाली पर रखा जाता है। एक विशेष मशीन की मदद से थाली को घुमाया जाता है। स्विच चालू करते ही थाली घूमनी शुरू हो जाती है और पैरों के तलवों की विशेष तरीके से मालिश होती है।

3 साल की बच्ची ने वो कर दिखाया, जिसे करने में लोगों की बीत जाती है उम्र

वॉशिंगटन। अमेरिका में रहने वाली 3 साल की बच्ची ने दुनिया के सभी डिज्नी थीम पार्क घूमकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। 14 सितंबर को गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने खुद अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स से यह जानकारी शेयर करते हुए इसकी पुष्टि की है। पोस्ट के मुताबिक, इस अनोखे रिकॉर्ड को बनाते वक्त बूट्सी डैरिंगटन की उम्र महज 3 साल और 139 दिन थी।

पेरिस में मिला गिनीज सम्मान

डिज्नीलैंड पेरिस की रतातुई थीम वाली खूबसूरत गलियों से होते हुए इस सफर का अंत एक शानदार जश्न के साथ हुआ। वहां गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अधिकारी विलियम सिंडेन मौजूद थे, जिन्होंने आधिकारिक तौर पर बूट्सी को सबसे कम उम्र की चैंपियन घोषित किया। बूट्सी की मां जेस ने खुशी जताते हुए कहा कि अपनी बेटी को सभी 12 पार्क्स का अनुभव करते और अपने भाई के साथ प्यारी यादें बनाते देखना उनके लिए सबसे खास पल था। वहीं, अधिकारी विलियम ने भी इस पल को शानदार बताते हुए उम्मीद जताई कि यह परिवार अपने इस मजेदार एडवेंचर को हमेशा एक सुनहरी याद की तरह संजो कर रखेगा।

जापान से शुरू हुआ सफर पेरिस में मिली मंजिल

गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक, बूट्सी ने अपने एडवेंचर की शुरुआत मार्च 2024 में की थी। उस वक्त उनकी उम्र मात्र 11 महीने ही थी। तब उन्होंने अपना पहला पार्क जापान का डिज्नी सी टोक्यो घूमा था। वहां से शुरू होकर यह सफर 3 महाद्वीपों और 4 अलग-अलग देशों से गुजरा। कैलिफोर्निया और फ्लोरिडा के फेमस पार्क्स में खूब मस्ती करने के बाद, उनका यह वर्ल्ड रिकॉर्ड वाला टूर फ्रांस के डिज्नीलैंड पेरिस में जाकर पूरा हुआ।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com